शुक्रवार, 12 जून 2026

**मौसम**

तापमान 27 – 33
आर्द्रता 78%
सूर्योदयः 04:51 सूर्यास्तः 18:21

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** रोटी पाने के लिए दौड़ना पड़ता है और पचाने के लिए भी दौड़ना पड़ता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।






# विकसित भारत के लिए केंद्र-राज्य मिलकर करें काम : मोदी

## निवेश बढ़ाने के लिए व्यापार में आसानी और पारदर्शिता पर जोर

### एआई, डेटा सेंटर और एमएसएमई को बताया विकास का आधार



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए केंद्र और राज्यों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' का दृष्टिकोण हर राज्य, जिले, प्रखंड और गांव का सामूहिक संकल्प बनना चाहिए। मोदी ने नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह भी कहा कि सभी राज्यों के विकसित हुए बिना देश 'विकसित भारत' नहीं बन सकता। उन्होंने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम की तरह 100 जिलों की पहचान करने को कहा। साथ ही, उन्होंने निवेश आकर्षित करने के लिए कारोबार सुगमता और शिकायतों के तेजी से निपटान की जरूरत बतायी। प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक अनिश्चितता और अस्थिरता के बीच जब कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अनिश्चितता और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं, भारत की वृद्धि गाथा दुनिया को प्रेरित कर रही है। मोदी ने राज्यों से यह भी कहा कि वे कृत्रिम मेधा के मौकों और साइबर धोखाधड़ी और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग जैसी उभरती सामाजिक चुनौतियों से निपटने के उपायों के बीच संतुलन बनाए रखें। साथ ही, उन्होंने अल–नीनो की स्थितियों से जुड़े खतरों के प्रति आगाह किया और जल संरक्षण के लिए और मजबूत उपाय करने का आह्वान किया। सहकारी संघवाद के महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए केंद्र और राज्यों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा, विकसित भारत' का दृष्टिकोण हर राज्य, जिले, प्रखंड और गांव का सामूहिक संकल्प बनना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भरता की दिशा में देश के संकल्प को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया और विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनाई जाने वाली सबसे अच्छी गतिविधियों को अपनाने और लागू करने की बात कही। प्रधानमंत्री ने कई देशों के साथ भारत के हाल के व्यापार समझौतों का जिक्र करते हुए राज्यों से युवाओं और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए मौके बनाने और संबंधित लोगों को इन समझौतों से मिलने वाले लाभ का सही इस्तेमाल करने के लिए तैयार करने को कहा। उन्होंने राज्यों से भागीदार देशों से निवेश आकर्षित करने के लिए सक्रिय रूप से काम करने का भी आग्रह किया। उन्होंने निवेश आकर्षित करने के लिए अच्छी शासन व्यवस्था, पारदर्शिता और बुनियादी ढांचे के महत्व का जिक्र करते हुए राज्यों से ब्रांडिंग, कारोबार सुगमता के साथ डेटा सेंटर तथा कृत्रिम मेधा जैसे उभरते क्षेत्रों में मौकों पर ध्यान देने का आग्रह किया।

# भारत निर्मित पहले सी–295 सैन्य परिवहन विमान का सफल परीक्षण



**नयी दिल्ली :** भारत में निर्मित पहले सी–295 सैन्य परिवहन विमान ने सफलतापूर्वक अपनी पहली परीक्षण उड़ान पूरी की। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने यह जानकारी दी। भारतीय वायुसेना लगभग 21,935 करोड़ रुपये की लागत से 56 सी–295 परिवहन विमान खरीद रही है। इनमें से 40 विमानों का निर्माण वडोदरा स्थित उत्पादन केंद्र में 'टाटा एडवान्स्ड सिस्टम्स लिमिटेड' द्वारा'एयरबस' के सहयोग से किया जाएगा। भारतीय वायुसेना ने भारत में निर्मित पहले सी–295 विमान की सफल पहली परीक्षण उड़ान के लिए इससे जुड़े पूरे दल को बधाई दी। वायुसेना ने बुधवार को कहा, यह उपलब्धि भारत की बढ़ती एयरोस्पेस क्षमताओं को और मजबूत करती है तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के तहत स्वदेशी रक्षा क्षमता को बढ़ावा देने के प्रति भारतीय वायुसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# गृहिणियां हैं 'राष्ट्र निर्माता' : उच्चतम न्यायालय

## गृहिणी की सेवाओं का न्यूनतम मूल्य 30,000 रुपये प्रतिमाह माना जाए



### बिना वेतन वाले देखभाल कार्य का जीडीपी में 15–17 प्रतिशत योगदान

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने गृहिणियों को "राष्ट्र निर्माता" के रूप में मान्यता दिए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि पत्नी द्वारा घर–परिवार की देखभाल से मिलने वाली सेवाओं की क्षति का मौद्रिक मूल्यांकन कम से कम 30,000 रुपये प्रतिमाह के आधार पर किया जाना चाहिए। मोटर वाहन अधिनियम से जुड़े मामलों पर व्यापक प्रभाव डालने वाले एक फैसले में न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने एक व्यक्ति को उसकी पत्नी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के कारण अतिरिक्त मुआवजा प्रदान करते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, "हमारा यह भी मत है कि गृहिणी व्यक्ति और राष्ट्र, दोनों के विकास में योगदान देती है। गृहिणी राष्ट्र का निर्माण करती है। इसलिए हमने इस संबंध में सिद्धांत निर्धारित किए हैं और गृहिणी को 'राष्ट्र निर्माता' मानते हुए उसकी घरेलू देखभाल संबंधी सेवाओं के नुकसान का मासिक मूल्य किसी भी स्थिति में न्यूनतम 30,000 रुपये निर्धारित किया है।" मृत गृहिणियों के लिए मुआवजे का निर्धारण पहले प्रचलित न्यूनतम मजदूरी के आधार पर काल्पनिक आय तय करके किया जाता था, जिसमें उन्हें कुशल या अकुशल श्रमिकों के समान माना जाता था। शीर्ष अदालत ने कहा कि गृहिणी को परिवार के कमाने वाले सदस्यों पर निर्भर बताना विडंबनापूर्ण है, जबकि वास्तव में परिवार का संचालन काफी हद तक गृहिणी पर निर्भर करता है। पीठ ने कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि घर की महिला के योगदान को मान्यता देते हुए भविष्य में 'हाउसवाइफ' या 'होममेकर' (गृहिणी) के लिए 'राष्ट्र निर्माता' शब्द का प्रयोग किया जाएगा।" अदालत ने कहा, "वास्तव में कमाने वाले सदस्य पूरी तरह गृहिणी पर निर्भर होते हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश इस वास्तविकता को वह मान्यता नहीं मिलती जो उसे मिलनी चाहिए। विभिन्न क्षेत्रों में इस दिशा में कुछ हद तक प्रयास हुए हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अभी लंबा रास्ता तय किया जाना बाकी है।" शीर्ष अदालत ने कहा कि महिलाओं का बिना वेतन वाला देखभाल कार्य भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 15 से 17 प्रतिशत का योगदान देने का अनुमान है, फिर भी यह कार्य अवैतनिक ही बना हुआ है और इस कोई मान्यता नहीं मिलती।

### बेरोजगार होने पर भी पिता बच्चों के भरण–पोषण का खर्च देने के लिए जिम्मेदार है

**नागपुर :** मुंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि कोई पिता बेरोजगारी का हवाला देकर अपने नाबालिग बच्चों के भरण–पोषण का खर्च देने से बच नहीं सकता। अदालत ने भरण–पोषण राशि कम करने की एक व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए यह बात कही।उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ के न्यायमूर्ति एम.एम. नारलीकर ने मंगलवार को व्यक्ति द्वारा निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती देने की अर्जी पर ये फैसला दिया, जिसमें उसे अपने दो नाबालिग बच्चों के लिए गुजारा भत्ता के तौर पर हर महीने 4,000 रुपये देने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह अपनी आजीविका के लिए ऑटो–रिक्शा चलाता था, लेकिन तलाक के समय अपनी पत्नी को एकमुश्त रकम देने के लिए उसे वह गाड़ी बेचनी पड़ी। उसने उच्च न्यायालय को बताया कि वह अपने बच्चों के भरण–पोषण के लिए हर महीने 3,000 रुपये देने को तैयार है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा कि कोई व्यक्ति बेरोजगारी का हवाला देकर अपने बच्चों का गुजारा–भत्ता देने से बच नहीं सकता।

# कांचरापाड़ा में एक स्कूल के बंद कमरे से 1.77 करोड़ नकद जब्त, दो गिरफ्तार

### 'बरामद पैंसा एडमिशन फीस का हैं' : बोले प्रिंसिपल



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के कांचरापाड़ा में पुलिस ने एक निजी स्कूल के बंद कमरे से लगभग 1.77 करोड़ रुपये नकद जब्त किये हैं और संस्थान के लेखाकार एवं कैशियर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह जब्ती विशेष गोपनीय सूचना के आधार पर रात भर जारी तलाशी अभियान के दौरान की गई। अधिकारी ने कहा कि नकद राशि जब्त कर ली गई है और इसके स्रोत का पता लगाने के लिए जांच जारी है। हम दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं और संस्थान से जुड़े लोगों से पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा कि लेखाकार अभीक कुमार नाग को हिरासत में लिया गया है और उनसे इस राशि के स्रोत और उन परिस्थितियों के बारे में पूछताछ की जा रही है जिसके तहत इतनी बड़ी राशि स्कूल परिसर में रखी गई थी। उन्होंने बताया कि कमल अधिकारी, गौतम घोष दस्तीदार, अभीक कुमार नाग और सयान नाग के खिलाफ एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोप शामिल हैं। कमल अधिकारी कांचरापाड़ा नगरपालिका के अध्यक्ष हैं और बिजपुर के पूर्व विधायक सुबोध अधिकारी के भाई हैं। छापेमारी के दौरान बंद कमरे से नकदी से भरे आठ पैकेट बरामद किए गए। रात में स्कूल में नोट गिनने वाली तीन मशीनें लाई गईं और गिनती की प्रक्रिया गुरुवार के तड़के तक जारी रही। गिरफ्तार किए गए लेखाकार ने अभी तक इस बात का संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया है कि पैसा कहां से आया या इसे बैंक में जमा करने के बजाय बंद कमरे में क्यों रखा गया था। हालांकि, स्कूल के प्रधानाचार्य विकास चंद्र पाल ने दावा किया कि पैसा संस्थान का है और प्रवेश शुल्क के माध्यम से एकत्र किया गया था। पुलिस ने बताया कि वे स्कूल के रिकॉर्ड और वित्तीय दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि नकदी आधिकारिक तौर पर दर्ज किये गए लेनदेन से मेल खाती है या नहीं।

# हस्ताक्षर जालसाजी मामले में अभिषेक बनर्जी से करीब छह घंटे हुई पूछताछ

## देर रात सीआईडी ऑफिस से निकले, ममता के आवास पहुंचे

### कोर्ट के आदेश के बाद पूछताछ के लिए पहुंचे थे भवानी भवन

### हवाई अड्डे पर लोगों ने टीएमसी सांसद के खिलाफ लगाए 'सिग्नेचर चोर' के नारे



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से विपक्ष के नेता के चयन को लेकर कथित हस्ताक्षर जालसाजी मामले में सीआईडी ने गुरुवार को लगभग छह घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ के बाद वह देर रात सीआईडी मुख्यालय से रवाना हुए और सीधे टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पहुंचे। बता दें कि कलकत्ता उच्च न्यायालय से किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर अंतरिम राहत मिलने के बाद अभिषेक बनर्जी शाम करीब 5:50 बजे सीआईडी मुख्यालय पहुंचे और रात लगभग 11:30 बजे वहां से निकले। मुख्यालय से बाहर निकलते समय अभिषेक बनर्जी ने मीडिया के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। उल्लेखनीय है कि अभिषेक बनर्जी इससे पहले सीआईडी के तीन समन को नजरअंदाज कर चुके थे। उन्होंने बीमारी और उच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका का हवाला देते हुए पेशी से छूट मांगी थी। इस दिन, अभिषेक बनर्जी दिल्ली से गुरुवार की शाम करीब 4:30 बजे कोलकाता लौटे। वह पिछले तीन दिनों से दिल्ली में थे। कोलकाता हवाई अड्डे पर उनके पहुंचने के दौरान अफरा–तफरी का माहौल देखने को मिला। वहां मौजूद लोगों के एक समूह ने उनके खिलाफ 'सिग्नेचर चोर' के नारे लगाए। इसके बाद, अभिषेक बनर्जी अपने कालीघाट स्थित आवास पर करीब 30 मिनट रुके और फिर अदालत द्वारा निर्धारित समय–सीमा से लगभग 10 मिनट पहले कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भवानी भवन स्थित सीआईडी मुख्यालय पहुंचे। बता दें कि उच्च न्यायालय ने टीएमसी सांसद को शाम 6 बजे तक सीआईडी मुख्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

# मोहन भागवत सवार ट्रेन पर पथराव से मची खलबली



**नयी दिल्ली :** लखनऊ से दिल्ली जा रही हाईस्पीड ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस पर गुरुवार शाम मक्खनपुर और फिरोजाबाद रेलवे स्टेशनों के बीच कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया। इस घटना से रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई, क्योंकि इसी ट्रेन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत भी सवार थे। गनीमत यह रही कि इस पथराव में संघ प्रमुख पूरी तरह सुरक्षित हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत शताब्दी एक्सप्रेस के एग्जीक्यूटिव क्लास के ई–1 कोच में यात्रा कर रहे थे। ट्रेन जब मक्खनपुर–फिरोजाबाद के बीच से गुजर रही थी, तभी अचानक बोगी को निशाना बनाकर पत्थर से हमला किया गया। पत्थर सीधे उसी बोगी पर जा लगा जिसमें संघ प्रमुख मौजूद थे, जिससे खिड़की का एक शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, गनीमत यह रही कि मोहन भागवत दूसरी साइड बैठे थे। पत्थर से खिड़की का कांच टूट गया। सुरक्षा और सतर्कता को देखते हुए ट्रेन को बीच रास्ते में कहीं भी रोका नहीं गया और उसे सीधे आगे के लिए रवाना रखा गया।

### दिल्ली में भारत, बांग्लादेश महानिदेशक स्तर की सीमा वार्ता संपन्न

**नयी दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को यहां अपनी चार दिवसीय महानिदेशक स्तर की सीमा वार्ता संपन्न की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वार्ता में, बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों और भारतीय नागरिकों पर हमले तथा सीमा पर लगी बाड़ को बांग्लादेशियों द्वारा तोड़े जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। वार्ता का 57वां सत्र बीएसएफ और उसके समकक्ष बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच लोधी रोड स्थित भारतीय अर्धसैनिक बल के मुख्यालय में आयोजित किया गया। इन वार्ता के इतिहास में शायद यह पहली बार है कि चर्चा के संयुक्त दस्तावेज पर हस्ताक्षर होने के बाद, दोनों अर्धसैनिक बलों के महानिदेशकों का पारंपरिक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन नहीं हुआ। खबर लिखे जाने तक, बातचीत के दौरान हुई चर्चा पर प्रेस वक्तव्य जारी नहीं हुआ था। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएसएफ के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने किया, जबकि बांग्लादेशी पक्ष का नेतृत्व बीजीबी के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने किया। अधिकारियों ने बताया कि 8 जून को बीजीबी का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली पहुंचा और उसके बाद शुरू हुई बातचीत बृहस्पतिवार को संपन्न हो गई। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ढाका में इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार गठित होने और पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद, यह पहली बार हुई।

### सामाजिक न्याय पहल का लाभ 11 करोड़ लोगों तक पहुंचा: सरकार

**नयी दिल्ली :** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 साल पूरे होने पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2014 से अब तक उसकी योजनाओं और कार्यक्रमों से 11 करोड़ से अधिक छात्र, वरिष्ठ नागरिक, ट्रांसजेंडर व्यक्ति और हाशिए पर रहने वाले समुदाय लाभान्वित हुए हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने 12 वर्षों की उपलब्धियों की समीक्षा में कहा कि डिजिटल हस्तक्षेप, कानूनी सुरक्षा और लक्षित आजीविका अवसरों के जरिए कल्याण से सशक्तीकरण की ओर बदलाव आया है।

# तीन दिनों में तीन जहाजों पर हमला, 3 भारतीय नाविकों की मौत

### भारत ने जताया ऐतराज

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया संघर्ष की स्थिति बिगड़ने के साथ ही पिछले तीन दिनों में अमेरिकी सेना ने तीन वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया है जिसमें तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई है और पांच दर्जन से ज्यादा भारतीय नाविकों को बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। इन हमलों में एमटी (मोटर इंजन) मारिवेक्स, एमटी सेटेबेलो और एमटी जलवीर शामिल हैं। वैसे इन तीनों में कोई भी भारत में पंजीकृत जहाज नहीं था लेकिन इनमें काम करने वाले तकरीबन सारे नाविक भारतीय ही थे।

एमटी सेटेबेलो पर हुए हमले में तीन भारतीय नाविक डेक कैडेट आदित्य शर्मा, इंजन फिटर शिवानंद चौरसिया और चीफ इंजीनियर पटनाला सुरेश शहीद हो गये हैं। जबकि मारिवेक्स पर 24 भारतीय नाविकों को ओमान सरकार की मदद से सुरक्षित बचाया गया, जबकि जलवीर पर सवार करीब 20 भारतीय नाविक भी सुरक्षित हैं और उनका बचाव देर शाम तक चलने की सूचना है।

इस घटनाक्रम पर भारत ने अमेरिका के साथ अपना कड़ा विरोध जताया है। मंगलवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) ने नई दिल्ली अमेरिकी दूतावास में कार्यकारी राजदूत (चार्ज डी'एफेयर्स) जेसन मीक्स को तलब कर अपनी नाराजगी जताई और इस बारे में अपनी औपचारिक विरोध नोट भी सौंपा।

**विदेश मंत्रालय ने हमलों पर क्या कहा?**

बुधवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमला अमेरिकी नेवी ने किया है। हम अपने समुद्री समुदाय की भलाई और सुरक्षा को बहुत महत्व देते हैं। सेटेबेलो पर हमले के बाद हमने अमेरिकी पक्ष के साथ कड़ा विरोध दर्ज कराया। हमने अमेरिकी चार्ज डी'एफेयर्स (सीएडी) जेसन मीक्स को तलब किया और



उन्हें अपनी गहरी चिंता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमने स्पष्ट कहा कि ऐसे हमले बंद होने चाहिए। संवाद और कूटनीति ही संघर्ष सुलझाने का रास्ता है तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अमेरिकी सीएडी को तलब करने के कुछ ही घंटे बाद अमेरिकी नौ सेना ने फिर से ओमान तट से गुजर रहे जलवीर को निशाना साधा है, जिसका साफ मतलब है कि स्थानीय तौर पर तैनात अमेरिकी सेन्ट्रल कमांड (सेंटकाम) स्वतंत्र तरीके से अपना काम कर रही है और उस तक अमेरिकी दूतावास की कोई पहुंच नहीं है।

असलियत में भारती की तरफ से आधिकारिक तौर पर मारे गये भारतीय नाविकों पर कोई बयान आने से पहले ही अमेरिकी सैन्य कमांड ने ना सिर्फ उक्त पोत पर किये गये हमलों के वीडियो को जारी किया और आरोप लगाया है कि ईरान के खिलाफ लागू नाकेबंदी को तोड़ने की घटना को देखते हुए व ईरानी तेल के ट्रांसपोर्ट को रोकने के लिए हमला किया गया।

**मृतकों के परिवारों को 10–10 लाख की सहायता दी जाएगी**

मृतकों के परिवारों को सीमैन वेलफेयर फंड से 10–10 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि खाड़ी क्षेत्र में अभी भी कई जहाजों में 18,000 से अधिक भारतीय नाविक मौजूद हैं। होर्मुज में अभी भी 13 भारतीय जहाज हैं जिसमें 562 भारतीय नाविक सवार हैं।

**कौन–कौन से ध्वज वाले जहाज पर हुआ हमला?**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया है कि अमेरिका ने जिन तीन जहाजों पर हमला किया है उनमें से दो जहाज पलाउ ध्वज (पंजीकृत) वाले थे, जबकि जलवीर गिनी–बिसाउ ध्वज वाला था। इनमें से दो पर अमेरिकी प्रतिबंध (ओएफएसी–अमेरिकी विदेश मंत्रालय की एजेंसी जो प्रतिबंध लगाती है) लागू थे। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में भी पश्चिम एशिया संकट के दौरान वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया है। सरकार ने सभी जहाज मालिकों और नाविकों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# ट्रंप ने ईरान पर नए हमले की योजना रद्द की

**दुबई :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने ईरान पर नए सैन्य हमले करने की योजना रद्द कर दी है। इससे कुछ घंटे पहले ही उन्होंने हमले तेज करने की धमकी दी थी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने "यह कदम इस आधार पर उठाया है कि ईरान के साथ बातचीत ईरानी नेतृत्व के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच चुकी है और उसे मंजूरी मिल चुकी है।" ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि नाजुक युद्धविराम को बढ़ाने की बातचीत में प्रगति हुई है। उन्होंने पोस्ट किया कि "चर्चाएं और अंतिम बिंदु, दोनों ही अवधारणा और विस्तृत स्तर पर, अमेरिका, इजराइल और अन्य क्षेत्रीय सहयोगियों द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं।" हालांकि उन्होंने इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। पिछले कुछ हफ्तों में ट्रंप कई बार यह दावा कर चुके हैं कि युद्धरत पक्ष किसी समझौते के बेहद करीब हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है।

### ट्रंप ने ईरान के तेल उद्योग पर कब्जा करने की दी धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका ईरान पर "बहुत जोरदार हमला" करेगा और उसके तेल एवं गैस उद्योगों पर पूरी तरह कब्जा कर लेगा। क्षेत्र के देशों के बीच लगातार हो रहे हमलों से पश्चिम एशिया एक बार फिर पूर्ण पैमाने के युद्ध की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में धमकी दी कि अमेरिका आज रात ईरान पर "बहुत जोरदार हमला" करेगा और "बहुत जल्द" ईरान के तेल और गैस उद्योगों–जिनमें भी शामिल है–पर "पूरी तरह से कब्ज़ा" कर लिया जाएगा। ट्रंप ने ईरान के लिए अपनी योजनाओं की तुलना उस स्थिति से की, जब अमेरिका ने जनवरी में वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वहां के तेल सेक्टर पर नियंत्रण कर लिया था।

## बाढ़ से बचाव को अतिरिक्त पानी इस्तेमाल करें

हमारे नीति–नियंता आमतौर पर तब जागते हैं जब समस्या सिर पर आ जाती है। यदि समय रहते तंत्र, सजगता और सतर्कता से आसन्न संकट को महसूस करते हुए तत्काल रणनीति बनाकर कार्रवाई करता है, तो जन–धन की हानि को टाला जा सकता है। निस्संदेह, भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड यानी बीबीएमबी ने पंजाब और हरियाणा को भाखड़ा जलाशय से ज्यादा पानी निकालने की सलाह दी है। निश्चित रूप से इस सलाह को उत्तर भारत क्षेत्र में पानी के प्रबंधन से जुड़ी बढ़ती मुश्किलों के प्रति एक चेतावनी के रूप में देखी जानी चाहिए। निस्संदेह, यह सलाह रोजमर्रा के परिचालन से जुड़ा मामला भी नहीं है। इसे व्यापक संदर्भों में देखें तो लगातार बढ़ती जलवायु की अनिश्चितता, खेती से जुड़े ऐसे तौर–तरीकों, जिनका दीर्घकालीन उपयोग नहीं किया जा सकता है, के बाबत यह सलाह चेताती है। निश्चित रूप से यह सलाह यह भी बताती है कि पंजाब व हरियाणा में पानी के बेहतर उपयोग को लेकर सहमति न बनने से भी इस तरह की स्थितियां पैदा होती हैं। बांध प्रबंधन से जुड़े सूत्र बताते हैं कि भाखड़ा जलाशय का जलस्तर फिलहाल पिछले साल में इसी अवधि के दौरान के जलस्तर के मुकाबले 21 फीट अधिक है। वहीं दूसरी ओर जलाशय के अधिकतम जलस्तर तक पहुंचने में अब सिर्फ 102 फीट की जगह ही बची है। निश्चित रूप से इस दिशा में समय रहते ही अविलंब कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा मानसून के आने के साथ वैकल्पिक उपायों की गुंजाइश भी लगातार कम होती जाती है। जलवायु परिवर्तन के गहरे होते प्रभावों के चलते हिमालयी पर्वत शृंखला में अधिक बर्फ के पिघलने की बढ़ती गति और बारिश के पैटर्न में लगातार आ रहे बदलाव के कारण ही जलाशय के जलस्तर में तेजी से बदलाव आने की आशंका भी बनी रहती है। यही वजह है कि इन तमाम आशंकाओं के मद्देनजर ही अविलंब नीतिगत फैसले लेने की सख्त जरूरत है।

यह विडंबना ही है कि यह चुनौती पंजाब में ऐसे समय में आ रही है, जब धान की रोपाई का मौसम चल रहा है। हालांकि, राज्य में सरकार ने पानी के बेहतर इस्तेमाल के मद्देनजर धान की खेती का कैलेंडर एक जून तक के लिये आगे बढ़ा दिया था। यह भी गौरतलब है कि आज भी पंजाब के बड़े इलाकों में खेती काफी हद तक भूजल पर ही निर्भर है। जिस सीमा तक नहरों के नेटवर्क का अधिकतम उपयोग होना चाहिए था, वह अभी भी नहीं हो पा रहा है। निस्संदेह, जब तक सतही पानी का सही तरीके से बंटवारा नहीं होता है तब तक जलाशयों में ज्यादा पानी जमा करके रखना पड़ेगा। जिसके चलते अचानक आने वाले पानी को संभालने के लिये जरूरी बाढ़ बचाव क्षमता कम हो जाती है। हमें वर्ष 2023 में पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ से मिले सबक को नहीं भूलना चाहिए। तब पानी छोड़ने में कथित देरी और जलाशयों के संचालन को लेकर हुए तमाम विवादों ने राजनीतिक कड़वाहट को बढ़ाया ही था। साथ ही सरकार की बाढ़ से निबटने की तैयारियों को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े हुए थे। जब बांध प्रबंधन की बात करते हैं तो इसका मकसद सिर्फ बिजली उत्पादन ही नहीं हो सकता। तब बाढ़ को नियंत्रित करना भी उतना ही जरूरी मकसद होना चाहिए। ऐसे वक्त में हमें जरूरी कामों की प्राथमिकताएं तय करनी होंगी। सिंचाई विभाग को सुनिश्चित करना ही होगा कि नहर का पानी किसानों को समय पर मिले। खासकर उन किसानों को जिनके खेत नहर के अंतिम छोर पर स्थित हैं। इससे हमारी जमीन के ऊपर मौजूद पानी के स्रोतों पर निर्भरता ज्यादा बढ़ेगी। साथ ही इन कदमों से जमीन के भीतर के पानी के भंडारों पर दबाव भी कम हो सकेगा। इसके साथ ही, सहयोगी राज्यों के साथ जलाशयों के कामकाज में पारदर्शिता और दूरदर्शिता के साथ तालमेल बैठाना होगा। पानी की भरपूर उपलब्धता से मुश्किल हालात का सामना करने की क्षमता बढ़नी चाहिए, न कि जोखिम को बढ़ावा दिया जाए। आज जलाशयों में जगह खाली करना भविष्य में मौसम से जुड़ी अनिश्चितताओं से निबटने के लिये सबसे अच्छा उपाय साबित हो सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 जून, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष द्वादशी, 19:32 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 06:27 तक, योग : अतिगंदा, 21:20 तक, सूर्योदयः 04:51, सूर्यास्तः 18:21, चन्द्रोदय : 02:29, चन्द्रास्तः 16:02, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 10:33 से 12:13

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन मिला–जुला रहेगा, लेकिन आपकी सकारात्मक सोच हर स्थिति को आसान बना देगी। मन में ईर्ष्या या नकारात्मकता रखने से बचें।

**वृष :** आज भाग्य आपके साथ खड़ा नजर आएगा। मेहनत का फल मिलेगा और आय बढ़ाने के नए रास्ते खुल सकते हैं। कोर्ट–कचहरी का मामला आपके पक्ष में जा सकता है।

**मिथुन :** आज का दिन संतुलन और शांति लेकर आएगा। किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होकर मन को सुकून मिलेगा। राजनीति या सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े लोग जल्दबाजी में फैसला लेने से बचें।

**कर्क :** आज का दिन सामान्य लेकिन स्थिर रहेगा। नए काम की शुरुआत का विचार मन में आ सकता है, लेकिन अनजान लोगों पर तुरंत भरोसा न करें। आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी।

**सिंह :** आज परिवार और रिश्तों में तालमेल बनाए रखना आपके लिए बेहद जरूरी होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपकी समझदारी उनके हर प्रयास को कमजोर कर देगी।

**कन्या :** आज दिल की कोई इच्छा पूरी होने से मन खुश रहेगा। जीवनसाथी के लिए कोई खास गिफ्ट खरीद सकते हैं। माता–पिता की सेवा में समय बिताकर आत्मिक शांति मिलेगी।

**तुला :** आज खर्चे बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट संभालकर चलना जरूरी होगा। काम का दबाव ज्यादा रहेगा और परिवार को लेकर भी चिंता बनी रह सकती है।

**वृश्चिक :** आज मन किसी फैसले को लेकर उलझा रह सकता है, लेकिन खुद पर भरोसा रखना जरूरी होगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी।


**धनु :** आज का दिन भागदौड़ से भरा रहेगा। जरूरी कामों को टालना नुकसान दे सकता है। परिवार के मामलों को मिल–बैठकर सुलझाने से रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**मकर :** आज जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाना होगा। नई जिम्मेदारी या प्रोजेक्ट मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। निवेश से लाभ मिलने के योग हैं। खानपान में सुधार से सेहत बेहतर रहेगी।

**कुम्भ :** आज चुनौतियां तो आएंगी, लेकिन परिवार और दोस्तों का साथ आपको मजबूत बनाए रखेगा। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचें। आध्यात्मिक गतिविधियों में मन लगेगा।

**मीन :** आज सामाजिक और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में सफलता के संकेत हैं। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा और लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। अचानक यात्रा का योग बन रहा है।

# फाइबर अर्थव्यवस्था:भारत का अगला बड़ा वैश्विक अवसर



श्री गिरिराज सिंह

फाइबर के साथ भारत का5,000बरस–पुराना सभ्यतागत संबंध है,जो हमारे गाँवों,परंपराओं तथा सामूहिक पहचान में गहराई सेगुँथा है। बुनी हुई हवाकहलाने वालीमोहनजोदड़ो की प्रसिद्ध मलमल से लेकरसमस्त महाद्वीपों तक फैलीभारतीय कारीगरी तक – फाइबर हमेशासेहमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा रहा है। आज,जब दुनिया वैश्विकस्थिरताकी क्रांतिकी कगारपर खड़ी है,तब यही प्राचीन ज्ञान हमारी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति है।

दशकों तक केले के पेड़ के तने को बेकार अपशिष्ट मानकर फेंक दिया जाता था। आज वही बायोमास प्रीमियम फाइबर बनकर निर्यात बाज़ारों की मांग पूरी कर रहा है,ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बना रहा है औरइसकृषि अवशेष को राष्ट्रीय आय में बदल रहा है। अपशिष्ट से समृद्धि तक,स्थानीय प्रचुरता से वैश्विक अवसर तक – यही भारत की न्यू एज फाइबर मुहिम का सार है,जो हरित सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है।

न्यू एज फाइबर ऐसेटिकाऊएवं पौधों–आधारितपदार्थहैं,जो भारत के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़तेहैं। बांस, भाँग, केला, पीएएलएफ, फ्लैक्स, रेमी, सिसल, मिल्कवीड और कपोक जैसे फाइबर सदियों से मौजूद रहे हैं, लेकिन अब इन्हें वस्त्र उद्योग, रक्षा, बायोडिग्रेडेबल कंपोज़िट्स और प्रीमियम उत्पादों में उच्च–मूल्य उपयोगों के लिए नए सिरे से खोजा जा रहा है। ये हरित भविष्यके लिएभारत के प्राकृतिक फाइबर भंडार का विस्तारकररहे हैं।

बढ़ती आय,वैश्विक स्थिरता संबंधी अनिवार्यताएँ और ट्रेसेबल सोर्सिंग की आवश्यकताएँ वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं कोपूरी तरहबदल रही हैं और एक नई फाइबर अर्थव्यवस्था कोआगे बढ़ारही हैं। उपभोक्ता अब अपने पहनने के कपड़ोंमें आराम,पसीना सोखने की क्षमता या ब्रीदेबिलिटी और टिकाऊपन चाहते हैं। यही महत्वपूर्ण बदलाव भारत में फाइबर की खपत को आज के15 एमएमटी से बढ़ाकर2030तक23 एमएमटी तक ले जाने वाला है। दुनिया अब तेजी से वही तलाश रही है,जिसे भारत प्रदान कर सकता है : नैतिक,टिकाऊ और उच्च–प्रदर्शन वाले प्राकृतिक फाइबर,जो सदियों के अनुभव पर आधारित हैं।

इस विजन को एक स्पष्ट संस्थागत एवं नीतिगत ढाँचे का समर्थन प्राप्त है। वर्ष 2026–2031 के लिए 5,664 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाले मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी के अंतर्गत न्यू एज फाइबर्स के लिए 300 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान रखा गया है। इस प्रयास को और सशक्त बनाते हुए, केंद्रीय बजट 2026–27 में घोषित राष्ट्रीय फाइबर मिशन एक व्यापक रणनीतिक ढाँचा प्रदान करता है, जो चार प्रमुख स्तंभों : कृषि–सूत्र–खेती और कच्चे माल के विकास के लिए, इन्फिनिटी–अनुसंधान एवं नवाचार के लिए, ग्राम–सेतु – अवसंरचना और उद्यम सृजन के लिए, तथा जीएमपीएस: ब्रांडिंग और बाज़ार विकास के लिए – पर आधारित है ।

इस नीतिगत ढाँचे की शक्ति दशकों से जारी वैज्ञानिक अनुसंधान में निहित है, जिसे ठोस परिणाम पहले से ही सामने आ चुके हैं। मिल्कवीड (आक/मदार) जिसे पारंपरिक रूप से भगवान शिव को अर्पित किया जाता है, नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (एनआईटीआरए) में 18 वर्षों के अनुसंधान के बाद एक बड़ी कामयाबी के तौर पर सामने आया है। अब इसका उपयोग रक्षा क्षेत्र में, विशेषकर –20ओउ तापमान में कार्यरत सैनिकों के लिए स्लीपिंग बैग बनाने में किया जा रहा है। ये स्लीपिंग बैग अपने पॉलिएस्टर विकल्पों की तुलना में 10% हल्के, ऊन से अधिक गर्म तथा सीएलओ/सेल प्रमाणित हैं। 55 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि पर बिना उर्वरक के उगाए जाने पर यह पौधा किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 1.5–2 लाख रुपये तक की आय प्रदान करने की क्षमता रखता है।

> **स्थानीय प्रचुरता से सतत सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में वैश्विक नेतृत्व तक**

केले का फाइबर प्रतिवर्ष लगभग 1.8 मिलियन टन उत्पादन की क्षमता रखता है और कृषि अवशेषों से किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान कर सकता है, जबकि बांस प्रति हेक्टेयर 60 टन तक बायोमास उत्पादन करने की क्षमता रखता है, जिससे पूर्वोत्तर भारत के लिए बड़े अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। भाँग भी एक उभरता हुआ वैश्विक बाज़ार बन रहा है, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में जिसकी खेती की पहले से ही अनुमति है। फ्लैक्स, सिसल, रेमी, पीएएलएफ, बिछुआ या नेटल और कपोक जैसे फाइबरों के साथ मिलकर ये सभी भारत के टिकाऊ एवं प्राकृतिक फाइबर आधार का निरंतर विस्तार कर रहे हैं।

इस वैज्ञानिक गति को आगे बढ़ाते हुए,न्यू एज फाइबर्स पर राष्ट्रीय सेमिनार एक ऐसे मंच के रूप में उभरा, जहाँ विज्ञान, नीति और उद्यम एक साथ आ सके। इसने शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, किसान संगठनों, उद्योग जगत के दिग्गजों और नीति–निर्माताओं को एक ही मंच पर एकत्रित किया। सभी दस प्राथमिकता प्राप्त फाइबर्स को कवर करने वाले तीन कार्य बलों की रिपोर्टें जारी की गईं, जिन्होंने क्षेत्रीय विज्ञान को सीधे योजनाओं के डिज़ाइन और निवेश की प्राथमिकताओं में बदल दिया।

इस सेमिनार ने मानकों, प्रसंस्करण अवसंरचना और संस्थागत वित्तपोषण में मौजूद खामियों की भी स्पष्ट रूप से पहचान की , जो एक ऐसे मिशन को दर्शाता है जो केवल नीति नहीं, बल्कि वास्तविक क्रियान्वयन पर केंद्रित है। इसमें प्रमुख प्राथमिकताएँ: उत्पादन कोपाँच वर्षों में 10,000मीट्रिक टन से बढ़ाकर 10लाख मीट्रिक टन तक पहुँचाना,गुणवत्ता मानकों का विकास करना,मशीनरी के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना,आयातित प्रसंस्करण तकनीक पर निर्भरता कम करनाऔर खेती से लेकर मूल्य संवर्धन तक क्लस्टर आधारित फाइबर इकोसिस्टम का निर्माण करना सामने आईं। ये सभी कदम मिलकर न्यू एज फाइबर्स को ग्रामीण समृद्धि और टिकाऊ विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मिशन बनाते हैं।

शायद सबसे परिवर्तनकारी कार्य फाइबर ब्लेंडिंग है। भारत की वास्तविक शक्ति किसी एक फाइबर में नहीं, बल्कि उन्हें समझदारी से संयोजित करने में निहित है– जैसे थर्मल हल्केपन के लिए मिल्कवीड, गर्माहट के लिए ऊन, ब्रीदेबिलिटी के लिए बांस, और कोमलता के लिए कपास। मिश्रित कपड़ा या ब्लेंडेड फैब्रिक कोई समझौता नहीं है; यह प्रदर्शन को उन्नत बनाना है – ऐसे कपड़े तैयार करना जो अधिक मजबूत, अधिक स्मार्ट और अधिक टिकाऊ हों, साथ ही बेहतर आराम, नमी सोखने की क्षमता, टिकाऊपन तथा फैशन, जीवनशैली और तकनीकी वस्त्रों में बहुपयोगिता प्रदान करें।

इसके लाभ पूरी मूल्य शृंखला में फैलते हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर आराम और कार्यक्षमता मिलती है, निर्माताओं को प्रीमियम और विशिष्ट उत्पाद विकसित करने का अवसर मिलता है, और किसानों को विविध प्रकार की मांग तथा अधिक मजबूत आय प्राप्त होती है। भारत के लिए, ब्लेंडिंग या मिश्रण केवल एक तकनीकी नवाचार भर नहीं है; यह कच्चे फाइबर आपूर्ति से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, मूल्य–संवर्धित और भारतीय पहचान से जुड़े ब्रांड्स तक पहुँचने का एक सेतु है।

असल में, न्यू एज फाइबर मुहिम जीवन को रूपांतरित करने, किसानों के लिए अवसर सृजित करने, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बनाने, महिलाओं को सशक्त करने और उद्यमियों को स्थानीय संसाधनों से वैश्विक व्यवसाय खड़ा करने में सक्षम बनाने के बारे में है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 5एफ विज़न– खेत से फाइबर, कपड़े से फैशन और विदेश तक–से प्रेरित, भारत की ग्रीन फाइबर क्रांति कोई दूर का सपना नहीं है। रणनीति तय है, संस्थान सक्रिय हैं, विज्ञान प्रमाणित हो चुका है, और उद्यमी तैयार हैं। आज भारत जो कर रहा है–फाइबर दर फाइबर, मिश्रण दर मिश्रण, क्षेत्र दर क्षेत्र, और खेत दर खेत–अपनी वस्त्र गाथा का अगला महान अध्याय लिख रहा है।

–(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं)

# बचपन को श्रम नहीं, शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार मिलें



ललित गर्ग

हर वर्ष 12 जून को मनाया जाने वाला बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि मानवता के अंतःकरण को झकझोरने वाला अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि दुनिया का कोई भी बच्चा मजदूर बनने के लिए पैदा नहीं होता। उसके हाथों में औजार, ईंट, बर्तन, हथौड़े, कूड़े की बोरी या कारखानों की मशीनें नहीं, बल्कि किताबें, खिलौने, रंग, सुनहले सपने और संभावनाएं होनी चाहिए। बचपन जीवन का वह स्वर्णिम काल है जिसमें व्यक्ति के व्यक्तित्व, संस्कार, शिक्षा और भविष्य की नींव रखी जाती है। यदि यही काल श्रम, शोषण और अभाव की भट्टी में झोंक दिया जाए तो केवल एक बच्चे का नहीं, पूरे समाज और राष्ट्र का भविष्य अंधकारमय हो जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन– आईअलओ द्वारा 2002 में शुरू किए गए इस दिवस का उद्देश्य बाल श्रम की भयावहता के प्रति वैश्विक चेतना जगाना और इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देना है। वर्ष 2026 में भी यह दिवस ऐसे समय पर आ रहा है जब दुनिया तकनीकी विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आर्थिक प्रगति के नए आयाम छू रही है, लेकिन दूसरी ओर करोड़ों बच्चे आज भी शिक्षा और बचपन के अधिकार से वंचित हैं। यह विडम्बना मानव सभ्यता के सामने एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। जब हम किसी ढाबे, होटल, चाय की दुकान, कारखाने, गैरेज, ईंट–भट्टे, खेत या ट्रैफिक सिग्नल पर किसी मासूम बच्चे को कठिन श्रम करते देखते हैं, तब अक्सर हमारी संवेदना कुछ क्षणों के लिए जागती है और फिर हम अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि कब तक हम इस पीड़ा को सामान्य मानते रहेंगे? क्या हम उस बचपन की चीख नहीं सुन पा रहे जो अपने अधिकारों से वंचित होकर मजदूरी के अंधेरे में खो रहा है?

आज भी विश्व में करोड़ों बच्चे किसी न किसी रूप में बाल श्रम में संलग्न हैं। इनमें से बड़ी संख्या खतरनाक परिस्थितियों में काम करती है, जहां उनका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता, विस्थापन, तस्करी, युद्ध, प्राकृतिक आपदाएं और कमजोर सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थाएं बाल श्रम की प्रमुख वजहें हैं। परिवार की आर्थिक विवशताएं बच्चों को स्कूल की बजाय काम की दुनिया में धकेल देती हैं। लेकिन गरीबी का समाधान बच्चों से काम कराना नहीं, बल्कि परिवारों को सम्मानजनक रोजगार और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। बाल श्रम केवल आर्थिक समस्या नहीं है; यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यह बच्चों से उनका बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, आत्मविश्वास और भविष्य छीन लेता है। जो बच्चा विद्यालय में होना चाहिए, वह यदि कारखाने में है, तो यह केवल उस बच्चे की नहीं, पूरे समाज की विफलता है। बाल श्रम गरीबी का चक्र भी बनाए रखता है, क्योंकि अशिक्षित बच्चा बड़ा होकर कम आय वाले कार्यों तक सीमित रह जाता है और अगली पीढ़ी भी उसी अभाव में जीने को मजबूर होती है।

भारत सहित अनेक देशों में बाल श्रम रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईअलओ के कन्वेंशन 138 और कन्वेंशन 182 न्यूनतम कार्य आयु और बाल श्रम के सबसे खतरनाक रूपों पर रोक लगाने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। भारत में भी बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम तथा शिक्षा का अधिकार कानून मौजूद हैं। लेकिन कानूनों की प्रभावशीलता उनके कठोर और ईमानदार क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। कई बार कानूनी प्रावधान होने के बावजूद बाल श्रम छिपे हुए रूपों में जारी रहता है। आज आवश्यकता केवल कानून बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें सामाजिक आंदोलन का स्वरूप देने की है। बाल श्रम को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जन–जागरण अभियान चलाए जाने चाहिए। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, मीडिया, उद्योग जगत और नागरिक समाज को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण और महिला अधिकारों को लेकर वैश्विक चेतना विकसित हुई है, उसी प्रकार बाल अधिकारों के लिए भी विश्वव्यापी जनमत तैयार करना होगा। कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य मानते नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? मिसाल के तौर पर एक कानून बनाकर हमने बच्चों से उनका बचपन छिनने की कुचेष्टा की है। इस कानून में हमने यदि पारिवारिक कामधंधा या रोजगार है तो 4 से 14 की उम्र के बच्चों से कानूनन काम कराया जा सकता है और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह कैसी विडम्बना है कि जब इस उम्र के बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, खानदानी व्यवसाय के नाम पर एक पूरी पीढ़ी को शिक्षा, खेलकूद और सामान्य बाल्य सुलभ व्यवहार से वंचित किया जा रहा है और हम अपनी पीठ थपथपाए जा रहे हैं। बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं।

> **बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस–12 जून 2026**

विशेष रूप से डिजिटल युग में तकनीक का उपयोग बाल श्रम उन्मूलन के लिए किया जा सकता है। प्रत्येक उद्योग और आपूर्ति शृंखला की पारदर्शी निगरानी, बाल श्रम शिकायतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल, त्वरित कार्रवाई तंत्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणालियां विकसित की जा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी आपूर्ति शृंखला में कहीं भी बाल श्रम का उपयोग न हो। जो कंपनियां ऐसा करती पाई जाएं, उनके विरुद्ध कठोर आर्थिक और कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। बाल श्रम समाप्त करने का सबसे प्रभावी उपाय गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा है। केवल विद्यालय खोल देना पर्याप्त नहीं है; शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों को आकर्षित करे, जीवनोपयोगी कौशल दे और उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों का विस्तार आवश्यक है। यदि परिवार की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित होगी तो बच्चों को मजदूरी के लिए भेजने की मजबूरी भी कम होगी।

हमें यह भी समझना होगा कि बचपन केवल जीवित रहने का नाम नहीं है; बचपन का अर्थ है सपने देखने की स्वतंत्रता, खेलने का अधिकार, सीखने का अवसर, स्नेहपूर्ण वातावरण और सुरक्षित भविष्य। जिस समाज में बच्चे मुस्कुरा नहीं सकते, वह समाज कभी वास्तविक विकास नहीं कर सकता। आर्थिक विकास की ऊंची इमारतें तब तक अधूरी हैं जब तक उनके नीचे किसी बच्चे का कुचला हुआ बचपन पड़ा हो। महान शिक्षाविद् नेल्सन मंडेला ने कहा था, किसी समाज की आत्मा को जानने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि वह अपने बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करता है। यदि हम सचमुच विकसित और संवेदनशील समाज बनना चाहते हैं तो हमें अपने बच्चों के प्रति दृष्टिकोण बदलना होगा। उन्हें दया का नहीं, अधिकार का विषय मानना होगा।

आज आवश्यकता है कि सरकारें बाल श्रम के विरुद्ध शून्य–सहिष्णुता की नीति अपनाएं, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करें, तस्करी और बंधुआ श्रम के नेटवर्क को ध्वस्त करें, और हर बच्चे तक शिक्षा एवं सुरक्षा की पहुंच सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक नागरिक यह संकल्प ले कि वह किसी भी रूप में बाल श्रम को बढ़ावा नहीं देगा और जहां भी ऐसी घटना देखेगा, उसके विरुद्ध आवाज उठाएगा। बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस हमें यह संदेश देता है कि बचपन को बचाना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य की रक्षा का संकल्प है। यदि हम प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और अवसर प्रदान कर सकें, तो वही बच्चा कल एक सशक्त नागरिक, संवेदनशील मानव और राष्ट्रनिर्माता बनेगा। सच तो यह है कि बचपन को बचाना ही भविष्य को बचाना है। जब दुनिया का हर बच्चा भय और श्रम से मुक्त होकर मुस्कुराएगा, तभी मानव विकास की यात्रा वास्तव में सार्थक कहलाएगी।

–लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार

## वर्ग पहेली नं. 3467

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | |
| 8 | 9 | ■ | | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| ■ | 12 | 13 | | ■ | | ■ | | ■ | 14 |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 | |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ | 20 | |
| 21 | | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ |
| 22 | | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | | |
| | ■ | 26 | | ■ | 27 | | | | ■ |

*ऊपर से नीचे:-* 1) गुप्त, 2) साहसी, 3) एक मेवा, 4) फौज, 5) दया, 9) बनावट बात, 11) पकड़ना, 13) पैर, 14) निर्लज्ज, 16) बारीक कणवाला *(आटा)*, 17) दिनांक, 18) ठाट-बाट, 21) कूड़ा, 23) देखा जाएगा, 24) तुरंत बाद, 25) पूरा; सारा.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) सबके सामने, 3) अधिकतर, 6) शरारती, 7) जबड़ा, 8) तिब्बती जंगली भैंसा, 10) मनाही, 12) जिसके दाँत टूटे हों एवं गाल पिचके हों, 15) भिन्न, 17) निरंकुश शासक, 19) रसेदार भाजी, 20) फिर से शुरू होनेवाला, 21) आइडियाबाज़, 22) छोला, 23) दान, 25) मुर्गे की आवाज़, 26) ध्यान, 27) कारण से.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | न | त | ना | ना | ■ | न | म | की | न |
| र | ■ | न | ■ | ■ | वि | शा | ल | ■ | क्ष |
| फ | ल | ना | फू | ल | ना | ■ | ना | य | ब |
| ■ | ट | ■ | ■ | ला | य | क | ■ | व | ■ |
| ■ | क्र | य | र | ■ | क | ल | ■ | ज्ज | ■ |
| आ | ना | ■ | खा | ड़ा | ■ | क | र | व | ट |
| स | ■ | की | र | ■ | ■ | ल | ■ | न | र |
| पा | रा | ■ | खा | मो | शी | ■ | गु | ■ | का |
| स | ह | दे | व | ■ | ल | ह | ल | हा | ना |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3425

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 6 | | |
| | | 9 | | | | 7 | 2 | |
| | | 8 | 3 | 7 | | | 4 | 5 |
| | | | | 9 | 5 | | 7 | |
| | | | | | | | | 4 |
| 5 | 1 | | 6 | 8 | | | | |
| 7 | 8 | | 9 | | | | | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| 1 | | | 4 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3424 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 | 4 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 4 | 3 | 7 | 5 |


# रामकृष्णपुर घाट पर बनेगा 'कोलकाता आई', 60 फुट ऊंची दुर्गा संरचना भी होगी स्थापित

**परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री, दुर्गापूजा से पहले कार्य पूरा करने का लक्ष्य**

हावड़ा/कोलकाता

हावड़ा के ऐतिहासिक रामकृष्णपुर घाट को पर्यटन और सौंदर्यीकरण के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। यहां 'कोलकाता आई' के निर्माण के साथ-साथ 60 फुट ऊंची धातु से निर्मित दुर्गा संरचना स्थापित की जाएगी। इसके अलावा दो विशाल धातु निर्मित धुनुचियां भी परिसर की शोभा बढ़ाएंगी। परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है।

राज्य सरकार का लक्ष्य है कि आगामी दुर्गापूजा से पहले इस महत्वाकांक्षी परियोजना का कार्य पूरा कर लिया जाए। इसके साथ ही आसपास के कई घाटों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में इस परियोजना के लिए 1 करोड़ 80 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।



हावड़ा रामकृष्णपुर घाट पर बनने वाले कोलकाता आई के स्वरूप में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा का 3डी प्रारूप



परियोजना की प्रगति और प्रस्तावित कार्यों का जायजा लेने के लिए गुरुवार शाम राज्य मंत्री तथा उत्तर हावड़ा के विधायक उमेश राय ने कोलकाता बंदरगाह के अधिकारियों और राज्य सरकार के अभियंताओं के साथ रामकृष्णपुर घाट का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रस्तावित विकास कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा की।

कोलकाता बंदरगाह के सहयोग से बनने वाली इस परियोजना के बारे में उमेश राय ने कहा कि सौंदर्यीकरण के माध्यम से मां दुर्गा की शक्ति और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा होगा और दुर्गापूजा के दौरान यह स्थल लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा।

मंत्री ने यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुर्गापूजा के अवसर पर पश्चिम बंगाल आते हैं तो वे भी इस भव्य दुर्गा संरचना का दर्शन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रामकृष्णपुर घाट के निकट एक बड़े अस्पताल की स्थापना की योजना पर भी विचार किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

मंत्री उमेश राय ने कहा, हावड़ा को अक्सर केवल कुलियों के शहर के रूप में देखा जाता है। हमारी कोशिश है कि इस छवि को बदलकर हावड़ा को एक आधुनिक, विकसित और आकर्षक शहर के रूप में स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन, आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं के विकास के माध्यम से शहर की नई पहचान बनाने की दिशा में राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि परियोजना पूरी होने के बाद रामकृष्णपुर घाट न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बनेगा, बल्कि पर्यटन के क्षेत्र में भी एक नया आकर्षण केंद्र बनकर उभरेगा।

## चिकित्सा शिक्षा पदोन्नति पैनल रद्द, चयन प्रक्रिया फिर से शुरू होगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने चिकित्सा शिक्षा सेवा में संकाय पदों पर जारी पदोन्नति प्रक्रिया को रद्द कर दिया है और नए सिरे से आवेदन एवं साक्षात्कार प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पदों पर नियुक्तियों के लिए मार्च में हुए साक्षात्कार के आधार पर तैयार किए गए पदोन्नति पैनल को रद्द कर दिया है। यह जानकारी बुधवार को जारी अधिसूचना में दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आधिकारिक रिक्ति आंकड़ों के अनुसार, राज्य की मेडिकल शिक्षा प्रणाली में प्रोफेसर के 226, एसोसिएट प्रोफेसर के 471 और सहायक प्रोफेसर के 328 पद खाली हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, इन पदों पर पदोन्नति के लिए मार्च में ही साक्षात्कार आयोजित किए गए थे, जिनमें विभिन्न चिकित्सा विषयों के उम्मीदवारों ने भाग लिया था और उसी आधार पर एक पैनल भी तैयार किया गया था। नयी अधिसूचना के अनुसार, पूरी प्रक्रिया को नए सिरे से शुरू किया जाएगा। इसके तहत पात्र उम्मीदवारों को फिर से आवेदन करना होगा और नए साक्षात्कार में शामिल होना होगा। नए कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन आवेदन 15 जून से 30 जून तक स्वीकार किए जाएंगे। पहले से आवेदन कर चुके उम्मीदवारों को भी फिर से आवेदन करना होगा। नए साक्षात्कार की तारीखें बाद में घोषित की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस फैसले के कारणों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।


**Change of Name**

I Natasha Martis daughter of Ivan Martis Residing at 1401, Avani Regency, 1 Dr. R.G. Nath Sarani, Kolkata, 700033, West Bengal, India have changed my name and shall henceforth be known as Natasha Ivan Martis as declared before the First Class Judicial Magistrate Alipore Court vide affidavit no 18065 dated 27th April 2026. Natasha Martis and Natasha Ivan Martis both are same and identical person.

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, तीसरी मंजिल, न्यू कॉम्पलेक्स बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में 3 वर्षों की अवधि के लिए पार्किंग लॉटों के संचालन हेतु संविदा प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखें। **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-जेयूएन, **नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 24.06.2026 को 14.00 बजे। **क्रमांक, लॉट सं. एवं स्टेशन का नाम** निम्नलिखित हैं: (1) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-टीडब्ल्यू-204-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); सेवड़ाफुली। (2) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-सीडीएई-टीडब्ल्यू-135-26-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); चंदनपुर। (3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-टीडब्ल्यू-303-26-1 (पार्किंग-तीन पहिया वाहन); बैण्डेल।

(HWH-145/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# अब निजी अस्पतालों में भी मरीजों को मिलेगा मुफ्त बेड : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शरद्वत मुखर्जी

**स्वास्थ्य मंत्री ने निजी अस्पतालों के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद की घोषणा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद डॉ. शरद्वत मुखर्जी ने राज्य की चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने के लिए बड़ा ऐलान किया है। गुरुवार को निजी अस्पतालों के अधिकारियों से बातचीत के बाद उन्होंने कहा कि अब से निजी अस्पतालों में भी मरीजों को बेड फ्री मिलेंगे। हालांकि, सिर्फ 10 फीसदी बेड ही फ्री मिलेंगे। इसके लिए आयुष्मान भारत या किसी दूसरे कार्ड की जरूरत नहीं होगी, सिर्फ आधार कार्ड दिखाकर यह सुविधा मिल जाएगी। इस दिन, निजी अस्पतालों के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में बेड की कमी है, इसलिए मरीजों को कहीं और रेफर करना कोई नई बात नहीं है। लेकिन अब से, अगर किसी मरीज को किसी सरकारी अस्पताल में बेड नहीं मिलता है, तो उसे पास के निजी अस्पताल में ले जाया जाएगा। वहां 10 फीसदी बेड संरक्षित किए जाएंगे, ताकि लौटने वाले मरीज को निःशुल्क सेवा मिल सके। मंत्री के मुताबिक, हमने 10 फीसदी बेड मांगे हैं। वे निजी अस्पताल किसी भी तरह से मरीजों को मना नहीं कर पाएंगे। हमसे कहा गया है कि वे हमारे लिए अलग से बेड संरक्षित करेंगे। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस सेवा को पूरी तरह से लॉन्च होने में कुछ और दिन लगेंगे। एक टोल-फ्री नंबर लॉन्च किया जाएगा।

# पेपरलेस होगी विधानसभा, नए विधायकों को मिलेगी विशेष ट्रेनिंग

**18 जून से विधानसभा कार्यवाही का सीधा प्रसारण शुरू**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने के बाद विधानसभा की कार्यप्रणाली में भी बड़े बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस ने गुरुवार को घोषणा की कि विधानसभा को पूरी तरह पेपरलेस बनाया जाएगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पहली बार निर्वाचित हुए विधायकों के लिए जल्द ही दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्पीकर बोस ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वर्तमान 18वीं विधानसभा में लगभग 200 विधायक नए हैं। ऐसे में उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं और विधानसभा की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के लिए बजट सत्र के बाद प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस प्रशिक्षण सत्र में उत्तर प्रदेश और राजस्थान विधानसभा के प्रतिनिधियों के साथ-साथ लोकसभा के वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ भी भाग लेंगे। हालांकि, प्रशिक्षण सत्र की तिथि अभी तय नहीं हुई है। स्पीकर ने बताया कि इस प्रशिक्षण सत्र में नए सदस्यों के मार्गदर्शन के लिए सत्ता पक्ष व



विपक्ष दल के वरिष्ठ विधायकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा को डिजिटल बनाने की दिशा में पहले से घोषित ई-विधानसभा परियोजना को अब शीघ्रता से लागू किया जाएगा। इसके लिए हाल में केंद्र के साथ करार भी हो चुका है।

पेपरलेस व्यवस्था लागू होने के बाद विधायकों को सभी आवश्यक दस्तावेज, सूचनाएं और कार्यसूची डिजिटल माध्यम से उपलब्ध होगी। इससे न केवल कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी मजबूत होगी। आगामी 100 दिन में विधानसभा को पेपरलेस बनाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, उन्होंने बताया कि 18 जून से शुरू होने वाले बजट सत्र से ही विधानसभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) किया जाएगा।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा का निरस्तीकरण**

मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-I, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा पूर्व आमंत्रित खुली ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई-एसईजी-आईपीएस-एसएसडीएसी-26, दिनांक 27.05.2026, खुलने की तारीख 19.06.2026 को एतद्द्वारा कुछ तकनीकी कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

(HWH-151/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**PWD (GOVT OF WB) TENDER**

**Offline Short Notice Inviting Tender No -26/City (M) of 2026-27** from bonafied and resourceful contractors having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be **on 13.06.2026 up to 12.00 hrs.** Other details may be seen from the web site: **www.pwdwb.in**

Sd/-

Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.

**रंगिया मंडल में अभियांत्रिकी कार्य**

**निविदा सूचना संख्या:** 13-ENGG-RNY-2026-27. **दिनांक** : 09-06-2026; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **क्रम संख्या-1; आइटम का संक्षिप्त विवरण:** दुधनई में - दुधनई यार्ड में व्यापक जल निकासी प्रणाली का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹3,12,04,612.91/-; **अग्रिम राशि** : ₹ 6,24,100/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय **30-06-2026** को **15:00** बजे और खोलने की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

डीआरएम (वर्क्स), रंगिया

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: एसडीएसटीई-एसईजी-आईपीएस-एसएसडीएसी-26-आरई, दिनांक 10.06.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एसईजी-आईपीएस-एसएसडीएसी-26-आरई के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख:** 06.07.2026 को 15.00 बजे। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत एसएसडीएसी इंस्टॉलेशन के लिए आईपीएस से पृथक विद्युत आपूर्ति का अलगाव कार्य। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 11,71,88,651.74; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 23,43,800; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0; **प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन। **समापन अवधि:** 9 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** 22.06.2026। (HWH-150/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. एसडीएसटीई-एलसीगेट-06नं.-26, दिनांक 10.06.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलसीगेट-06नं.-26 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख:** 06.07.2026 को 15.00 बजे। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के 10000 से अधिक टीवीयू वाले एलसी गेटों-06 गेटों का उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 8,56,40,836.80; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 17,12,800; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0; **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** 22.06.2026। (HWH-149/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### टीएमसी सांसद प्रतिमा मंडल का बागी गुट का हिस्सा होने से इनकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सांसद प्रतिमा मंडल ने गुरुवार को उन खबरों का खंडन किया जिनमें उन्हें पार्टी से कथित तौर पर दूरी बनाने की कोशिश कर रहे बागी सांसदों के एक समूह से जोड़ा जा रहा था। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस नेताओं के सिलसिलेवार इस्तीफों से उपजी मौजूदा राजनीतिक उथल-पुथल के बीच उनका नाम झूठमूठ का घसीटा जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे पत्र पर कथित तौर पर हस्ताक्षर करने वाले 19-20 सांसदों में शामिल होने की अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए मंडल ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि आप जिन 19-20 सांसदों की बात कर रहे हैं और बिरला को भेजे गए जिस कथित पत्र के बारे में बात कर रहे हैं, मुझे उसकी कोई जानकारी नहीं है। मुझे इसके बारे में मीडिया के माध्यम से ही पता चल रहा है। अगर 19 या 20 लोगों ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं, तो मेरा हस्ताक्षर उनमें नहीं है। लोकसभा सांसद ने बताया कि जो झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं, वे न तो मुझे चुनाव में चुनने वाली जनता के लिए अच्छी हैं और न ही मेरे लिए। मैं दिल्ली भी नहीं गई हूं। हालांकि, मंडल ने हाल ही में पार्टी से हुए इस्तीफों को लेकर पार्टी के भीतर चिंताओं को स्वीकार किया और कहा कि उन्होंने आगे और इस्तीफों को रोकने और संगठन को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए कोलकाता में पार्टी सांसदों की एक बैठक बुलाई थी।

**टीएमसी में संकट के बीच कल्याण ने ममता को दिया अल्टीमेटम**

# 'अभिषेक और मुझमें से किसी एक को चुनें'

**तृणमूल सांसद ने अभिषेक बनर्जी के सभी मामलों से खुद को किया अलग | बोले... 'अभिषेक के अहंकार के कारण तृणमूल कांग्रेस खत्म हो गई'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सांसद कल्याण बनर्जी ने गुरुवार को पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को अल्टीमेटम दिया कि वह अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी और उनके जैसे अनुभवी नेताओं में से किसी एक को चुनें। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पर 'अहंकार' और 'अस्थिर मानसिकता' का आरोप लगाया। वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण ने यह भी घोषणा की कि वह अभिषेक से संबंधित सभी कानूनी मामलों और अदालती याचिकाओं से खुद को अलग कर लेंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से संबंधित मामलों को लड़ना जारी रखेंगे। पता चला है कि दोनों नेताओं के बीच अनबन तब चरम पर पहुंच गई जब कल्याण को कथित तौर पर यह जानकारी मिली कि अभिषेक बनर्जी ने एक अलग रिट याचिका दायर की है, जो एजेंसी द्वारा ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास में बने टीएमसी कार्यालय और अभिषेक के कैमक स्ट्रीट स्थित कार्यालय में की गई तलाशी के संबंध में दायर की गई है।

कल्याण ने कहा कि ये दोनों मामले एक-दूसरे से जुड़े हैं, और मैंने हस्ताक्षर जालसाजी मामले की सुनवाई कर रही पीठ के सामने तलाशी अभियान का मुद्दा उठाया था। न्यायाधीश ने इस



मामले को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था। बाद में, अभिषेक के कुछ लोग मेरे पास आए और बताया कि सीआईडी की छापेमारी के मुद्दे पर एक अलग रिट याचिका दायर की गई है। मैं यह सुनकर दंग रह गया क्योंकि मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं थी। अधिवक्ता के मुताबिक, जब उन्होंने पूछा कि उन्हें भरोसे में क्यों नहीं लिया गया, तो संबंधित लोगों ने बताया कि ऐसा ऊपर से मिले निर्देशों पर किया गया।

कल्याण ने कहा कि अगर मुझे इस बारे में पता होता, तो मैं न्यायाधीश के सामने इस मामले का ज़िक्र नहीं करता क्योंकि दो अलग-अलग पीठ एक ही मामले की सुनवाई नहीं कर सकतीं। अभिषेक के पास कई सलाहकार हैं, और इसलिए मैंने पार्टी को बता दिया है कि मैं भविष्य में किसी भी अदालत में उनका प्रतिनिधित्व नहीं करूंगा, क्योंकि इस तरह के अहंकार और अस्थिर मानसिकता के साथ काम करना असंभव है। मुझे बाद में सूचित किया गया कि एक कनिष्ठ अधिवक्ता उनके मुकदमे लड़ेगा।

उन्होंने अभिषेक पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उन्होंने उनके '45 साल के पेशेवर अनुभव' के प्रति कोई सम्मान नहीं' दिखाया। कल्याण ने कहा कि मेरे साथ कूड़ेदान या उनके कैमक स्ट्रीट कार्यालय के किसी कर्मचारी जैसा बर्ताव नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अब गेंद ममता बनर्जी के पाले में है कि वह टीएमसी को अपने भतीजे के साथ चलाना चाहती हैं या फिर उनके जैसे पार्टी के वफादारों के साथ। कल्याण ने कहा कि मैं इस पार्टी में केवल तभी रहूंगा जब अभिषेक को सभी नेतृत्व पदों से हटा दिया जाए और उन्हें केवल एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में रखा जाए। अभिषेक, जो वरिष्ठों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं और जिनका रवैया किसी 'बॉस' जैसा है, वह पार्टी में मेरे नेता नहीं हो सकते। यदि वह नेता बने रहते हैं, तो मेरे लिए टीएमसी में बने रहना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि दीदी (ममता बनर्जी) को ही अब अंतिम फैसला लेना होगा कि वह अपने खून के रिश्ते को (पार्टी में) बनाए रखना चाहती हैं या फिर मेरे जैसे कार्यकर्ताओं को, जिन्होंने उनके और इस पार्टी के लिए अपने जीवन के 40 साल दिए हैं।


**पूर्व रेलवे**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के मत्स्य पालन का अनुभव रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: एईएन-शॉप-एसटीफीशिंग 25-26आर4, दिनांक 09.06.2026; कार्य का नाम:** सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन लिलुआ में रेलवे साऊथ टैंक के लिए पांच वर्षों की अवधि हेतु मत्स्य पालन अधिकार के लिए लाइसेंस। **आरक्षित मूल्य:** रु. 7,61,535.90; **बयाना राशि:** रु. 76,200; **क्रमांक 2, निविदा सं.: एईएन-शॉप-एनटीफीशिंग25-26आर4, दिनांक 09.06.2026; कार्य का नाम:** सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन लिलुआ में रेलवे नॉर्थ टैंक के लिए पांच वर्षों की अवधि हेतु मत्स्य पालन अधिकार के लिए लाइसेंस। **आरक्षित मूल्य:** रु. 10,45,222.43; **बयाना राशि:** रु. 1,04,600; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** दोनों के लिए शून्य। **समापन अवधि:** दोनों के लिए स्वीकृति की तारीख से 5 वर्ष। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 02.07.2026 को 12.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से उपरोक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) ऊपर उल्लेखित वेबसाइट के जरिए सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MISC-70/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम संख्या; निविदा संख्या; कार्य का नाम; विज्ञापित मूल्य (रुपये); बयाना राशि (रुपये); पूरा होने की अवधि; बंद होने की तारीखें इस प्रकार हैं: [01]; ईएनजीजी-10-2026-27;** CLW, चित्तरंजन के SSE(W)/Col-I के अधिकार क्षेत्र में ज़ोन-1 (इसमें सब-ज़ोन 1/A, 1/B और 1/C शामिल हैं) के अंतर्गत, 30.06.2027 को समाप्त होने वाले वर्ष 2026-27 के लिए सिविल इंजीनियरिंग संपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव। **₹ 1,45,31,100.00;** ₹ 2,90,600.00; 12 महीने; **29.06.2026 @ 11:30 | [02]; ईएनजीजी-11-2026-27;** CLW, चित्तरंजन के SSE(W)/Col-II के अधिकार क्षेत्र में ज़ोन-2 (इसमें सब-ज़ोन 2/A, 2/B और 2/C शामिल हैं) के अंतर्गत, 30.06.2027 को समाप्त होने वाले वर्ष 2026-27 के लिए सिविल इंजीनियरिंग संपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव। **₹ 92,38,300.00;** ₹ 1,84,800.00; 12 महीने; **29.06.2026 @ 11:30 | [03]; ईएनजीजी-12-2026-27;** CLW, चित्तरंजन के SSE(W)/Col-III के अधिकार क्षेत्र में ज़ोन-3 (इसमें सिमजुरी जोन 3/ए + फतेहपुर 3/बी सहित शामिल हैं) के अंतर्गत, 30.06.2027 को समाप्त होने वाले वर्ष 2026-27 के लिए सिविल इंजीनियरिंग संपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव। **₹ 53,84,400.00;** ₹ 1,07,700.00; 12 महीने; **29.06.2026 @ 11:30 | [04]; ईएनजीजी-13-2026-27;** CLW, चित्तरंजन के SSE(W)/WD के अधिकार क्षेत्र में ज़ोन-4 (इसमें सब ज़ोन 4/A और 4/B शामिल हैं) के अंतर्गत, 30.06.2027 को समाप्त होने वाले वर्ष 2026-27 के लिए सिविल इंजीनियरिंग संपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव। **₹ 1,05,70,000.00;** ₹ 2,11,400.00; 12 महीने; **29.06.2026 @ 11:30 | [05]; ईएनजीजी-14-2026-27;** CLW, चित्तरंजन के SSE(W)/WS के अधिकार क्षेत्र में ज़ोन-5 (इसमें 5/A, 5/B और 5/C शामिल हैं) के अंतर्गत, 30.06.2027 को समाप्त होने वाले वर्ष 2026-27 के लिए सिविल इंजीनियरिंग संपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव। **₹ 2,42,76,200.00;** ₹ 4,85,500.00; 12 महीने; **29.06.2026 @ 11:30 | [06]; ईएनजीजी-15-2026-27;** CLW, चित्तरंजन के हॉर्टिकल्चर सुपरिंटेंडेंट के अधिकार क्षेत्र में ज़ोन-6 के तहत, 30.06.2027 को समाप्त होने वाले वर्ष 2026-27 के लिए सीएलडब्ल्यू टाउनशिप की अलग-अलग जगहों पर हॉर्टिकल्चर एसेट्स के अंतर्गत, सिविल इंजीनियरिंग संपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव। **₹ 1,95,00,000.00;** ₹ 3,90,000.00; 12 महीने; **29.06.2026 @ 11:30 | [07]; ईएनजीजी- 16-2026- 27;** (i) 30.06.2027 तक की अवधि के लिए [SSE(W)/ Col-I, II, III के तहत) सीएलडब्ल्यू चित्तरंजन टाउनशिप में बाजार परिसर का क्षेत्रीय रखरखाव कार्य (ii) 30.06.2027 तक की अवधि के लिए (SSE(W)/Col-I, II, III के तहत) सीएलडब्ल्यू चित्तरंजन टाउनशिप में नया क्षेत्र भूमि सीमा दीवार की मरम्मत और रखरखाव। **₹ 65,00,000.00;** ₹ 1,30,000.00; 12 महीने; **29.06.2026 @ 11:30** | नोट: **[01]** पूरी जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और **www.clw.indianrailways.gov.in** पर देखी जा सकती है। **[02]** संपर्क नंबर- **9163340201** |

उप. मुख्य अभियंता/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन

PR5/373

www.facebook.com/clwrailways पर हमसे जुड़ें

**वाक-इन-इंटरव्यू**

**वर्कशॉप रेलवे हॉस्पिटल, कांचरापाड़ा में अनुबंध पर मेडिकल प्रैक्टिशनर की नियुक्ति**

**रोज़गार सूचना संख्या: 02/2026 (एमईडी) सीएमपी (स्पेशलिस्ट /26/केपीए), तारीख: 10.06.2026**

निम्नलिखित शर्तों पर वाक-इन-इंटरव्यू के ज़रिए 01 (एक) वर्ष के लिए पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर वर्कशॉप रेलवे हॉस्पिटल, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, पिन-743145, पश्चिम बंगाल में अनुबंध पर मेडिकल प्रैक्टिशनर स्पेशलिटी डॉक्टर (ऑर्थोपेडिक) के 01 (एक) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

**वाक-इन-इंटरव्यू की तारीख और समय:**
**रिपोर्टिंग का समय:** 23.06.2026 (मंगलवार), सुबह 10.30 बजे।
**जगह:** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा का कार्यालय [एसीएमएस (प्रशासन) का चेंबर/सीएमएस कार्यालय]

**पदों की संख्या:** सीएमपी (स्पेशलिटी) [ऑर्थोपेडिक] = 01 अदद। **ऊपर बताए गए 01 अदद डॉक्टर के लिए श्रेणी के अनुसार विवरण नीचे दिया गया है:** अन्य पिछड़ी जाति = 01 अदद। कुल पद = 01 अदद। **पद का प्रकार:** सीएमपी (स्पेशलिटी) [ऑर्थोपेडिक]। **मासिक पारिश्रमिक:** ₹1,23,500। **ज़रूरी योग्यता: ऑर्थोपेडिक में स्पेशलिस्ट के लिए-** डी.ऑर्थो./एमएस ऑर्थो./डीएनबी ऑर्थो.। **वांछित योग्यता: ऑर्थोपेडिक में स्पेशलिस्ट के लिए-** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में कम से कम 1 (एक) वर्ष का विगत कामकाजी अनुभव।

वाक-इन-इंटरव्यू में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को अपने संबंधित प्रमाणपत्र और बायो-डेटा की स्व-अभिप्रमाणित फोटो प्रति [उम्र/जन्म तिथि, सभी शैक्षणिक और पेशेवर योग्यता प्रमाणपत्र, पंजीकरण प्रमाणपत्र, अनुभव (यदि कोई हो), फोटो (03 अदद) के साथ पैन कार्ड, आधार कार्ड (सभी दस्तावेजों के 2 सेट) के समर्थन में] जमा करनी होगी। साक्षात्कार के समय सत्यापन के लिए उम्मीदवारों को मूल प्रमाणपत्र/दस्तावेज अपने साथ लाने होंगे। नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों की शुरुआती उम्र सीमा 53 साल है और नियुक्ति के लिए अधिकतम उम्र सीमा 65 साल तक है। केंद्र सरकार/राज्य सरकार के इच्छुक सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारी भी वाक-इन-इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं।

अगर किसी खास श्रेणी में उपयुक्त उम्मीदवार प्राप्त नहीं होता है, तो दूसरी श्रेणी के उपयुक्त उम्मीदवार पर विचार किया जाएगा। विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया **https://er.indianrailways.gov.in/**Kanchrapara Workshop>Department>Medical>Notification पर लॉग ऑन करें।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कांचरापाड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. ईएनजीजी-04/26-27 (खुली), दिनांक 09.06.2026 (जोनल निविदा)। मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कंचरापाड़ा कारखाना, उत्तर 24 परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पबं) द्वारा दिनांक 01.07.2026 से 30.06.2027 तक की जोनल अवधि के लिए मंडल डाउन अभियंता/कांचरापाड़ा वर्कशॉप के अधीन किए जाने वाले मरम्मत/रखरखाव कार्यों के लिए नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन हेतु विशेषकर रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पहले समतुल्य प्रकृति के कार्य निष्पादन करने का समुचित अनुभव तथा वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए जोनल ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **क्रमांक 1; निविदा सं. डब्ल्यूटी-07-जोन-01-26-27, कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/ईस्ट/केपीए के अधीन फोरमैन कॉलोनी में सेवा एवं आवासीय इमारतें जिसमें इंस्टीट्यूट, इटखोला कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, कांचरापाड़ा रेलवे अस्पताल, कांचरापाड़ा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स (स्टेडियम), एसटीसी एवं आरपीएफ बैरकें, आरएमपी स्कूल शामिल हैं के लिए साधारण मरम्मत, ह्वाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी का कार्य, सड़क कार्य (सैनिटरी एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर) (i) सीएच. 17 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2023 के सभी चैप्टर एवं 18/यूएसएसओआर 2021 (जो लागू है)। **क्रमांक 2; निविदा सं. डब्ल्यूटी-08-जोन-02-26-27, कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/वेस्ट/केपीए के अधीन भूतबागान, एचएलआर कॉलोनी एवं इंस्टीट्यूट, ऑफिसर्स कॉलोनी, आमबागान कॉलोनी, ऑफिसर्स क्लब, रेस्ट हाउस, सीडब्ल्यूएम बंगलो के अधिकार क्षेत्र में सेवा एवं आवासीय इमारतों के लिए साधारण मरम्मत, ह्वाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी का कार्य, सड़क कार्य (सैनिटरी एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर) (i) सीएच. 17 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2023 के सभी चैप्टर एवं 18/यूएसएसओआर 2021 (जो लागू है)। **क्रमांक 3; निविदा सं. डब्ल्यूटी-09-जोन-03-26-27, कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/केपीए के अधीन लोको शॉप, लोको शॉप कॉम्पलेक्स के भीतर सभी क्षेत्रों एवं केपीए स्टोर में सेवा एवं कार्यालय भवनों के लिए साधारण मरम्मत, ह्वाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी का कार्य, सड़क कार्य (सैनिटरी एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर) (i) सीएच. 17 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2023 के सभी चैप्टर एवं 18/यूएसएसओआर 2021 (जो लागू है)। **क्रमांक 4; निविदा सं. डब्ल्यूटी-10-जोन-04-26-27, कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/केपीए के अधीन कैरेज शॉप, कैरेज कॉम्पलेक्स के भीतर सभी क्षेत्रों, एचएलआर स्टोर में सेवा एवं कार्यालय भवनों के लिए साधारण मरम्मत, ह्वाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी का कार्य, सड़क कार्य (सैनिटरी एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर) (i) सीएच. 17 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2023 के सभी चैप्टर एवं 18/यूएसएसओआर 2021 (जो लागू है)। **क्रमांक 5; निविदा सं. डब्ल्यूटी-11-जोन-05-26-27, कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/केपीए के अधीन जोन सं. 1 से 4 तक के पुराने एवं न्यू फिल्टर हाउस, रिवर साइड पम्प हाउस में सेवा भवनों के लिए प्लम्बिंग तथा सैनिटरी कार्य सहित सम्पूर्ण प्लम्बिंग तथा सैनिटरी कार्य (i) सीएच. 17 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2023 में सैनिटरी एवं प्लम्बिंग कार्य एवं 18/यूएसएसओआर 2021 (जो लागू है)। **क्रमांक 6; निविदा सं. डब्ल्यूटी-12-जोन-06-26-27, कार्य का विवरण :** एटीई/केपीए के अधीन फोरमैन कॉलोनी जिसमें इंस्टीट्यूट, इटखोला कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, कांचरापाड़ा रेलवे अस्पताल, कांचरापाड़ा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स (स्टेडियम), एसटीसी एवं आरपीएफ बैरकें, आरएमपी स्कूल शामिल हैं, में बगीचों, लैंडस्केप का रखरखाव एवं पौधा रोपण (डीएसआर हार्टिकल्चर एवं लैंडस्केपिंग-2020 के सभी चैप्टर)। **क्रमांक 7; निविदा सं. डब्ल्यूटी-13-जोन-07-26-27, कार्य का विवरण :** एटीई/केपीए के अधीन डांगापाड़ा कॉलोनी एवं इंस्टीट्यूट, भूतबागान कॉलोनी, एचएलआर कॉलोनी एवं इंस्टीट्यूट, ऑफिसर्स कॉलोनी, आमबागान कॉलोनी, ऑफिसर्स क्लब, रेस्ट हाउस, सीडब्ल्यूएम बंगलो में बगीचों, लैंडस्केप का रखरखाव एवं पौधा रोपण (डीएसआर हार्टिकल्चर एवं लैंडस्केपिंग-2020 का सभी चैप्टर)। **क्रमांक 8; निविदा सं. डब्ल्यूटी-14-जोन-08-26-27, कार्य का विवरण :** एटीई/केपीए के अधीन केपीएडब्ल्यू में लोको कॉम्पलेक्स तथा केपीए स्टोर के भीतर बगीचों, लैंडस्केप का रखरखाव एवं पौधा रोपण (डीएसआर हार्टिकल्चर एवं लैंडस्केपिंग-2020 के सभी चैप्टर)। **क्रमांक 9; निविदा सं. डब्ल्यूटी-15-जोन-09-26-27, कार्य का विवरण :** एटीई/केपीए के अधीन केपीएडब्ल्यू में कैरेज कॉम्पलेक्स तथा एचएलआर स्टोर के भीतर बगीचों, लैंडस्केप का रखरखाव एवं पौधा रोपण (डीएसआर हार्टिकल्चर एवं लैंडस्केपिंग-2020 के सभी चैप्टर)। **जोनल कार्य का कुल अनुमानित मूल्य :** रु. 1,25,00,000/- (क्रमांक 1 से 4 के लिए), रु. 1,00,00,000/- (क्रमांक 5 के लिए) एवं रु. 12,50,000 (क्रमांक 6 से 9 के लिए)। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा :** रु. 2,50,000/- (क्रमांक 1 से 4 के लिए), रु. 2,00,000/- (क्रमांक 5 के लिए) एवं रु. 25,000 (क्रमांक 6 से 9 के लिए)। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** सभी के लिए 30.06.2027 तक। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** सभी के लिए दिनांक 03.07.2026 को 14.30 बजे। कार्य का दायरा सांकेतिक मात्र है। हालांकि, विवरण भारतीय रेल ई-टेंडरिंग साइट (आईआरईपीएस) यानी **https://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि :** निविदा खुलने से 15 दिन पहले, इस अवधि के दौरान निविदादाता अपने प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। प्रत्येक ई-टेंडरिंग के लिए निविदा दस्तावेज की कीमत तथा बयाना राशि सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार की जाएगी अथवा भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा किए जा सकते हैं। बैंक गारंटी बांड निविदा दस्तावेज की परिशिष्ट-XI के अनुसार होगी। टिप्पणी: निविदा दस्तावेज की कीमत तथा बयाना राशि के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) एवं डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदा दिनांक 03.07.2026 को 14.00 बजे बंद कर दी जाएगी एवं उसी दिन 14.30 बजे के उपरांत निविदा खोलने वाले कर्मियों तथा नेट की उपलब्धता के अनुसार खोली जाएगी।

(MISC-72/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# राज्य के सरकारी पुस्तकालयों से हटेंगी ममता की किताबें : मंत्री गौरीशंकर घोष

❑ ज्ञानवर्धन, राष्ट्रीय चेतना वाली पुस्तकों को मिलेगी प्राथमिकता
❑ पुस्तकालयों का आधुनिकीकरण और ई-ग्रंथालय बनेंगे



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद सरकारी पुस्तकालयों की व्यवस्था और सामग्री में बड़े बदलाव के संकेत मिले हैं। राज्य के नवनियुक्त जनशिक्षा प्रसार एवं पुस्तकालय मंत्री गौरीशंकर घोष ने गुरुवार को कहा कि सरकारी पुस्तकालयों में अब ऐसी पुस्तकों को प्राथमिकता दी जाएगी जो विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन, राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की 'एपांग-ओपांग-झपांग' जैसी पुस्तकों को सरकारी पुस्तकालयों से हटाया जाएगा। इस दिन, विभाग का कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि जिन पुस्तकों से छात्रों के ज्ञान में वृद्धि नहीं होती, उन्हें पुस्तकालयों से हटाया जाएगा। उनकी जगह राष्ट्रवाद, आधुनिक विज्ञान, भारतीय संस्कृति और बंगाल के महान मनीषियों से संबंधित साहित्य को बढ़ावा दिया जाएगा। घोष ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, स्वामी विवेकानंद, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, काजी नजरुल इस्लाम और बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जैसे महान व्यक्तित्वों के साहित्य को पुस्तकालयों में प्रमुखता दी जाएगी। उनका आरोप था कि पूर्ववर्ती सरकार ने इन महापुरुषों के योगदान को पर्याप्त महत्व नहीं दिया। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि राज्य के पुस्तकालयों का व्यापक स्तर पर आधुनिकीकरण किया जाएगा तथा डिजिटल तकनीक के माध्यम से ई-ग्रंथालयों की स्थापना की जाएगी। राजनीतिक और शैक्षणिक हलकों में इस बयान को राज्य की शिक्षा, ग्रंथालय नीति और सांस्कृतिक दिशा में संभावित बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## ‘शिक्षा से रोजगार मिलता है, हमें यह विश्वास फिर से कायम करने की जरूरत’

❑ स्कूल शिक्षा विभाग का कार्यभार संभालने के बाद मंत्री दीपक बर्मन कहा
❑ स्कूल शिक्षा पर भरोसा बहाल करना प्राथमिकता, भर्ती विवाद पर बोले मंत्री



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के नए स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक बर्मन ने गुरुवार को विभाग का कार्यभार संभालने के बाद कहा कि राज्य सरकार का सबसे बड़ा लक्ष्य विद्यार्थियों का स्कूल शिक्षा व्यवस्था पर भरोसा फिर से कायम करना है। हालांकि, उन्होंने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती विवाद पर तत्काल कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि पहले पूरे मामले को समझना आवश्यक है।

दीपक बर्मन ने कहा कि एसएससी भर्ती प्रक्रिया से जुड़े कई मामले अभी अदालतों में लंबित हैं। ऐसे में बिना सभी पहलुओं का अध्ययन किए कोई टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। शिक्षा व्यवस्था की मौजूदा चुनौतियों पर बोलते हुए दीपक बर्मन ने स्वीकार किया कि राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। कहीं शिक्षकों की भारी कमी है तो कहीं छात्र संख्या लगातार घट रही है और शिक्षक स्कूलों में मौजूद रहने के बावजूद पर्याप्त विद्यार्थी नहीं पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी को एक छत के नीचे लाने का प्रयास किया जाएगा। स्कूल शिक्षा व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास फिर से स्थापित करने के लिए सरकार सक्रिय रूप से काम करेगी।

### कॉग्निजेंट ने एआई बिल्डर्स तैयार करने के लिए 'ऐस टीम प्रोग्राम' किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** कॉग्निजेंट ने एआई-आधारित डिजिटल परिवर्तन को गति देने के उद्देश्य से 'कॉग्निजेंट ऐस टीम प्रोग्राम' की शुरुआत की है। इस पहल का लक्ष्य ऐसे प्रतिभाशाली इंजीनियरों की विशेष टीम तैयार करना है, जो ग्राहकों के लिए आधुनिक तकनीकी समाधान विकसित करने के साथ कंपनी को एआई बिल्डर संगठन के रूप में मजबूत बनाएंगे। कंपनी के प्रेसिडेंट ग्लोबल ऑपरेशंस एवं चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, इंडिया राजेश वारियर ने कहा कि यह पहल एआई को बड़े पैमाने पर लागू करने और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में चयन के लिए शैक्षणिक संस्थान के बजाय तकनीकी दक्षता, एआई विशेषज्ञता और संचार कौशल को प्राथमिकता दी जाएगी।

### श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति के पुनः अध्यक्ष चुने गए दिनेश कुमार बिहानी



**कोलकाता :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति की नई कार्यकारिणी के लिए संपन्न हुए चुनाव में जीतकर आई टीम ने अध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार बिहानी का नाम फिर से चुना। उपाध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार कालानी, सुरेंद्र बेरीवाल, सचिव पद के लिए गोविंद रांधड़, संयुक्त सचिव विजय कुमार दारुका, नवनीत सादानी, कोषाध्यक्ष विकास नेवटिया, संयुक्त कोषाध्यक्ष सोमनाथ कुमार व समन्वयक पद पर सुशील कुमार अग्रवाल चुने गए। पंकज कुमार गोयल, मनोज कुमार बंसल, प्रदीप जालान, राजीव कुमार सिंघी, अमित कुमार अग्रवाल, संदीप कुमार खेतावत, दिनेश डालमिया, बिमल कुमार टिबड़ेवाल, पवन कुमार कनोई, तरुण गोयल, सचिन बेरीवाल, त्रिलोक गोयल नई कार्यकारिणी में शामिल किए गए। इलेक्शन के बाद दूसरी टर्म फिर अध्यक्ष बने दिनेश कुमार बिहानी ने कहा कि बहुत सारे काम अब इस नए सत्र में हमें पूरे करने है तो इलेक्टेड हुई नई टीम ने कहा कि कुछ नया और बेहतर कर पाएं इसकी पूरी कोशिश रहेगी।

## राज्य भर में 20 जून को मनाया जाएगा ‘पश्चिम बंगाल दिवस’

### हर जिले में गठित होंगी विशेष कमेटियां, स्कूलों-कॉलेजों में होंगे कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की नई राज्य सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक और सांस्कृतिक फैसला लेते हुए आगामी 20 जून को पूरे राज्य में भव्य तरीके से 'पश्चिम बंगाल दिवस' मनाने का निर्देश जारी किया है। सरकार द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, राज्य के सभी जिलों के मुख्यालयों, सरकारी संस्थानों और स्कूल-कॉलेजों में इस दिन विशेष कार्यक्रमों का आयोजन अनिवार्य कर दिया गया है। इस पूरी कवायद का मुख्य उद्देश्य आम जनता और नई पीढ़ी को बंगाल के समृद्ध इतिहास तथा '20 जून' की ऐतिहासिक प्रासंगिकता से रूबरू कराना है। सरकारी आदेश के मुताबिक, हर जिले में सांस्कृतिक उत्सव, ऐतिहासिक प्रदर्शनियां और चर्चा-सभाएं (सेमिनार) आयोजित की जाएंगी। जिलों में स्थित सरकारी पुस्तकालयों, संग्रहालयों और सांस्कृतिक केंद्रों में सार्वजनिक समारोह होंगे।

इन कार्यक्रमों में मुख्य रूप से इस बात पर प्रकाश डाला जाएगा कि राज्य के निर्माण का इतिहास क्या है और आखिरकार 20 जून को ही 'पश्चिम बंगाल दिवस' के रूप में क्यों मनाया जाता है। इस बड़े आयोजन की रूपरेखा तैयार करने, समन्वय बिठाने और इसे धरातल पर उतारने के लिए हर जिले में एक जिला-स्तरीय पश्चिम बंगाल दिवस उत्सव समिति का गठन करने का आदेश दिया गया है। संबंधित जिले के जिलाधिकारी इस हाई-पावर कमेटी के अध्यक्ष (चेयरमैन) होंगे। इस विशेष कमेटी में जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त जिलाधिकारी, जिला सूचना एवं सांस्कृतिक अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और जिले की नगरपालिकाओं के कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। इसके अलावा, कमेटी में स्थानीय निर्वाचित विधायकों और सांसदों को भी शामिल रखने का निर्देश दिया गया है ताकि जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।



पैटन ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजय बुधिया ने राज्य के उद्योग, वाणिज्य एवं उद्यम विभाग के प्रभारी मंत्री तापस रॉय तथा राज्य मंत्री मोमिता विश्वास मिश्रा से मुलाकात की। बैठक में उद्योग क्षेत्र के विकास, निवेश, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

## प्रकाश चिक बड़ाईक और कोयल मल्लिक ने राज्यसभा सांसद पद से दिया इस्तीफा

❑ पिछले चार दिनों में चार राज्यसभा सांसदों ने दिया इस्तीफा, तृणमूल की संख्या 13 से घटकर नौ हुई

**नई दिल्ली/कोलकाता :** विधानसभा चुनाव में करारी पराजय के बाद तृणमूल कांग्रेस का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पार्टी के भीतर शुरू हुई बगावत विधानसभा से लेकर संसद तक पहुंच चुकी है। गुरुवार को राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक और अभिनेत्री-सांसद कोयल मल्लिक ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही पिछले चार दिनों में राज्यसभा से इस्तीफा देने वाले तृणमूल सांसदों की संख्या चार हो गई है। इससे पहले सुखेंदु शेखर राय और सुष्मिता देव भी उच्च सदन की सदस्यता छोड़ चुके हैं। प्रकाश चिक बड़ाईक ने इस्तीफे के बाद कहा कि हालिया चुनाव में जनता ने जो जनादेश दिया है, उसका सम्मान करते हुए उन्होंने यह फैसला लिया है। उन्होंने तृणमूल छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि भविष्य में वह मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ही काम करेंगे। बता दें कि बड़ाईक को 2023 में तृणमूल ने राज्यसभा भेजा था और 2024 के लोकसभा चुनाव में अलीपुरद्वार से उम्मीदवार भी बनाया था। उन्होंने पार्टी के भी सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उधर, कोयल मल्लिक के इस्तीफे ने तृणमूल की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। फरवरी में पार्टी ने उन्हें राज्यसभा उम्मीदवार बनाया था और अप्रैल में उन्होंने सांसद पद की शपथ ली थी। उस समय उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बताया था, लेकिन अब पार्टी से दूरी बना ली है।

लगातार इस्तीफों के कारण राज्यसभा में तृणमूल की संख्या 13 से घटकर नौ रह गई है। सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में कुछ और सांसद भी इस्तीफा दे सकते हैं। लोकसभा में भी पार्टी की स्थिति कमजोर होती दिख रही है, जहां बड़ी संख्या में सांसदों के असंतुष्ट खेमे के साथ जाने की चर्चा है।

## अग्रसेन धाम का प्रतिष्ठित अग्र मेधा सम्मान 14 जून को

**कोलकाता :** महाराजा अग्रसेन धाम के प्रतिष्ठित अग्र मेधा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 14 जून को प्रातः 10 बजे से धन-धान्यो सभागार में किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष ओम जालान एवं मंत्री निर्मल सराफ ने बताया कि समारोह का उद्घाटन राज्यसभा सांसद तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य करेंगे।

राज्य के उद्योग मंत्री तापस राय विशेष अतिथि बतौर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, ग्रेजुएशन, एमबीए, मेडिकल, कानून, सी.एस, सी.ए और यू.पी.एस.सी जैसी विविध परीक्षाओं में उच्च अंकों से उत्तीर्ण होने वाली अग्रवाल समाज की प्रतिभाओं को विभूषित किया जाएगा।

समारोह में राज्य की नयी सरकार के अन्य कई मंत्री, विधायक, शिक्षाविद तथा सामाजिक क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियां अतिथि बतौर उपस्थित रहेंगी। आयोजन की सफलता हेतु संस्था के ट्रस्ट बोर्ड के सर्वश्री मुरारीलाल दीवान, दिनेश अड़ुकिया, भगवानदास अग्रवाल, अनिल केडिया, दीपक अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल तथा संयोजकगण निरंजन अग्रवाल, विवेक अड़ुकिया, अशोक चूड़ीवाला, बजरंग लाल अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी व महिला समिति की सदस्यगण सक्रिय हैं।

### हाई कोर्ट ने विपक्षी नेता के रूप में ऋतब्रत बनर्जी की मान्यता पर अंतरिम रोक लगाने से किया इनकार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ वाली अवकाशकालीन बेंच ने विधानसभा के नए अध्यक्ष रथींद्र बोस द्वारा निष्कासित तृणमूल कांग्रेस विधायक ऋतब्रत बनर्जी को सदन में पार्टी के बहुमत गुट का नेता और आधिकारिक विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। बता दें कि स्पीकर के इस फैसले को चुनौती देते हुए इस सप्ताह की शुरुआत में एक याचिका दायर की गई थी। गुरुवार को न्यायमूर्ति कृष्ण राव की एकल पीठ वाली अवकाशकालीन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद, अदालत ने याचिकाकर्ता की अंतरिम संरक्षण आदेश की मांग स्वीकार करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि पहले इस मामले से संबंधित स्पीकर का आदेश न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। साथ ही, सभी पक्षों को निर्देश दिया कि स्पीकर का आदेश रिकॉर्ड पर आने के बाद ही अदालत का रुख करें। वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने न्यायमूर्ति कृष्णा राव के सामने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने विधानसभाध्यक्ष को चट्टोपाध्याय को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने के पार्टी के फ़ैसले के बारे में जानकारी दे दी थी। उन्होंने दलील दी कि ऐसा फैसला लेने का अधिकार विधायक दल नहीं, बल्कि राजनीतिक दल को है और विधानसभाध्यक्ष राजनीतिक दल द्वारा किए गए चयन को स्वीकार करने के लिए बाध्य हैं। बनर्जी ने अदालत में कहा कि विधानसभाध्यक्ष के कदम संविधान के मूल ढांचे पर चोट करता है। विधानसभाध्यक्ष के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने के अनुरोध करते हुए कल्याण बनर्जी ने अदालत को बताया कि विधानसभा का सत्र 18 जून को आहूत किया गया है। विधानसभाध्यक्ष के वकील बिलवदल भट्टाचार्य ने याचिका में उठाए गए मुद्दों का जवाब देने के लिए हलफनामा दाखिल करने के संबंध में समय मांगा। न्यायमूर्ति राव ने कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 जून की तारीख तय की।

### भारत में मोगू मोगू का वैश्विक अभियान लॉन्च, जेन जी को दिया नया संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** लोकप्रिय ड्रिंक ब्रांड मोगू मोगू ने भारत में अपना नया वैश्विक अभियान 'वाना स्किप? यू गॉटा च्यू' शुरू किया है। अभियान का उद्देश्य जेन जी युवाओं को जीवन की असहज और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना है। ब्रांड का संदेश है कि वास्तविक जीवन में किसी भी स्थिति को स्किप नहीं किया जा सकता, इसलिए उसे मोगू मोगू के अनोखे सिप एंड च्यू अनुभव के साथ सहजता से पार किया जा सकता है। थाईलैंड की सैप्पे पब्लिक कंपनी लिमिटेड द्वारा तैयार इस अभियान की कहानी युवाओं के रोजमर्रा के अनुभवों पर आधारित है। भारत में मोगू मोगू के वितरण साझेदार सनबीम वेंचर्स के संस्थापक विकास सिंघल ने कहा कि यह अभियान युवाओं से उनकी अपनी भाषा और अंदाज में जुड़ता है। यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर चलाए जा रहे इस अभियान के साथ कंपनी ने मोगू मोगू कैंडी और मोगू मोगू आइस टी के भारतीय बाजार में लॉन्च की भी घोषणा की है।

### अवैध वसूली आरोप में तृणमूल पार्षद गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजपुर-सोनारपुर नगरपालिका के वार्ड चार के पार्षद विभास मुखर्जी उर्फ मनु को कथित तौर पर अवैध वसूली के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार की रात गड़िया के रूबी क्षेत्र के पास स्थित एक होटल से उन्हें हिरासत में लिया। इसी मामले में उनके करीबी सहयोगी पापाई को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, पापाई के माध्यम से विभिन्न स्थानों से पैसे वसूले जाने की शिकायत मिली थी। दोनों आरोपितों से पूछताछ कर मामले से जुड़ी अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं। बता दें कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद राजपुर-सोनारपुर नगरपालिका के अब तक तीन पार्षदों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## अलीपुर के जिला परिषद कार्यालय में आग लगने से 4000 ईवीएम जलकर खाक, एफआईआर दर्ज

❑ अग्निशमन मंत्री ने किया घटनास्थल का दौरा, जताई साजिश की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के अग्निशमन मंत्री कौशिक चौधरी ने गुरुवार को बताया कि अलीपुर स्थित एक सरकारी इमारत में लगी आग में करीब 4,000 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) जलकर खाक हो गईं। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि दक्षिण कोलकाता के अलीपुर इलाके में नौ मंज़िला इमारत में बुधवार को भीषण आग लगी थी। इस इमारत में अन्य विभागों के अलावा दक्षिण 24 परगना जिला परिषद का कार्यालय भी था। अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के राज्य मंत्री चौधरी ने कहा कि आग में लगभग 4,000 ईवीएम जलकर नष्ट हो गईं। राज्य में इस साल हुए विधानसभा चुनावों के दौरान इन ईवीएम का इस्तेमाल 10 निर्वाचन क्षेत्रों में किया गया था। चौधरी ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद कहा कि यह सामान्य आग नहीं प्रतीत हो रही है। हम जांच कर रहे हैं कि कहीं कोई तोड़-फोड़ तो नहीं हुई थी। अभी यह साफ नहीं है कि आग नौवीं और दसवीं मंज़िल तक कैसे पहुंची। उन्होंने कहा कि आग सबसे पहले इमारत की दूसरी और तीसरी मंज़िल पर देखी गई। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि आग चौथी, पांचवीं और छठी मंज़िल को प्रभावित किए बिना सातवीं और आठवीं मंज़िल तक कैसे पहुंच गयी? पूरे मामले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि वह घटना के बारे में बेहतर जानकारी के लिए फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, आग लगने के लगभग 24 घंटे बाद भी दमकलकर्मी आग बुझाने के काम में जुटे रहे। हालांकि, गुरुवार की सुबह आग की लपटें दिखाई नहीं दे रही थीं, लेकिन अधिकारियों का कहना था कि अलग-अलग जगहों पर आग सुलगने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

इस बीच, दक्षिण 24 परगना प्रशासन ने अलीपुर पुलिस थाना में लिखित तहरीर देकर मामले की जांच कराने का अनुरोध किया है। यह तहरीर जिले के अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) ने दी, जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी। जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आग बिजली की खराबी या किसी और वजह से लगी। इमारत को सील कर दिया गया है और वहां आने-जाने पर रोक लगा दी गई है, क्योंकि जांचकर्ता इस तथ्य का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आग किस तरह कई मंज़िलों तक फैली। अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों से उम्मीद है कि वे घटनास्थल पर पहुंचेंगे और आग लगने की वजह का पता लगाने के लिए नमूने एकत्र इकट्ठा करेंगे।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान करवाता है ईश्वर का साक्षात् दर्शन : डॉ. सर्वेश्वर

❑ केवल वेश नहीं, ईश्वर-दर्शन है पूर्ण संत-सद्गुरु की पहचान : डॉ. सर्वेश्वर
❑ श्री राम कथा के पंचम दिवस केवट प्रसंग व जानकीहरण प्रसंग का किया व्याख्यान



**हावड़ा :** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान व राम भक्त परिवार द्वारा 101 फोरशोर रोड, हावड़ा में 7-13 जून 2026 तक आयोजित श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस कथाव्यास डॉ. सर्वेश्वर जी ने केवट प्रसंग को बहुत ही भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि श्री राम केवट से गंगा पार कराने के लिए नौका की मांग करते हैं। लेकिन केवट यह कहते हुए साफ मना कर देता है कि जब तक प्रभु उससे चरण-प्रक्षालन नहीं करवाएंगे, वह उनको नौका में नहीं बिठाएगा। केवट बार-बार प्रभु से भावपूर्ण निहोरे करता है और अंततः प्रभु केवट के प्रेमभाव पे रीझ कर उसे चरण-प्रक्षालन की अनुमति प्रदान कर देते हैं। स्वामी जी ने बताया कि यह घटना निष्कामता का प्रतीक है। जब एक भक्त के भीतर निष्काम भक्ति जन्म लेती है तब उसे ईश्वर से नहीं मांगना पड़ता अपितु भगवान स्वयं उसके द्वार पर मांगने के लिए आ जाते हैं। केवट प्रभु को भावभीनी विदाई देता है और प्रभु वन की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। आगे वन में शूर्पनखा द्वारा प्रेरित हुआ रावण एक साधु का छद्म वेश धारण कर आता है और माता जानकी का अपहरण कर उन्हें लंका ले जाता है।

कथा का मर्म समझाते हुए स्वामी जी ने बताया कि माता सीता ने केवल रावण के वेश पर विश्वास किया और बदले में उनकी श्रद्धा का अपहरण हो गया। ये प्रसंग सीख देता है कि केवल बाहरी वेश ही गुरु की पहचान नहीं होता। ऐसा साधुवेश तो कालनेमि ने भी धारण किया था हनुमान जी को भ्रमित करने के लिए। जैसे एक चिकित्सक के वस्त्र पहनने मात्र से कोई ऑपरेशन करने की कला का ज्ञाता नहीं हो जाता, ऐसे ही केवल बाहरी वेश धारण करने से कोई संत नहीं बन जाता। आज समाज में ऐसे कितने ही प्रतिष्ठित तथाकथित धर्मगुरु हैं, जो लोगों को बड़े-बड़े आध्यात्मिक उपदेश तो देते हैं लेकिन न तो उन्होंने स्वयं ईश्वर दर्शन किया है और न ही अपनी शरण में आए जिज्ञासुओं को ईश्वर-दर्शन करवाने का सामर्थ्य रखते हैं। उलटा लोगों को अपने शब्दजाल में फंसाकर और भी भ्रमित कर देते हैं। ऐसे में, आज जरूरत है पूर्ण गुरु की पहचान को प्राप्त करने की। पूर्ण गुरु वही होते हैं जो दीक्षा देते समय मस्तक पर हाथ रख तत्क्षण ही ईश्वर का दर्शन घट में करवा देते हैं। वो कोई मन्त्र, माला, नाम आदि नहीं देते अपितु ईश्वर के प्रकाश रूप को भीतर ही दिखा देते हैं। अतः हम भी खोज करें ऐसे सद्गुरु की; अगर कहीं न मिलें तो दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी ईश्वर का दर्शन करवाने का सामर्थ्य रखते हैं। संस्थान प्रभु-दर्शन के सच्चे अभिलाषियों का हार्दिक स्वागत करता है। इस अवसर पर कथा पंडाल में होली का उत्सव भी बहुत धूमधाम से मनाया गया। कथा को विराम प्रभु की पावन आरती से दिया गया।

इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बिप्लव मंडल, रतन चौधरी, श्याम चौधरी, लालजी गुप्ता, संदीप गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद साव, अवधेश साव, हरीश चन्द्र जायसवाल, राजेन्द्र प्रसाद साव, गोपाल सील, आनन्द चौधरी, सुरेश जायसवाल, समाज्ञा हिन्दी दैनिक के संपादक अनिल कुमार राय, जयंत पाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

## बहरमपुर कोर्ट स्टेशन पर डिजिटल इंटरलॉकिंग प्रणाली लागू, ट्रेनों की गति और सुरक्षा को मिलेगा नया आयाम



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने रेल अवसंरचना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए बहरमपुर कोर्ट स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग इलेक्ट्रॉनिक सिग्नलिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस अत्याधुनिक तकनीकी उन्नयन से स्टेशन पर ट्रेन संचालन अधिक सुरक्षित, तेज और विश्वसनीय होगा। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में लागू की गई यह परियोजना रेल सुरक्षा, समयपालन और निर्बाध परिचालन को नई मजबूती प्रदान करेगी। नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली पुराने मैनुअल तंत्र की जगह लेगी, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना काफी कम होगी। इसके परिणामस्वरूप ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुचारु होगी और यात्रियों को स्टेशन के बाहर होने वाली अनावश्यक देरी से राहत मिलेगी। साथ ही नेटवर्क की क्षमता बढ़ने से स्थानीय यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों का संचालन एक साथ अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना की निगरानी में पूरी की गई इस परियोजना के तहत स्टेशन की क्षमता बढ़ाने के लिए तीन नई कॉमन लूप लाइनें विकसित की गई हैं। इनमें लूप लाइन-3 की क्लियर स्टैंडिंग रूम क्षमता 594 मीटर, लूप लाइन-4 की 377 मीटर और लूप लाइन-5 की 348 मीटर है। इसके अलावा, मौजूदा लाइन-1 की क्षमता 680 मीटर से बढ़ाकर 890 मीटर तथा लाइन-2 की क्षमता 564 मीटर से बढ़ाकर 807 मीटर कर दी गई है। स्टेशन पर परिचालन मार्गों की संख्या भी 25 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है, जिससे यार्ड में एक साथ कई ट्रेनों की आवाजाही संभव हो सकेगी। तकनीकी रूप से उन्नत इस व्यवस्था के तहत निप्पॉन निर्मित डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली और ड्यूल वीडियो डिस्प्ले यूनिट स्थापित की गई है। सुरक्षा और ट्रेन ट्रैकिंग को मजबूत बनाने के लिए फ्राउशर की ड्यूल मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर प्रणाली लगाई गई है, जिसमें मुख्य लाइन पर 48 डिटेक्शन प्वाइंट्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 11 नए प्वाइंट मशीन लगाए गए हैं तथा पांच पुराने मोटर प्वाइंट्स को हटाया गया है।

परियोजना में रिंग अर्थ ग्रिड, दो इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम, सर्ज प्रोटेक्शन, फ्यूज अलार्म, अर्थ लीकेज डिटेक्टर और स्वचालित अग्नि पहचान एवं अलार्म प्रणाली जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। वहीं, एलसी गेट 129/ई और 132/टी पर नए इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर तथा एलसी गेट 129/ई पर नया गेट पैनल स्थापित किया गया है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवराम माझी ने कहा कि बहरमपुर कोर्ट स्टेशन पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का सफल कमीशनिंग यात्रियों को अधिक सुरक्षित, कुशल और समयनिष्ठ रेल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो भविष्य में रेल आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगी।

### एएम/एनएस इंडिया ने बिट्स पिलानी के साथ क्षमता निर्माण में बनाई बढ़त

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने बिट्स पिलानी के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी के तहत मैन्युफैक्चरिंग मैनेजमेंट के पहले एमबीए बैच का सफल दीक्षांत समारोह आयोजित किया। हजीरा स्थित कंपनी के फ्लैगशिप प्लांट में आयोजित इस समारोह में सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कंपनी ने बताया कि यह कार्यक्रम भविष्य के लिए तैयार नेतृत्व क्षमता विकसित करने और कर्मचारियों के कौशल उन्नयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विशेष रूप से स्टील उद्योग की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए इस एमबीए पाठ्यक्रम में प्रबंधन सिद्धांतों के साथ डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, सतत विनिर्माण और डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया को शामिल किया गया। स्नातक प्रतिभागियों ने अपने कैपस्टोन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से परिचालन दक्षता बढ़ाने और व्यावसायिक चुनौतियों के समाधान में योगदान दिया। एएम/एनएस इंडिया और बिट्स पिलानी ने इसे उद्योग और अकादमिक जगत के सफल सहयोग का उदाहरण बताते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के विस्तार की प्रतिबद्धता जताई।

### कोलकाता में आयोजित हुआ 'एपीएमआई लीडरशिप कॉन्क्लेव 2026'

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'एसोसिएशन ऑफ़ पोर्टफोलियो मैनेजर्स इन इंडिया' (एपीएमआई) ने कोलकाता में 'एपीएमआई लीडरशिप कॉन्क्लेव 2026' आयोजित किया। इस कार्यक्रम में रेगुलेटर, पोर्टफोलियो मैनेजर, डिस्ट्रीब्यूटर, फैमिली ऑफिस और वेल्थ मैनेजमेंट प्रोफेशनल एक साथ आए ताकि इस सेक्टर के विकास के अगले चरण को आकार देने वाले अवसरों और प्राथमिकताओं पर चर्चा की जा सके। इस कॉन्क्लेव में सेबी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मनोज कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उनके साथ सेबी के रीजनल डायरेक्टर (ईस्ट) अमित टंडन, एपीएमआई के चेयरमैन बिहारीलाल देवरा, एपीएमआई के वाइस चेयरमैन सुशांत भंसाली और इंडस्ट्री के अन्य वरिष्ठ लीडर भी मौजूद थे। सेबी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, मनोज कुमार ने कहा, भारत में पीएमएस इंडस्ट्री एक अहम मोड़ पर है। जैसे-जैसे निवेशकों की उम्मीदें बदल रही हैं और पर्सनलाइज्ड वेल्थ मैनेजमेंट सॉल्यूशन की मांग बढ़ रही है। एपीएमआई के चेयरमैन, बिहारीलाल देवरा ने कहा: पीएमएस इंडस्ट्री भारत के वेल्थ मैनेजमेंट सेक्टर का एक अहम हिस्सा बनकर उभरी है, जिसकी वजह निवेशकों में बढ़ती जागरूकता, कस्टमाइज्ड इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन की बढ़ती मांग और एक सपोर्टिव रेगुलेटरी फ्रेमवर्क है।

# अब ट्रेडमिल से नहीं, जनता से पूछकर बनेगा बजट : वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता

❑ उत्तर बंगाल को मिलेगी विशेष प्राथमिकता, विकास पर जोर
❑ जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल और कर छूट की मांग उठी



**सिलीगुड़ी :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद नई भाजपा सरकार अपने पहले बजट सत्र की तैयारियों में पूरी ताकत से जुट गई है। आगामी 22 जून को राज्य का बजट पेश होना है। इस ऐतिहासिक बजट से पहले राज्य के नए वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने उत्तर बंगाल के व्यापारियों और उद्योगपतियों की नब्ज टटोलने के लिए सिलीगुड़ी का दौरा किया। गुरुवार को उत्तरकन्या में पूर्व बजट बैठक करने के बाद वित्त मंत्री ने पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि इस बार पहली बार जनता और व्यापारियों से सीधे बात करके बजट तैयार किया जा रहा है। पहले की तरह नहीं, जब ट्रेडमिल पर दौड़ते हुए बजट बनता था। उत्तर बंगाल के व्यवसायियों की एक लंबे समय से मांग थी कि जीएसटी से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें बार-बार कोलकाता भागना पड़ता था, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता था। इस दिन, इस समस्या का स्थायी समाधान करते हुए वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने बड़ा आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आगामी बजट सत्र में वे उत्तर बंगाल में ही एक स्वतंत्र 'जीएसटी ट्रिब्यूनल' स्थापित करने का प्रस्ताव रखेंगे, ताकि स्थानीय व्यापारियों को अपनी कानूनी और तकनीकी समस्याओं के लिए कोलकाता न जाना पड़े। इस दिन, उत्तरकन्या में आयोजित इस अहम बैठक में उनके साथ उत्तर बंगाल विकास मंत्री निशीथ प्रामाणिक वित्त राज्य मंत्री आनंदमय बर्मन और क्षेत्र के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों सहित व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस बैठक में व्यापारियों ने उत्तर बंगाल की रीढ़ माने जाने वाले 'चाय बागानों' की बदहाली और उनकी विभिन्न समस्याओं को वित्त मंत्री के सामने प्रमुखता से उठाया। हालांकि, स्वपन दासगुप्ता ने समाधान का कोई सीधा फॉर्मूला तुरंत नहीं बताया, लेकिन उन्होंने स्पष्ट आश्वासन दिया कि सरकार चरणबद्ध तरीके से और पूरी गंभीरता के साथ चाय उद्योग की समस्याओं को सुलझाएगी।

इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि मालदह के विश्व प्रसिद्ध आम के व्यापार को वैश्विक स्तर पर बड़ा बाजार देने के लिए भी आगामी बजट में विशेष प्रस्ताव रखे जा रहे हैं। वित्त मंत्री के अनुसार, यह फिलहाल 8 महीने का बजट होने जा रहा है। इतिहास में यह पहली बार है जब लोगों से बात करके, उनके मन और जरूरत को समझकर बजट का खाका खींचा जा रहा है। मैंने उत्तर बंगाल की सभी समस्याओं को नोट किया है, धीरे-धीरे सबका समाधान होगा। हमारी सरकार उत्तर बंगाल को सबसे ज्यादा महत्व दे रही है और इसके कई प्रमाण पहले ही मिल चुके हैं।

## विचारधारा के आधार पर होता था भेदभाव, अब सभी को मिलेगा समान अवसर : मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार में सूचना एवं संस्कृति तथा पर्यटन विभाग की राज्य मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती ने विभागीय कार्यभार संभालने के बाद कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच निष्पक्षता तथा प्रतिभा-आधारित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसे कर्मचारी और अधिकारी थे, जिन्हें उनकी राजनीतिक विचारधारा के आधार पर अलग-थलग किया गया और उनके साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया गया। पूर्णिमा चक्रवर्ती ने कहा कि उन्हें सूचना एवं संस्कृति विभाग में मंत्री के रूप में काम करने का अवसर मिला है और वह विभाग में पारदर्शी तथा समावेशी माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग भाजपा के समर्थक थे, पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम करते थे या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करते थे, उन्हें चिन्हित कर हाशिए पर रखा गया था। राज्य मंत्री ने कहा कि कई मामलों में कर्मचारियों की प्रतिभा और कार्यक्षमता की बजाय उनकी वैचारिक पृष्ठभूमि को महत्व दिया गया, जिसके कारण योग्य लोगों को उचित अवसर नहीं मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके कार्यकाल में इस तरह का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग में सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को समान अवसर दिए जाएंगे तथा उनकी योग्यता और कार्य प्रदर्शन के आधार पर जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।



राज्य मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती गुरुवार को आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनती हुई

### टार्जन नेचर रिट्रीट ने लॉन्च किया लाइसेंसिंग मॉडल

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईबीजी ग्रुप के नेचर-हॉस्पिटैलिटी प्लेटफॉर्म टार्जन नेचर रिट्रीट ने अपने टार्जन लाइसेंसिंग /प्रॉपर्टि अपग्रेड मॉडल की शुरुआत की घोषणा की है। इस मॉडल के तहत, योग्य प्रॉपर्टीज़ को टार्जन ब्रांड के साथ जोड़ा जाएगा और एक संरचित ढांचे के जरिए अपग्रेड किया जाएगा। इसमें ब्रांड पहचान, डिज़ाइन सुधार, फोटोग्राफी व कंटेंट, ओटीए और प्राइसिंग रणनीति, हाउसकीपिंग स्टैंडर्ड, स्टाफ ट्रेनिंग, गेस्ट-एक्सपीरियंस एसओपी, ऑडिट, सेंट्रल मार्केटिंग और डिमांड-जनरेशन सपोर्ट शामिल हैं। प्रॉपर्टी की जरूरत के अनुसार, टार्जन गायब हॉस्पिटैलिटी या वेलनेस सुविधाओं की पहचान करने और उन्हें जोड़ने में भी मदद कर सकता है, जैसे प्रीफैब स्टे यूनिट, स्पा कॉटेज, रेस्टोरेंट पॉड, प्लंज पूल, जकूज़ी यूनिट, गाइडेड एक्टिविटी ज़ोन और क्यूरेटेड एफ एंड बी एक्सपीरियंस।

### जनसुविधाओं और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करने घाटों पर पहुंचे विधायक संजय सिंह



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के पाल घाट और जगन्नाथ घाट में आम लोगों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर बाली के विधायक संजय सिंह ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान डीसीपी नॉर्थ और बाली थाने के प्रभारी अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान घाट क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि घाट पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उनकी आवाजाही सुरक्षित एवं सुचारु बनी रहे। इस मौके पर विधायक संजय सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि घाट क्षेत्रों में सुरक्षा और जनसुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## हावड़ा में पीडीएस व्यवस्था की समीक्षा, समय पर राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिला प्रशासन ने गुरुवार को डीएम कार्यालय में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

राज्य मंत्री उमेश राय द्वारा आयोजित इस बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि सभी लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में तथा समय पर राशन उपलब्ध हो। समीक्षा बैठक के दौरान 'दुआरे सरकार' कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सामने आई विभिन्न कमियों और सीमाओं पर भी चर्चा की गई। प्रशासन ने आम लोगों तक सरकारी सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुगम ढंग से पहुंचाने के लिए वैकल्पिक एवं बेहतर व्यवस्थाएं अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।




बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएं। यह संस्करण समाचार पत्र की शैली के अनुसार तैयार किया गया है और इसमें सभी प्रमुख तथ्य शामिल हैं। इस बैठक में हावड़ा की डीएम डॉ दीपा पी प्रिया उप-स्थित रही।

## श्रीरामपुर में तृणमूल पार्षद के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन, थाने में शिकायत दर्ज

**हुगली :** श्रीरामपुर में भाजपा नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस के एक पार्षद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के श्रीरामपुर संगठनात्मक जिला के पूर्व अध्यक्ष श्यामल बोस और महासचिव हरी मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रीरामपुर थाने के सामने प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं का आरोप है कि श्रीरामपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 6 के तृणमूल पार्षद उत्तम राय के पास आय से अधिक संपत्ति है। उनके खिलाफ आरोप लगाया गया है कि विभिन्न स्थानों पर होटल, लॉज और कई मकान कथित तौर पर भ्रष्टाचार के धन से बनाए गए हैं। भाजपा ने पुलिस को शिकायत सौंपकर पार्षद के खिलाफ जांच और उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी कुछ स्थानीय निवासियों ने श्रीरामपुर नगरपालिका कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर उत्तम राय के खिलाफ इसी प्रकार के आरोप लगाए थे। हालांकि, तृणमूल पार्षद उत्तम राय ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उनकी सभी संपत्तियां और व्यवसाय नियमों के अनुसार स्थापित किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ राजनीतिक कारणों से झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। फिलहाल, पुलिस को शिकायत सौंप दी गई है और मामले में आगे की कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।

## 15 से 17 जून तक राज्य में लगेगा 'जनकल्याण शिविर', घर-घर पहुंचेंगी सरकारी योजनाएं

### आवेदन, सत्यापन, सेवा वितरण और शिकायत निपटारे की सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य की नई भाजपा सरकार ने केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचाने के लिए 15 से 17 जून तक राज्यभर में तीन दिवसीय 'जनकल्याण शिविर' आयोजित करने का फैसला किया है। इस विशेष अभियान के तहत लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन, दस्ता-वेज सत्यापन, सेवाओं का लाभ तथा शिकायतों के त्वरित निपटारे की सुविधा मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक सात ग्राम पंचायतों पर एक तथा शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक दस वार्डों पर एक शिविर लगाया जाएगा। वहीं, कोलकाता नगर निगम समेत राज्य के सभी नगर निगम क्षेत्रों में प्रत्येक बोरो कार्यालय में एक-एक शिविर आयोजित किया जाएगा। तीन दिन तक चलने वाले इन शिविरों में पात्र लाभार्थियों का ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण, दस्तावेजों का सत्यापन, विभिन्न योजनाओं के तहत सेवाओं का वितरण और जनता की शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाएगा। पूरे अभियान की निगरानी के लिए एक विशेष आईटी पोर्टल विकसित किया गया है, जिसमें शिविरों की गतिविधियों, प्रगति और सेवा वितरण से संबंधित सभी जानकारियां दर्ज की जाएंगी। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की नोडल एजेंसी राज्य का योजना, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग होगा। अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य, जिला, ब्लॉक और नगर निकाय स्तर पर टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है। राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की अध्यक्षता मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल करेंगे। जिला स्तर पर जिलाधिकारी (डीएम), ब्लॉक स्तर पर बीडीओ, अनुमंडल स्तर पर एसडीओ तथा नगर निगम क्षेत्रों में आयुक्त इसकी निगरानी करेंगे। राज्य सरकार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा और दिशा-निर्देशों के अनुसार अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तत्परता से काम करने का निर्देश दिया है।

### जहांगीर खान को पुलिस ने फलता की सड़कों पर हाफ-पैंट में घुमाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा के लिए 2021 में हुए चुनाव के बाद हिंसा से जुड़े एक मामले की जांच के तहत पुलिस गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस नेता जहांगीर खान को दक्षिण 24 परगना जिले के फलता के इलाकों में लेकर गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जांच के सिलसिले में दोपहर के समय पुलिस कर्मियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों की सुरक्षा में खान को जिले के सहारारहाट और आस-पास के इलाकों में ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार खान को कड़ी सुरक्षा के बीच इलाके में हिंसा से जुड़े स्थानों पर ले जाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इस दौरान स्थानीय लोग शांत रहे और संयमित व्यवहार बनाए रखा। अधिकारी ने कहा कि जांचकर्ताओं को तथ्यों की पुष्टि करने और सबूत इकट्ठा करने में मदद के लिए आरोपी को मामले से जुड़ी जगहों पर ले जाया गया। ऐसी जगहों पर ले जाने का मकसद घटनाओं को फिर से समझना, बयानों की पुष्टि करना और पूछताछ के दौरान बताई गई जगहों की पहचान करना होता है। यह जांच प्रक्रिया का ही एक हिस्सा है।



## सब्जी बाजार में कथित वसूली का आरोप, तृणमूल नेता को स्थानीय लोगों ने पकड़ा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हुगली :** हुगली जिले के धनियाखाली के शिवाइचंडी सब्जी बाजार में कथित तौर पर जबरन वसूली के आरोप में एक तृणमूल नेता को स्थानीय लोगों ने घेर लिया। बाद में पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मानिक पात्र के रूप में हुई है, जिन्हें स्थानीय विधायक असीमा पात्र का रिश्तेदार बताया जा रहा है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मानिक पात्र पर आरोप है कि वह लंबे समय से शिवाइचंडी बाजार में फसल बेचने आने वाले किसानों और व्यापारियों से कथित तौर पर जबरन पैसे वसूलते थे। आरोप है कि पैसे देने से इनकार करने पर दबाव बनाया जाता था और कुछ मामलों में हथियार दिखाकर धमकाने की भी शिकायतें हैं। बताया गया है कि बुधवार को भी इसी तरह की एक घटना के बाद किसानों और व्यापारियों के साथ विवाद शुरू हो गया। इसके बाद स्थानीय लोग और भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और आरोपी को घेरकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विरोध के दौरान एक महिला ने आरोपी को थप्पड़ भी मारा। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मानिक पात्र को अपने साथ थाने ले गई। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा विधायक स्वराज मुखोपाध्याय और तुषार मजूमदार भी धनियाखाली थाने पहुंचे। तुषार मजूमदार ने आरोप लगाया कि आरोपी लंबे समय से किसानों, व्यापारियों, फुटपाथ विक्रेताओं और बाजार के छोटे कारोबारियों से अवैध वसूली करता था। उन्होंने दावा किया कि इस पूरे मामले के पीछे बड़े लोगों का संरक्षण है और भविष्य में अन्य जिम्मेदार लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं। वहीं, हुगली ग्रामीण पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एक विशिष्ट शिकायत के आधार पर मानिक पात्र को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ जबरन पैसे वसूलने और हथियार दिखाकर डराने-धमकाने के आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी।

### शाओमी इंडिया ने लाइका के साथ मिलकर शाओमी 17टी लॉन्च किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** शाओमी इंडिया ने शाओमी 17टी लॉन्च करने की घोषणा की। यह शानदार फ़्लैगशिप डिज़ाइन में बेहतरीन इमेजिंग, शानदार एंटरटेनमेंट, ज़बरदस्त परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ का मेल है। लाइका-पावर्ड इमेजिंग, आंखों का ध्यान रखने वाली डिस्प्ले और बड़ी क्षमता वाली बैटरी के साथ, शाओमी 17टी को बिना किसी समझौते के प्रीमियम स्मार्टफ़ोन अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस डिवाइस में शानदार 6.59-इंच की 1.5के एमोल्ड डिस्प्ले है, जिसकी पीक ब्राइटनेस 3500 निट्स तक है। यह तेज़ धूप में भी शानदार रंग और बेहतरीन विज़िबिलिटी देता है। 120हर्ट्ज़ का स्मूद रिफ्रेश रेट पूरे दिन स्मूद स्क्रॉलिंग, तेज़ गेमिंग और शानदार व्यूइंग अनुभव देता है।

## पूर्व विधायक अदिति मुंशी के कार्यालय से राहत सामग्री बरामद होने के आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व तृणमूल विधायक व कीर्तन कलाकार अदिति मुंशी के राजा-रहाट-गोपालपुर स्थित पार्टी कार्यालय से कथित रूप से राहत सामग्री बरामद होने के आरोप को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। गुरुवार को राजा-रहाट-गोपालपुर के भाजपा विधायक तरुणज्योति तिवारी पार्टी कार्यालय पहुंचे और उनकी मौजूदगी में वहां तलाशी अभियान चलाया गया। भाजपा विधायक तरुणज्योति तिवारी ने आरोप लगाया कि कार्यालय के कई कमरों की तलाशी के दौरान तिरपाल, साड़ियां, धोती सहित विभिन्न सरकारी सामग्री मिली हैं। उन्होंने कहा कि जो काम पुलिस को करना चाहिए था, वह उन्हें करना पड़ रहा है। घटना की सूचना पाकर बागुईआटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि आम लोगों की सहायता के लिए सरकार की ओर से आवंटित राहत सामग्री का वितरण नहीं किया गया और उसे पार्टी कार्यालय में जमा करके रखा गया था। भाजपा विधायक का दावा है कि कार्यालय में इससे भी अधिक राहत सामग्री रखी गई थी, जिसे पहले ही वहां से हटा दिया गया। उन्होंने इस मामले में अदिति मुंशी और उनके पति देवराज चक्रवर्ती पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तिवारी का कहना है कि लोगों के लिए निर्धारित राहत सामग्री को रोककर पार्टी कार्यालय में रखा गया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि कार्यालय से नशीले पदार्थों से संबंधित सामग्री भी मिली है। घटना के बाद इलाके में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

## मकान का वैधानिक कब्जा दिलाने गई पुलिस पर हमला, तालतला थाने के उपनिरीक्षक घायल

❑ **घटनास्थल से एक महिला समेत चार आरोपी हिरासत में, घायल अधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया**

**कोलकाता :** अदालत के आदेश पर एक मकान का वैधानिक कब्जा दिलाने पहुंची पुलिस टीम पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। तालतला थाना क्षेत्र में हुई इस घटना में तालतला थाने के द्वितीय अधिकारी एवं उपनिरीक्षक राजीव राय गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित चार लोगों को हिरासत में लिया है। घायल पुलिस अधिकारी को उपचार के लिए अस्प-ताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार को अदालत के निर्देश पर तालतला स्थित दुर्गाचरण डॉक्टर रोड के एक मकान का वैधानिक कब्जा दिलाने की प्रक्रिया चल रही थी। न्यायालय द्वारा नियुक्त 'सील बेलिफ' कर्मी मकान को खाली कराने की कार्रवाई में जुटे थे। पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और कानून सम्मत तरीके से संपन्न कराने के लिए शुरू से ही पुलिस बल मौके पर तैनात था।

बताया गया है कि मकान खाली कराने की कार्रवाई के दौरान भवन की दूसरी मंजिल में रहने वाले किरायेदारों ने विरोध शुरू कर दिया। कुछ ही देर बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और आरोप है कि वहां रहने वाली सरस्वती शाह, उनकी बेटी सिमरन शाह, पुत्र हृतिक शाह तथा हृतिक के मित्र नसीब अहमद ने ड्यूटी पर मौजूद उपनिरीक्षक राजीव राय पर अचानक हमला कर दिया।

अचानक हुए इस हमले में उपनिरीक्षक राजीव राय घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटनास्थल पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रण में लिया और हमले के आरोप में चारों व्यक्तियों को वहीं से हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने चारों आरोपियों को पूछताछ के लिए थाने ले जाकर उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं घायल उपनिरीक्षक राजीव राय को प्राथमिक उपचार के बाद कोलकाता के नीलरतन सरकार चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अदालत के आदेश के पालन के दौरान सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाना तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पर हमला करना गंभीर अपराध है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

## रिसड़ा नगरपालिका के वार्ड 20 नंबर वार्ड के पार्षद सहित दो गिरफ्तार

**हुगली :** जिले के रिसड़ा में एक लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने वार्ड संख्या 20 के पार्षद शीतल घटक, उनके पुत्र तथा अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता संजीत बर्मन ने आरोप लगाया है कि पार्षद के कार्यकाल के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं में लाभार्थियों से कथित रूप से कट मनी वसूली, जबरन वसूली, मारपीट, आपराधिक धमकी और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हुईं।

पुलिस के अनुसार, मामले की जांच के दौरान आरोपी पार्षद शीतल घटक और उनके पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले के अन्य दो आरोपी पहले से ही रिसड़ा थाने के एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।



गिरफ्तार पार्षद और उनके पुत्र को पुलिस हिरासत की मांग के साथ एसीजेएम कोर्ट, श्रीरामपुर में पेश किया गया । वहीं, अन्य दो आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने बताया कि जांच जारी है और मामले में अन्य शामिल व्यक्तियों के खिलाफ भी साक्ष्य मिलने पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# चुनावी हिंसा भड़काने के मामले में अभिषेक बनर्जी के खिलाफ जांच सीआईडी को सौंपी गई

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान कथित तौर पर हिंसा भड़काने और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकी देने संबंधी मामले में तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ दर्ज मामले की जांच गुरुवार को राज्य पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी गई। बता दें कि पिछले महीने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अब तक इस मामले की जांच साइबर क्राइम थाने की पुलिस कर रही थी। हालांकि, राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि गुरुवार को इस मामले की जांच सीआईडी को स्थानांतरित कर दी गई।

### अभिषेक बनर्जी को त्रिपुरा कोर्ट का समन, 22 जून को अदालत में हाजिरी का आदेश

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी की कानूनी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अब त्रिपुरा की एक अदालत ने भी उन्हें समन जारी किया है। वर्ष 2021 में त्रिपुरा के खोवाई थाने में दर्ज एक मामले में अदालत ने अभिषेक बनर्जी को 22 जून को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, यह मामला वर्ष 2021 में त्रिपुरा के खोवाई थाने में दर्ज किया गया था। इसी मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभिषेक बनर्जी समेत तृणमूल कांग्रेस के तीन अन्य नेताओं को भी तलब किया है। अदालत ने सभी संबंधित पक्षों को निर्धारित तिथि पर उप-स्थित रहने का आदेश दिया है। बताया गया है कि यह समन सामान्य स्पीड पोस्ट के जरिए नहीं भेजा गया। इसके बजाय अलीपुर अदालत के माध्यम से समन भेजने की प्रक्रिया अपनाई गई। इसके लिए अदालत की ओर से एक बेलिफ नियुक्त किया गया, जिसने नियमानुसार समन पहुंचाने की कार्रवाई शुरू की। खोवाई पुलिस के अनुसार, अदालत द्वारा जारी समन पर अब तक कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे में अभिषेक बनर्जी की ओर से अदालत में पेशी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। उनकी अनुपस्थिति को लेकर राजनीतिक और कानूनी हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

### केएमसी ने अभिषेक बनर्जी से जुड़ी प्रॉपर्टीज पर अवैध निर्माण के बारे में पांच दिनों में मांगी रिपोर्ट

❑ **नोटिस के 24 दिन बाद भी नहीं मिले दस्तावेज, अब एक्शन की बारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी से जुड़ी प्रॉपर्टीज पर अवैध निर्माण को गिराने की स्थिति के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में अधिकारियों ने गुरुवार को जानकारी दी। केएमसी के प्रशासक और कमिश्नर ने बिल्डिंग डिपार्टमेंट से अभिषेक बनर्जी के घर पर अवैध निर्माण को गिराने की अंतिम स्थिति के बारे में अगले पांच दिनों में रिपोर्ट मांगी है। केएमसी के कमिश्नर को इस संबंध में राज्य के म्युनिसिपल अफेयर्स और अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट से जरूरी निर्देश पहले ही मिल चुके हैं। केएमसी कमिश्नर स्मिता पांडे ने निर्देश मिलने के बाद अब बिल्डिंग और असेसमेंट डिपार्टमेंट से रिपोर्ट मांगी है। जानकारी के मुताबिक, कोलकाता म्युनिसिपल बिल्डिंग एक्ट की धारा 400 (1) के तहत 17 से 21 प्रॉपर्टीज को नोटिस जारी किए गए हैं। कमिश्नर यह जानना चाहती थीं कि बिल्डिंग डिपार्टमेंट ने इस संबंध में क्या कार्रवाई की है। सूत्रों के अनुसार, यह रिपोर्ट मिलने के बाद म्युनिसिपल कमिश्नर अभिषेक बनर्जी की प्रॉपर्टी के अवैध हिस्से को गिराने का आदेश देंगी। हाई कोर्ट ने इस संबंध में कोलकाता नगर निगम को पहले ही अंतिम मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को बताया कि अभिषेक बनर्जी को और समय नहीं दिया जाएगा। इस बार, सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डायमंड हार्बर में 'सेवाश्रय' में भी भ्रष्टाचार का आरोप

## सरिषा में मिट्टी खोदकर निकाली गई दवाइयां और ऑक्सीजन सिलेंडर

**कोलकाता, समाज्ञा :** डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डायमंड हार्बर-2 ब्लॉक की सरिषा पंचायत में कथित तौर पर मिट्टी के नीचे से भारी मात्रा में दवाइयां, स्वास्थ्य सामग्री और ऑक्सीजन सिलेंडर मिलने के दावे ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। हिंगछेबेरिया गांव में सामने आए इस मामले को लेकर भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जबकि प्रशासन और सत्तारूढ़ दल की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना मिलने के बाद डायमंड हार्बर-2 भाजपा मंडल के अध्यक्ष उत्तम बाग के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंगछेबेरिया इलाके में अभियान चलाया। भाजपा का दावा है कि एक विशेष स्थान पर खुदाई करने के दौरान बड़ी मात्रा में दवाइयां, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सामग्री और ऑक्सीजन सिलेंडर बरामद हुए। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। भाजपा का आरोप है कि बरामद की गई सामग्री हाल ही में आयोजित तथाकथित 'सेवाश्रय कैंप' के लिए लाई गई थी। इस मामले को लेकर भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं का सवाल है कि यदि ये दवाइयां वास्तव में मरीजों के उपयोग के लिए थीं, तो उन्हें मिट्टी के नीचे क्यों छिपाया गया और उनका उचित उपयोग क्यों नहीं किया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने भी निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है।



# मोदी सरकार के 12 साल सेवा, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत की नींव के वर्ष : वैष्णव

**जयपुर :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर इसे सेवा, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने का कालखंड बताया। वैष्णव ने बृहस्पतिवार को यहां केंद्र सरकार के '12 साल विश्वास के, विकास के एवं जनकल्याण के' अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित प्रबुद्धजन बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ''ये 12 वर्ष केवल सत्ता में रहने के वर्ष नहीं हैं। ये 12 वर्ष सेवा के वर्ष रहे हैं, राष्ट्र निर्माण के वर्ष रहे हैं और भारत की मजबूत नींव तैयार करने के वर्ष रहे हैं। आने वाले समय में विकसित भारत बनाने के हमारे बड़े संकल्प को साकार करने में यही 12 वर्ष आधारशिला का कार्य करेंगे।'' उन्होंने कहा कि इस यात्रा में जनता के सहयोग, समर्पण और त्याग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वैष्णव ने कहा, ''आप सभी ने ही प्रधानमंत्री मोदी को देश की सबसे लंबी अवधि तक सेवा करने का अवसर दिया है। आप इस कीर्तिमान को आगे भी बढ़ाएंगे और भारत को और अधिक मजबूत राष्ट्र बनाएंगे।'' इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने आकाशवाणी जयपुर परिसर से जैसलमेर जिले के रामगढ़ में स्थापित 20 किलोवाट क्षमता के एफएम ट्रांसमीटर का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इसके साथ ही राजस्थान में एफएम ट्रांसमीटरों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। रामगढ़ ट्रांसमीटर के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्र में लगभग 80 किलोमीटर के दायरे में रेडियो प्रसारण सुनिश्चित हो सकेगा। इससे क्षेत्र के लोगों को सूचना, शिक्षा और मनोरंजन से जुड़े विविध कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर वैष्णव ने प्रसार भारती के स्वरूप में बदलाव की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि तकनीक के इस दौर में रेडियो प्रसारण की प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए ''डिजिटल फर्स्ट'' और ''हाइपर लोकल'' की अवधारणा को अपनाना होगा। उन्होंने स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को भी प्रसारण से जोड़ने की आवश्यकता बताई। केंद्रीय मंत्री ने जयपुर में स्थापित किए जा रहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) डेटा सेंटर का उल्लेख करते हुए इसे भविष्य की मजबूत नींव बताया। उन्होंने राज्य में रेलवे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि राजस्थान में छोटे-बड़े लगभग 200 रेलवे स्टेशनों के उन्नयन का कार्य चल रहा है।



## अश्विनी वैष्णव ने जयपुर में एआई प्रयोगशाला स्थापित करने की घोषणा की

**जयपुर :** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) में उन्नत क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम संचार प्रयोगशालाएं स्थापित किए जाने की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि ये प्रयोगशालाएं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीटी अकादमिक परियोजना के तहत स्थापित की जाएंगी। संस्थान में विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि वर्तमान तकनीकी क्रांति कृत्रिम मेधा (एआई) एवं सूचना संचालित हो रही है, जबकि अगली बड़ी तकनीकी लहर क्वांटम प्रौद्योगिकी के नेतृत्व में आएगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के तहत होने वाला कार्य देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला क्वांटम संचार और क्वांटम वितरण (डिस्ट्रिब्यूशन) के क्षेत्र में भी अनुसंधान करेगी, जिसका राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से विशेष महत्व है। उन्होंने एमएनआईटी से आह्वान किया कि वह पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र ऐसे सुरक्षित कूटलेखन तंत्र विकसित करने से जुड़ा है, जो भविष्य के शक्तिशाली क्वांटम कंप्यूटरों की गणनात्मक क्षमता के बावजूद सुरक्षित बने रहें

## न्यूज अपडेट

### ओमान तट पर भारतीय तेल टैंकर पर हमले में देवरिया के युवक की मौत

**देवरिया (उप्र) :** ओमान तट के निकट 10 जून को भारतीय तेल टैंकर पर हुए हमले में देवरिया जिले के सुरौली गांव निवासी एवं इंजन फिटर के रूप में कार्यरत शिवानंद चौरसिया (35) की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार में शोक व्याप्त है। शिवानंद चौरसिया एक विदेशी शिपिंग कंपनी में चालक दल के सदस्य के रूप में कार्यरत थे। परिजनों को इस हादसे की सूचना दुबई में कार्यरत शिवानंद के भाई ने दी। सूचना मिलने के बाद देवरिया पुलिस भी उनके घर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई। सूत्रों के अनुसार, इस हमले में भारत के तीन लोगों की मौत हुई है, जिनमें शिवानंद चौरसिया भी शामिल हैं। शिवानंद के परिवार में उनकी पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं। जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने बुधवार को पलाऊ ध्वज वाले एक अन्य टैंकर एमटी सेंट्रेबेलो पर हमला किया, जिसमें सवार 24 भारतीय नाविकों में से तीन की मौत हो गई। शिवानंद के पिता रामजी चौरसिया ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उनका बेटा करीब आठ माह पहले मुंबई गया था। उन्होंने बताया कि परिवार की शिवानंद से आखिरी बार दो दिन पहले रात में बातचीत हुई थी। उस दौरान उसने बताया था कि सब कुछ ठीक है।

### वाराणसी में पत्नी की हत्या कर शव घर में दफनाने के मामले में पति को आजीवन कारावास

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी की एक अदालत ने पत्नी की हत्या कर शव को घर में दफनाने के मामले में आरोपी पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 50,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता रोहित मौर्य ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल चौधरी ने आरोपी को दोषी पाया। मामले में शासकीय अधिवक्ता रोहित मौर्य और अधिवक्ता सुधांशु गुप्ता ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि लोटा थाना क्षेत्र के भीतरी गांव में 28 दिसंबर 2020 को आरोपी ने अपनी पत्नी आशा देवी की हत्या कर शव को घर के आंगन में दफना दिया था। शव को जल्दी गलाने के लिए उस पर नमक भी डाला गया था। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब अमेरिका में रह रहे दंपति के दोनों बेटो को पिता के बयानों पर संदेह हुआ। उन्होंने घर के आंगन की खुदाई कराई, जिसमें महिला का शव बरामद हुआ। बेटों द्वारा पूछताछ किए जाने पर आरोपी ने कथित रूप से संपत्ति विवाद के चलते हत्या करने की बात स्वीकार की और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तीन दिन बाद उसे गिरफ्तार कर लिया था।

### पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर इंस्टाग्राम व एक्स पर फर्जी खबर प्रसारित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया मंच इस्टाग्राम व एक्स पर गलत व झूठी खबर प्रसारित करने के आरोप में एक शख्स के साथ ही इन दोनों सोशल मीडिया मंचों के अज्ञात अकाउंट के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बलिया शहर कोतवाली में उप निरीक्षक अजय कुमार की तहरीर पर बृहस्पतिवार को शाकिब नामक शख्स के साथ ही इस्टाग्राम व एक्स के दो अज्ञात अकाउंट के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(1) बी में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर में शिकायत की गई है कि 10 जून को इंस्टाग्राम और एक्स पर एक फर्जी पोस्ट प्रसारित हुई जिसमें दावा किया गया कि आठ जून को जिला मुख्यालय स्थित गुलाब देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली में प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका दस मिनट देरी से दी गईं और पांच मिनट पहले ले ली गईं। पुलिस ने कहा कि परीक्षा के दौरान समस्त प्रक्रिया समय से की गई थी और फर्जी पोस्ट से समाज में तनाव व नफरत का माहौल उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वाले ने अपना नाम शाकिब बताया है।

### गंगा एक्सप्रेस-वे पर एसयूवी डिवाइडर से टकराई, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**अमरोहा (उप्र) :** गंगा एक्सप्रेस-वे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ड्राइवर को कथित तौर पर झपकी आने के कारण एक एसयूवी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि यह हादसा बुधवार को अमरोहा-संभल सीमा के पास हुआ, जब परिवार जम्मू-कश्मीर में छुट्टियां मनाकर लखनऊ लौट रहा था। पुलिस के अनुसार, चालक नींद आने के कारण वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और एसयूवी डिवाइडर पर चढ़ गई, जिससे यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान अबू बकर (40), जो वाहन चला रहा था, उसकी भाभी हिना (28) और भतीजी जुनैरा (15) के रूप में हुई है। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में परिवार के आठ अन्य सदस्य घायल हो गए। घायलों में अबू बकर की पत्नी कुलसुम (38), उनके भाई मोहम्मद उमर (32), भतीजी सिदरा (14) और हनिया (2), तथा हिना के बच्चे मोहम्मद (4), अफ्फान (7), अफीफा (7) और हमना (10) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि घायलों में से तीन की हालत गंभीर है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है।

## नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी किशोर पुलिस हिरासत में

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सादतगंज क्षेत्र में नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी 16 वर्षीय किशोर को घटना की सूचना दिए जाने के चार घंटों के भीतर पुलिस हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, इस कथित दुष्कर्म के बारे में सूचना आपातकालीन हेल्पलाइन के जरिए प्राप्त हुई। पीड़िता की मां की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सादतगंज थाना पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस के बयान के मुताबिक, पीड़िता को महिला पुलिसकर्मियों की निगरानी में तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी का पता लगाने के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया।

## जल जीवन मिशन-2 के लिए केंद्र-बिहार के बीच एमओयू : मंत्री

**पटना :** बिहार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) मंत्री संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि जल जीवन मिशन-2 (जेजेएम-2) के तहत केंद्र सरकार और बिहार सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके माध्यम से अब तक वंचित रहे क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यह निर्णय बुधवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में लिया गया। बिहार सरकार के 'सात निश्चय' कार्यक्रम के तहत वर्ष 2016 में शुरू की गई 'हर घर नल का जल' योजना के अंतर्गत लक्षित परिवारों में से 90 प्रतिशत से अधिक को नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने का दावा किया गया है। जेजेएम-2 का उद्देश्य शेष परिवारों तक पेयजल सुविधा पहुंचाना तथा जलापूर्ति संरचनाओं के दीर्घकालिक संचालन एवं रखरखाव को सुनिश्चित करना है। सिंह ने कहा, ''लंबे समय से लंबित एमओयू पर जल शक्ति मंत्रालय और बिहार सरकार के बीच जेजेएम-2 के तहत हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे 'हर घर नल का जल' मिशन के अंतर्गत छूटे हुए क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।'' उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में अब तक जलापूर्ति नहीं पहुंच सकी है अथवा जहां पेयजल आर्सेनिक, फ्लोराइड और लौह तत्व से प्रभावित है, वहां सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बिहार सरकार ने केंद्र से 18,894 करोड़ रुपये की मांग की है। मंत्री ने कहा, ''मैंने केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल को बताया कि बिहार के लोगों को सुरक्षित पेयजल तभी उपलब्ध कराया जा सकता है, जब केंद्र सरकार का सहयोग मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब बिहार का समग्र विकास होगा और गांवों तथा शहरों की सभी वंचित बस्तियों तक सुरक्षित पेयजल पहुंचेगा।''



## विकसित भारत के लक्ष्य को गति देने पर नीति आयोग की बैठक में हुई चर्चा : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक में समावेशी मानव विकास, सुशासन और जनभागीदारी के माध्यम से विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। योगी आदित्यनाथ ने नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में भाग लेने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, ''आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक में सहभागी हुआ। यह बैठक वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए समावेशी मानव विकास विषय पर केंद्रित रही।'' उन्होंने कहा, ''मानव विकास, सुशासन और जनभागीदारी के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को नयी गति देने के विषय पर सार्थक और व्यापक चर्चा हुई।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप राष्ट्रीय विकास एजेंडा को आगे बढ़ाने में सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



## बिजनौर में शादी से लाई गई मिठाई खाने के बाद बालक की मौत, छह अन्य बीमार

**बिजनौर :** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के जीतपुर खास गांव में शादी समारोह से लाई गई मिठाई खाने के बाद दो वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि चार बच्चों सहित छह अन्य लोग बीमार पड़ गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नांगल सोती थाने के प्रभारी राम प्रताप ने बताया कि गांव निवासी सुधा देवी (63) लगभग पांच दिन पहले एक शादी समारोह से मिठाई लेकर आई थीं। परिवार के सदस्यों ने मंगलवार रात वह मिठाई खाई थी। पुलिस के अनुसार मिठाई खाने के कुछ ही समय बाद संदीप, उनकी पत्नी नीतू, देव कुमार (2), कार्तिक (6), रितिक (4), पल्लवी और वंश (10) को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। बीमार लोगों का गांव में ही एक निजी चिकित्सक से उपचार कराया गया।

## झारखंड में वाहन सड़क किनारे पेड़ से टकराया, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



**सिमडेगा :** झारखंड के सिमडेगा जिले में एक वाहन के सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर बाद कोलेबिरा के अघरमा में उस समय हुई जब चालक ने कार पर नियंत्रण खो दिया और वाहन पेड़ से टकरा गया। सिमडेगा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धर्मदेव पासवान ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''अघरमा में वाहन के सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।'' उन्होंने बताया कि चार घायलों को रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं जहां उनमें से दो की हालत गंभीर बताई गई है।

## बिहार विधान परिषद चुनाव में सभी 10 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

**पटना :** बिहार विधान परिषद की नौ द्विवार्षिक सीटों और एक उपचुनाव के लिए हुए चुनाव में सभी दस उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इनमें नौ सदस्य राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और एक सदस्य राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से विधान परिषद पहुंचे हैं। नवनिर्वाचित सदस्यों में से नौ ने बृहस्पतिवार को विधानसभा पहुंचकर अपने निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्राप्त किए, जबकि भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह की ओर से उनके प्रतिनिधि ने प्रमाण-पत्र ग्रहण किया। निर्विरोध निर्वाचित हुए दस सदस्यों में से आठ पहली बार विधान परिषद के सदस्य बने हैं, जबकि राजद के सुनील सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संजय मयूख तीसरी बार विधान परिषद पहुंचे हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार भी पहली बार किसी सदन के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद निशांत कुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''पिताजी की विचारधारा को आगे बढ़ाना है और बिहार में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करानी हैं।'' इस चुनाव में राजग की ओर से भाजपा के पवन सिंह, संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित, जनता दल (यूनाइटेड) के निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति तथा उपचुनाव में ललन प्रसाद और लोजपा (रामविलास) के अशरफ अंसारी निर्वाचित हुए हैं। महागठबंधन की ओर से राजद के सुनील सिंह भी निर्वाचित घोषित किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने 26 मई को बिहार विधान परिषद की नौ सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव तथा एक सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना जारी की थी।



## प्रयागराज में युवक की गोली मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में बृहस्पतिवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना जिले के यमुनानगर क्षेत्र के औद्योगिक थाना अंतर्गत गोती गांव की है। पुलिस के मुताबिक दोपहर में गोली लगने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एसआरएन अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी (करछना) सुनील कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान कुश सिंह (20) के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों से तहरीर प्राप्त होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भाजपा सभी मोर्चों पर विफल, कार्यकर्ता चुनावी धांधलियों के प्रति सतर्क रहें : अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सभी मोर्चों पर विफल हो रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से भावी चुनावों में संभावित धांधलियों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। लखनऊ स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय में डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि भाजपा जो भी काम करती है, वह ''नकली'' होता है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि अस्पतालों में लोगों को उचित इलाज और गुणवत्तापूर्ण दवाएं नहीं मिल रही हैं तथा ''नकली मुठभेड़'' उत्तर प्रदेश की नियति बन गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न तो विकास दिखाई देता है और न ही जनहित अथवा जनकल्याण की कोई प्रभावी योजना नजर आती है। यादव ने आरोप लगाया कि सभी मोर्चों पर विफल भाजपा अब ''नकली तरीके'' से चुनाव जीतने की साजिश कर सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भाजपा की ''चालाकियों'' से सावधान रहने की सलाह दी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के शासन में उत्तर प्रदेश ''अंधकार'' में है, भ्रष्टाचार चरम पर है और महिलाओं तथा बच्चियों को प्रतिदिन अपमान का सामना करना पड़ रहा है।



## मोदी सरकार के 12 वर्ष भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय : पीयूष गोयल

**लखनऊ :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों को भारत के परिवर्तन, सुशासन, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा में वृद्धि का कालखंड बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह देश के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लखनऊ महानगर इकाई द्वारा हजरतगंज स्थित सहकारिता भवन में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 4,400 दिनों से अधिक का सतत कार्यकाल लोकतांत्रिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 13 वर्षों तक गुजरात के मुख्यमंत्री और उसके बाद लगातार प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रसेवा की है। उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। बिना एक दिन का अवकाश लिए राष्ट्रहित में समर्पित होकर कार्य करना उनकी कार्यशैली की विशेषता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन भारत को विश्व शक्ति बनाने, 140 करोड़ देशवासियों के जीवन स्तर को बेहतर करने और विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समर्पित कर दिया है तथा ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'' का मंत्र आज देश के विकास का आधार बन चुका है। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है और 'विकसित भारत-2047' का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनेगा, तब भारत और अधिक तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर होगा। वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों के बावजूद भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान स्थापित की है और आज दुनिया भारत को आशा तथा स्थिरता के प्रतीक के रूप में देख रही है। केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि देश का कोई भी नागरिक भूखा न सोए।



## बलिया में दोहरे हत्याकांड के चार दोषियों को आजीवन कारावास

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की एक अदालत ने जनवरी 2025 में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में चार लोगों को दोषी ठहराते हुए बृहस्पतिवार को उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस घटना में दो लोगों की हत्या कर दी गई थी और एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, नरही क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी प्रशांत गुप्ता (26) और गोलू वर्मा (23) की एक जनवरी 2025 की रात नारायणपुर गांव के एक शराब ठेके के पास धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई थी। इस हमले में 16 वर्षीय जीतू गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया था। अभियोजन ने बताया कि यह घटना 15 दिसंबर 2024 को हुए एक पुराने विवाद से जुड़ी थी, जिसमें गोलू वर्मा के साथ मारपीट और धमकी दी गई थी। जीतू गुप्ता के बयान के अनुसार, वह एक जनवरी की रात दूध लेने जा रहा था, तभी रास्ते में उसे रोककर हमला किया गया। उसके चचेरे भाई प्रशांत गुप्ता ने बचाने की कोशिश की तो उस पर भी हमला कर दिया गया। मौके पर पहुंचे गोलू वर्मा को भी हमलावरों ने निशाना बनाया। प्रशांत और गोलू की मौके पर ही मौत हो गई। गोलू वर्मा की मां उर्मिला देवी और प्रशांत गुप्ता के पिता लक्ष्मण गुप्ता की शिकायत पर दो जनवरी को पुलिस ने बिट्टू यादव, शिवम राय उर्फ करिया, प्रियांशु राय और रुद्रेश राय के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया।

## राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी पर बृजभूषण ने कहा, सच बोल दूंगा तो परेशानी में पड़ जाऊंगा

**गोंडा (उप्र) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे के कथित दुरुपयोग और चोरी के आरोपों को लेकर कहा कि वह इस विषय पर बहुत कुछ जानते हैं, लेकिन अभी सच बोलने की स्थिति में नहीं हैं। बृजभूषण सिंह ने जिले के विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैं बहुत कमजोर आदमी हूं। अगर मैं सच बोल दूंगा तो बहुत परेशानी में पड़ जाऊंगा क्योंकि 'वे' बहुत बड़े लोग हैं। सच बोलने की हिम्मत अभी मेरे अंदर नहीं है। कभी समय आएगा तो बोलूंगा।'' उन्होंने यह निर्दिष्ट नहीं किया कि वे से उनका तात्पर्य किससे है। सिंह की टिप्पणी अयोध्या में राम मंदिर के दान में कथित गबन को लेकर बढ़ते विवाद के बीच आई है। दिल्ली में करीब 10 दिन के प्रवास के बाद गांव लौटे बृजभूषण सिंह ने अपने हालिया राजनीतिक और सामाजिक अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से वह कई जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। वर्ष 2023 में कुछ महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े विवाद का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से उस प्रकरण से उपजी परिस्थितियों को संभालने में लगे हुए हैं। राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी पर बृजभूषण ने कहा, सच बोल दूंगा तो परेशानी में पड़ जाऊंगा गोंडा (उप्र), 10 जून (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे के कथित दुरुपयोग और चोरी के आरोपों को लेकर कहा कि वह इस विषय पर बहुत कुछ जानते हैं, लेकिन अभी सच बोलने की स्थिति में नहीं हैं। बृजभूषण सिंह ने जिले के विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैं बहुत कमजोर आदमी हूं। अगर मैं सच बोल दूंगा तो बहुत परेशानी में पड़ जाऊंगा क्योंकि 'वे' बहुत बड़े लोग हैं। सच बोलने की हिम्मत अभी मेरे अंदर नहीं है। कभी समय आएगा तो बोलूंगा।''



## जयपुर में भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन महिला मजदूरों की मौत


**जयपुर :** जयपुर के वैशाली नगर इलाके में बृहस्पतिवार को भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन महिला मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। करणी विहार थाना प्रभारी हवा सिंह ने बताया कि यह घटना गांधी पथ (पश्चिम) इलाके में जयपुर बाग के पास हुई जहां एक रियल एस्टेट परियोजना के लिए निर्माण स्थल पर खुदाई का काम किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक मजदूर भूमिगत तल के लिए खोदे गए गड्ढे की जमीन को समतल करने के लिए मिट्टी फैला रहे थे तभी एक तरफ की मिट्टी ढह गई और तीन महिला मजदूर उसके नीचे दब गईं। हादसे के बाद वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने तुरंत बचाव का काम शुरू किया और मलबे को हटाने के लिए जेसीबी मशीन का इस्तेमाल किया गया। काफी मशक्कत के बाद महिलाओं को मिट्टी से बाहर निकाला गया और एसएमएस अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान सुनीता देवी (25), अनुति कुमारी (30) और प्रतिमा कुमारी (23) के रूप में हुई है जो बिहार की रहने वाली थीं। उन्होंने बताया कि ये महिलाएं पिछले चार महीने से इस निर्माण स्थल पर काम कर रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



# 80% भूभाग, 76% आबादी का प्रतिनिधि है राजग: शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आज देश के 80 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र और 76 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। शाह ने कहा कि मोदी का कार्यकाल अथक परिश्रम, निरंतरता और बेदाग नेतृत्व का प्रतीक रहा है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में नक्सल-वाद, आतंकवाद और अनुच्छेद 370 जैसे दशकों पुराने मुद्दों का समाधान किया गया है। उन्होंने कहा, आपने (मोदी) देश को लंबे समय तक स्थिर नेतृत्व प्रदान किया है, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आपका कार्यकाल दूरदर्शी नीतियों के निर्माण और उनके स्थिर एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए याद किया जाएगा। यह ऐसा दौर माना जाएगा, जिसमें भारत ने दृढ़ और आत्मविश्वासी विदेश नीति अपनाई तथा राष्ट्रीय सम्मान को सर्वोच्च रखने वाली रक्षा रणनीति विकसित की। शाह ने कहा कि एक साधारण परिवार से निकलकर प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 25 वर्षों में जनता का भरोसा जीता है, जो भारतीय लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले के 62 वर्षों में देश ने 13 प्रधानमंत्रियों, विभिन्न राजनीतिक दलों और गठबंधन सरकारों का दौर देखा, जिसके कारण लंबे समय तक राजनीतिक अस्थिरता बनी रही। शाह ने कहा, ''भारतीय इतिहास में प्रधानमंत्री मोदी का कार्यकाल स्थिरता, निरंतरता और निर्णायक नेतृत्व के स्वर्णिम युग के रूप में याद किया जाएगा। मोदी का कार्यकाल काबिले तारीफ है - बिना थके, बिना रुके और बेदाग। वह अक्सर रोजाना 18 से 20 घंटे तक काम करते हैं और बिना एक दिन का अवकाश लिए देश की सेवा में जुटे रहते हैं।''

## अगले साल एक-दो राज्यों को छोड़कर पूरे पूर्वोत्तर से अफस्पा हटा दिया जाएगा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले साल एक या दो राज्यों को छोड़कर पूरे पूर्वोत्तर से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) हटा लिया जाएगा। असम-नगालैंड सीमावर्ती इलाकों में खनिज तेल से जुड़े कामकाज को आसान बनाने के लिए केंद्र, असम और नगालैंड के बीच तीन-पक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान शाह ने कहा कि अफस्पा के दायरे में आने वाले इलाकों का कम होना शांति का संकेत है। उन्होंने कहा, ''मुझे भरोसा है कि एक-दो राज्यों को छोड़कर, हम अगले साल पूरे पूर्वोत्तर से अफस्पा हटा लेंगे।'' इस एमओयू पर हस्ताक्षर को एक ''ऐतिहासिक पल'' बताते हुए शाह ने कहा कि इसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित पूर्वोत्तर के लक्ष्य में आ रही आखिरी बाधा को दूर कर दिया है। इस एमओयू का मकसद असम-नगालैंड सीमा पर विवादित क्षेत्र (डीएबी) में तेल और खनिजों की खोज करना है। अधिकार-क्षेत्र से जुड़े मतभेदों के कारण इस इलाके में तीन दशकों से ज्यादा समय तक खोज का काम रुका रहा।

## मोदी-मैक्रों वार्ता के दौरान रक्षा और परमाणु ऊर्जा केंद्र में रहने के आसार

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच होने वाली उच्च-स्तरीय बातचीत में रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा, नवोन्मेष और जटिल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को मजबूत करना मुख्य एजेंडा होगा। मोदी शनिवार से फ्रांस और स्लोवाकिया की एक हफ्ते की यात्रा पर रवाना होंगे। फ्रांस में, वह जी-7 सम्मेलन के संपर्क सत्र में हिस्सा लेंगे और मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का जी-7 सम्मेलन के दौरान कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने का कार्यक्रम है। माना जा रहा है भारत और अमेरिका प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक की संभावना पर विचार कर रहे हैं।

## भारत-पाकिस्तान युद्धों में इस्तेमाल हुआ टी-55 टैंक अन्ना हजारे के गांव में स्थापित

**पुणे :** भारतीय सेना का सेवामुक्त टी-55 टैंक बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में वरिष्ठ समाजसेवी अन्ना हजारे के गांव रालेगण सिद्धि में स्थापित किया गया। यह टैंक भारत-पाकिस्तान के 1965 और 1971 के युद्धों में अपनी सेवाएं दे चुका है। हजारे ने टैंक स्थापित करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि इससे ग्रामीणों और आगंतुकों, दोनों को ही प्रेरणा मिलेगी। भारतीय सेना में सेवा दे चुके हजारे ने कहा, ''रक्षा मंत्रालय द्वारा दिया गया यह टैंक गांव के लोगों और रालेगण सिद्धि घूमने आने वाले सैलानियों, दोनों को प्रेरित करेगा। इस टैंक ने 1965 और 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्धों के दौरान युद्धक्षेत्र में असाधारण शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन किया था।'' एक ग्रामीण ने बताया कि गांव में प्रदर्शन के लिए एक टैंक लाने की कोशिशें लंबे समय से की जा रही थीं। उन्होंने कहा, ''अन्ना हजारे के जन्मदिन से कुछ दिन पहले ही टैंक मिलना गांव के लिए बहुत खुशी की बात है। 15 जून को उनके जन्मदिन पर, यह टैंक औपचारिक रूप से रा-लेगण सिद्धि के लोगों को समर्पित किया जाएगा।''



## केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश, मौसम विभाग ने चार जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को राज्य के चार जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझिकोड और कन्नूर जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जबकि सात अन्य जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। 'ऑरेंज अलर्ट' का अर्थ 24 घंटे में 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक अत्यधिक भारी बारिश से है, जबकि 'येलो अलर्ट' का अर्थ छह से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश से होता है। मौसम विभाग ने राज्य में 15 जून तक भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान भी जताया है। इससे पहले, आईएमडी ने सुबह जारी अपने पूर्वानुमान में दिन के दौरान केरल के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई थी।


## केरल में शिगेला के मामले सामने आए, 578 लोगों में लक्षण दिखे

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के स्वास्थ्य मंत्री के मुरलीधरन ने बृहस्पतिवार को कहा कि तिरुवनंतपुरम में छह, कोल्लम में दो और कोझिकोड जिले में तीन लोगों में शिगेला संक्रमण की पुष्टि हुई है। मुरलीधरन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये वायनाड में पहले से सामने आए नौ मामलों के अतिरिक्त हैं। मंत्री ने बताया कि सात नमूनों के परिणाम अभी आने बाकी हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल 578 लोगों में संक्रमण के लक्षण देखे जा रहे हैं। शिगेला एक विषाणु जनित संक्रमण है, जो दस्त, बुखार और पेट में मरोड़ जैसी समस्याएं पैदा करता है। यह संक्रमण मुख्य रूप से दूषित भोजन या पानी के जरिए फैलता है। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर भी इसके फैलने का खतरा रहता है।

## मणिपुर के कामजोंग में उग्रवादियों ने दो लोगों की हत्या की, कई घर जला दिये

**इंफाल :** मणिपुर के कामजोंग जिले में संदिग्ध उग्रवादियों ने बृहस्पतिवार को एक गांव पर हमला कर दो लोगों की हत्या कर दी और कई घर जला दिये। पुलिस ने यह जानकारी दी। हमले की यह घटना, कांगपोकपी जिले में नगा समुदाय के छह लोगों के शव मिलने के एक दिन बाद हुई। ये शव उन लोगों के हो सकते हैं, जिन्हें हथियारबंद समूहों ने बंधक बना रखा था। पुलिस ने बताया कि कुलतुह कुकी नाम के एक छोटे से गांव पर प्रातः करीब 4:55 बजे संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला किया और दो लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि म्यांमा सीमा के पास करीब 30 घर भी जला दिये गए। सुरक्षा बल दूर-दराज के उस गांव में पहुंच गए हैं, लेकिन हमलावरों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। 'कुकी बैपटिस्ट कन्वेंशन' ने इन हत्याओं की निंदा की और अधिकारियों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ''ठोस और व्यापक कदम'' उठाने की अपील की। कांग्रेस नेता डॉ. लैमटिनथांग हाओकिप ने दावा किया कि ''कुलतुह चर्च के प्रमुख पदाधिकारी और युवा विभाग के चेयरमैन की बेरहमी से हत्या कर दी गई।''

## सेना को सौंपे गए 106 टर्बोजेट चालित ड्रोन, 180 किमी की दूरी तक लक्ष्य भेदने में सक्षम



**नयी दिल्ली :** सेना को एक प्रौद्योगिकी कंपनी ने 106 टर्बोजेट-चालित 'कामिकेज' ड्रोन सौंपे हैं। इन्हें दुश्मन के इलाके में अंदर तक जाकर अहम ठिकानों को निशाना बनाने और विद्युत-चुंबकीय वातावरण में काम करने के लिए विकसित किया गया है। एक बयान में यह जानकारी दी गई। रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी एसएमपीपी ने बृहस्पतिवार को बताया कि 180 किलोमीटर तक की मारक क्षमता और 450 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार वाला ड्रोन -- अग्निवेग -- अहम सैन्य अवसंरचना, साजो-सामान केंद्र, कमांड सेंटर, रडार और अन्य रणनीतिक ठिकानों पर खुद से सटीक हमले करने में सक्षम है। बयान के अनुसार, ''लंबी दूरी तक की मारक क्षमता, सटीक हमले की काबिलियत और बहुत तेज गति से हमला करने की खूबी के साथ, यह प्रणाली भारतीय सेना को संवेदनशील लक्ष्यों पर हमला करने के लिए एक लचीला और किफायती विकल्प देती है। साथ ही यह ड्रोन सैनिकों के लिए जोखिम भी कम करता है।''

## भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ाने के लिए सोच बदलने की ज़रूरत: जितेंद्र सिंह

**अहमदाबाद :** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सोच बदलने एवं निजी निवेश के साथ-साथ इसमें भागीदारी बढ़ाने की ज़रूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि 1980 के दशक में चीन ने बिना किसी सरकारी योजना के विज्ञान और प्रौद्योगिकी में बड़े पैमाने पर निवेश किया क्योंकि उसका मानना था कि विज्ञान के लिए सिर्फ़ पैसे की ज़रूरत होती है, न कि बोलने या प्रेस की आज़ादी की। मंत्री ने कहा कि मानव कल्याण के लिए अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना भी एक तरह की पूजा और पर-उपकार है। सिंह अहमदाबाद में



भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के 10वें 'इंडस्ट्री कनेक्ट' को संबोधित कर रहे थे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने कहा, ''दोनों पक्षों (निजी और सरकारी) की मानसिकता खुलने में अधिक समय लग रहा है। इसमें एक या दो पीढ़ियाँ लगेंगी, क्योंकि हमारे वैज्ञानिकों की पिछली पीढ़ी गोपनीयता के घेरे में काम करने की आदी थी। इसलिए, हमें अधिक प्रतिस्पर्धी बनने और अपने भविष्य के अभियानों में अधिक आक्रामक होने के लिए निजी निवेश एवं निजी भागीदारी को बढ़ाने की आवश्यकता है।'' सिंह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन और उद्योग जगत के नेताओं की उपस्थिति में इन-स्पेस के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका के साथ संवाद कर रहे थे। बातचीत के दौरान, सिंह ने कहा कि प्रौद्योगिकी को बड़े स्तर पर ले जाने में सबसे बड़ी चुनौती पैसे जुटाने की है।

## फर्जी हेलीकॉप्टर बुकिंग वेबसाइट बनाकर कई राज्यों के श्रद्धालुओं को ठगा, तीन गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने फर्जी हेलीकॉप्टर बुकिंग वेबसाइट बनाकर तीर्थयात्रा पर जाने वाले देश भर के श्रद्धालुओं को ठगने के आरोप में बी.टेक के एक छात्र समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि एक पीड़ित की शिकायत के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं। पीड़ित को फ़र्ज़ी वेबसाइटों के ज़रिए हेलिकॉप्टर सेवा बुक करने की कोशिश के दौरान 20,000 रुपये का चूना लगाया गया था। यह वेबसाइट दिखने में वास्तविक जैसी लगती है। पुलिस के एक बयान के मुताबिक, आरोपियों ने तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग के वास्ते ग्राहकों को लुभाने के लिए 'आईआरसीटीसी-हेलीकॉप्टर डॉट कॉम' और 'आईआरसीटीसी-हेलीयात्रा डॉट काम' जैसी फ़र्ज़ी वेबसाइटें बनाईं थीं और उनका संचालन किया। लोगों को लुभाने के लिए सोशल मीडिया मंचों पर इन वेबसाइट का प्रचार किया गया। पुलिस ने बताया कि 21 मई को संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और विस्तृत जांच शुरू की गई। बयान में कहा गया है, बैंक खातों, पैसे के लेन-देन के रिकॉर्ड, डोमेन पंजीकरण, ईमेल रिकॉर्ड, आईपी लॉग और दूसरे तकनीकी सबूतों के विश्लेषण से जांचकर्ताओं को संदिग्धों की पहचान करने में मदद मिली। तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर, बिहार के नालंदा ज़िले से ओमप्रकाश कुमार और रोहित कुमार को गिरफ़्तार किया गया।

## वर्ष 2010 से भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगभग 1.9 करोड़ लोग खाड़ी देशों में बसे: अध्ययन

**नयी दिल्ली :** वर्ष 2010 से अब तक भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगभग 1.9 करोड़ लोग सऊदी अरब, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में बस गए हैं। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (एलएसई), इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर एप्लाइड सिस्टम्स एनालिसिस (आईआईएसए), ऑस्ट्रिया और हांगकांग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कहा कि यह डेटा 1990 के बाद से मेक्सिको से अमेरिका की ओर हुए 1.36 करोड़ लोगों के पलायन की तुलना के आधार पर संकलित किया गया है। 'नेचर' पत्रिका में प्रकाशित वैश्विक प्रवासन आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम एशिया में दक्षिण एशिया और फिलीपीन से सबसे अधिक प्रवासी पहुंचे, जिनमें 2010 के बाद से बांग्लादेश से सऊदी अरब में प्रति वर्ष औसतन तीन लाख लोगों का प्रवासन शामिल है। रिपोर्ट के सह-लेखक एवं आईआईएसए के 'पॉपुलेशन एंड जस्ट सोसाइटीज प्रोग्राम' के पलायन एवं सतत विकास अनुसंधान समूह के शोध विद्वान गुय एबेल ने कहा, ''हमारे वार्षिक आंकड़े एक स्पष्ट तस्वीर पेश करते हैं, जिससे पता चलता है कि यह (प्रवासन की) दर वास्तव में 2000 के बाद से बढ़ी है।'' शोधकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने 1990-2023 की अवधि के लिए सभी देशों के बीच प्रवासन प्रवाह का पहला डेटासेट तैयार किया है, जो वैश्विक आवाजाही की पारंपरिक आंकड़ों की तुलना में अधिक विस्तृत तस्वीर पेश करता है, क्योंकि पारंपरिक आंकड़े काफी बिखरे हुए हैं। अध्ययन में कहा गया, ''हमारा अनुमान है कि 2010 से अब तक कुल 1.9 करोड़ लोग, यानी औसतन 13.5 लाख लोग प्रति वर्ष, भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश से सऊदी अरब, कतर, बहरीन तथा यूएई की ओर पलायन कर चुके हैं।''

## राज्यसभा की 24 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित, खरगे-खेड़ा समेत कई दिग्गज पहुंचे उच्च सदन

**नई दिल्ली :** राज्यसभा की 27 सीटों के लिए चल रही चुनाव प्रक्रिया में 24 उम्मीदवार गुरुवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, भाजपा के सतीश पूनिया और तरुण चुघ सहित कई प्रमुख नेता शामिल हैं। इनमें 19 सीटें पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और पांच सीटें पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।कर्नाटक से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पवन खेड़ा, मंसूर अली खान तथा भाजपा के एम. नागराज निर्विरोध चुने गए। राजस्थान में भाजपा के सतीश पूनिया और अलका गुर्जर तथा कांग्रेस के नीरज डांगी राज्यसभा पहुंचे। मध्यप्रदेश से भाजपा के तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट निर्विरोध निर्वाचित हुए।गुजरात की चारों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों ने जीत हासिल की, जबकि आंध्र प्रदेश से राजग समर्थित चार उम्मीदवार उच्च सदन के लिए चुने गए। मेघालय से एनपीपी के जेम्स के संगमा, मणिपुर से भाजपा की शारदा देवी और अरुणाचल प्रदेश से ताई तागाक निर्विरोध निर्वाचित हुए।महाराष्ट्र, ओडिशा और तमिलनाडु में हुए उपचुनावों में क्रमशः राजेंद्र जैन, देवाशीष सामंतराय और कांग्रेस के प्रवीण चक्रवर्ती निर्विरोध चुने गए।हालांकि झारखंड की दो सीटों और मिजोरम की एक सीट पर मुकाबला बना हुआ है। इन सीटों के लिए मतदान 18 जून को होगा। झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।राज्यसभा चुनाव के इस चरण का एक महत्वपूर्ण पहलू पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के संसदीय जीवन का समापन भी है। उनका राज्यसभा कार्यकाल 25 जून को समाप्त हो रहा है, जिसके साथ संसद में उनकी पांच दशक से अधिक लंबी पारी का अंत हो जाएगा।

## 'सीट चोरी' और नीट मामले को लेकर राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगी कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को फैसला किया कि वह मध्यप्रदेश से पार्टी की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने, नीट मामले और सीबीएसई की ऑनलाइन मूल्यांकन प्रणाली, महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों को लेकर मोदी सरकार को घेरने के लिये जल्द ही राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगी। पार्टी नेतृत्व की महासचिवों, प्रदेश प्रभारियों और राज्य इकाइयों के अध्यक्षों के साथ बैठक में राष्ट्रव्यापी अभियान का निर्णय लिया गया। मुख्य विपक्षी दल का कहना है कि यह अभियान इस महीने के आखिर में शुरू हो सकता है और दो-तीन महीने तक चलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, जयराम रमेश और कई अन्य नेता मौजूद थे। हालिया विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस महासचिवों एवं प्रभारियों की संयुक्त रूप से यह बैठक पहली बार हुई है। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, ''मध्य प्रदेश और झारखंड के राज्यसभा चुनावों में जो हुआ, वह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। मध्य प्रदेश में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द कर दिया गया, जबकि उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं था। झारखंड में भाजपा समर्थित कॉर्पोरेट उम्मीदवार का नामांकन कई विसंगतियों के बावजूद स्वीकार कर लिया गया।'' उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की दयनीय स्थिति का परिचायक है। उन्होंने दावा किया कि यह 'सीट चोरी' है। वेणुगोपाल ने कहा कि आज की बैठक में इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई और फैसला हुआ कि इस मामले पर राजनीतिक और कानूनी रूप से लड़ाई लड़ेंगे।



## गुरुग्राम स्टैंड-अप शो विवाद: महिला आयोग ने कॉमेडियन और वेब डेवलपर को तलब किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय महिला आयोग ने बृहस्पतिवार को कॉमेडियन प्रणीत मोरे और वेब डेवलपर हिमांशु जांगड़ा को तलब किया। आयोग का आरोप है कि गुरुग्राम में आयोजित एक स्टैंड-अप कॉमेडी शो के दौरान की गई कुछ टिप्पणियां महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न और उनकी सहमति के बिना संबंध बनाने जैसी हरकतों को सामान्य या महिमामंडित करने वाली प्रतीत होती हैं। खबरों और घटना के वीडियो का स्वतः संज्ञान लेते हुए आयोग ने कहा कि उनकी अध्यक्ष विजया रहाटकर ने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर तत्काल और समयबद्ध कार्रवाई करने को कहा है तथा सात दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।



आयोग ने बयान में कहा, ''राष्ट्रीय महिला आयोग ने हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित एक स्टैंड-अप कॉमेडी शो से जुड़ी व्यापक मीडिया कवरेज और वायरल वीडियो का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें एक महिला के प्रति यौन उत्पीड़न और उसकी सहमति के बिना संबंध बनाने जैसी हरकतों को महिमामंडित करने वाली टिप्पणियां सार्वजनिक रूप से की गईं और इस पर दर्शकों ने तालियां भी बजाईं।

## पायलटों के संगठन ने विमान दुर्घटना न्यायिक जांच की मांग फिर से उठाई

**अहमदाबाद :** पायलटों के संगठन 'फेडरेशन ऑफ़ इंडियन पायलट्स' (एफआईपी) ने एक साल पहले हुई 'एआई-171' दुर्घटना की न्यायिक जांच की अपनी मांग दो-हराई और अधिकारियों से कोई भी अंतरिम जांच रिपोर्ट जारी न करने का आग्रह किया। बारह जून, 2025 को लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान अहमदाबाद से उड़ान भरने के तुरंत बाद बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 260 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में उड़ान में सवार 241 लोग और ज़मीन पर मौजूद 19 लोग शामिल थे। इस हादसे में सिर्फ एक यात्री ही बचा था। विमान दुर्घटना की पहली बरसी से एक दिन पहले एफआईपी के अध्यक्ष सी.एस. रंधावा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संगठन चाहता है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) पूरी जांच के बाद ही अपनी अंतिम रिपोर्ट जारी करे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जारी जांच में कई कमियां हैं और इसने अनुचित तरीके से ध्यान पायलटों की ओर मोड़ दिया है।



## पंजाबी गायक गुरु रंधावा से जुड़े जिम पर गोलीबारी, बिश्नोई गिरोह ने ली जिम्मेदारी

**नयी दिल्ली :** बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने मशहूर पंजाबी गायक गुरु रंधावा से कथित तौर पर जुड़े एक जिम पर गोलीबारी की। पुलिस ने यह जानकारी दी। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के अनिल पंडित समूह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट और ऑडियो संदेश के माध्यम इस हमले की ज़िम्मेदारी ली। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विक्रम सिंह ने बयान में बताया कि गोलीबारी पश्चिम विहार के पुष्कर एन्क्लेव स्थित 24 एचएस फिटनेस जिम पर की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह जिम राजौरी गार्डन के रहने वाले दो लोगों का है, जबकि गुरु रंधावा 'ब्रांड एंबेसडर' के तौर पर इससे जुड़े हैं। पुलिस ने बताया कि पश्चिम विहार पूर्व थाने में इस घटना के बारे में फोन से सूचना दी गई। शुरुआती जांच से पता चला कि मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात लोग वहां पहुंचे और जिम के कांच के हिस्से पर कई गोलियां चलाने के बाद भाग गए। उन्होंने अपने चेहरे ढके हुए थे। पुलिस ने बताया कि कम से कम सात गोलियां चलाई गईं, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। एक गोली जिम के शीशे के गेट पर लगी, जबकि मौके से कारतूस के खाली खोखे बरामद हुए हैं। घटना के बाद स्थानीय पुलिस टीम, स्पेशल स्टाफ के कर्मी और जिला पुलिस की अन्य टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल की जांच की।



## एमटी मैरीवेक्स से बचाए गए भारतीय चालक दल के 24 सदस्य शुक्रवार को देश लौटेंगे : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** ओमान में भारत का मिशन पलाउ के ध्वज वाले वाणिज्यिक टैंकर 'एमटी मैरीवेक्स' के 24 भारतीय चालक दल के सदस्यों को सभी सहायता प्रदान कर रहा है और उनके शुक्रवार को स्वदेश लौटने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इन सदस्यों को आठ जून को जहाज पर हमले के बाद बचाया गया था। विदेश मंत्रालय के अपर सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम आर. महाजन ने कहा कि ओमान में स्थित भारतीय मिशन 10 जून को एक अन्य पलाउ-ध्वज वाले टैंकर 'सेंटेबेलो' पर अमेरिकी हमले में मारे गए तीन भारतीय नाविकों के पार्थिव शरीर को शीघ्र स्वदेश लाये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। बृहस्पतिवार को 20 भारतीय को ले जा रहे गिनी-बिसाऊ के ध्वज वाले जहाज 'जलवीर' पर अमेरिकी नौसेना द्वारा हमला किया गया। महाजन ने यहां पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर एक अंतर-मंत्रालयी वार्ता के दौरान कहा कि 'एमटी स्टेबेलो' पर चालक दल के 28 सदस्य सवार थे, जिनमें 24 भारतीय नागरिक शामिल थे। उन्होंने कहा, ''24 भारतीय नागरिकों में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है। दुर्भाग्यवश, तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।''

### अमेरिकी हमले में मारे गए नाविक शर्मा का शव स्वदेश लाया जाए : परिवार की अपील

**शिमला :** पश्चिम एशिया में होर्मुज जलडमरूमध्य के नजदीक एक तेल टैंकर पर अमेरिका द्वारा किये गए हमले में मारे गए नाविक आदित्य शर्मा (23) के परिजनों ने बृहस्पतिवार को हिमाचल सरकार और केंद्र से शर्मा का शव स्वदेश लाने की अपील की। परिवार ने कहा कि वह शर्मा का शव हमीरपुर स्थित उनके पैतृक गांव 'गलोर' लाया जाए, ताकि उनका अंतिम संस्कार किया जा सके। आदित्य चालक दल के उन तीन सदस्यों में शामिल थे जिनकी मौत 10 जून को ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सेना की कार्रवाई में हुई थी। अमेरिकी सेना ने पलाउ के ध्वज वाले जहाज 'एमटी सेंटेबेलो' को निशाना बनाया था, क्योंकि उस पर ईरान से तेल ले जाने की कोशिश करके अमेरिकी नाकेबंदी तोड़ने का आरोप था। आदित्य डेक कैडेट प्रशिक्षु था और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

## विधवा पर आपराधिक कार्यवाही बेटे की अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति को नहीं रोक सकती: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को हरियाणा सरकार के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि किसी मृत कर्मचारी की पत्नी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही का इस्तेमाल उसके बेटे की अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के दावे को खारिज करने के लिए नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने अतुल चौहान की अपील मंज़ूर कर ली। चौहान की 'अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति' के अनुरोध को उस वक्त टाल दिया गया था, जब उनकी मां पर हरियाणा में सरकारी स्कूल शिक्षक रहे उनके पिता की हत्या की साजिश में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया था। शीर्ष अदालत ने एक आदेश में कहा, ''प्रतिवादियों के लिए, अपीलकर्ता के अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के दावे पर 2019 के नियमों के तहत तय पात्रता शर्तों और आवश्यकताओं के अनुसार, उसके गुण-दोष के आधार पर विचार करने और निर्णय लेने में कोई कानूनी अड़चन नहीं है।'' आदेश में कहा गया है कि हरियाणा का वह नियम, जिसके तहत ऐसी कार्यवाही के दौरान लाभ रोक दिये जाते हैं, सिर्फ आर्थिक मदद पर लागू होता है, नियुक्तियों पर नहीं। शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें अपीलकर्ता के मामले में हरियाणा सिविल सेवा (अनुकंपा के आधार पर वित्तीय सहायता या नियुक्ति) नियम, 2019 के नियम 23(1) को लागू करने को सही ठहराया गया था। साथ ही, उच्चतम न्यायालय ने राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तीन महीने के भीतर अपीलकर्ता के दावे पर गुण-दोष के आधार पर विचार करें।



# कृषि विकास के लिए 100 जिलों की पहचान हो : प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि क्षेत्र में तेज और संतुलित विकास के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम की तर्ज पर देश के 100 जिलों की पहचान करने का आह्वान किया। नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सभी राज्यों के विकसित हुए बिना 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की विकास यात्रा दुनिया के लिए प्रेरणा बनी हुई है। उन्होंने जिला स्तर पर विकास के आकलन पर जोर देते हुए कृषि क्षेत्र में भी आकांक्षी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत बताई। मोदी ने राज्यों से शिक्षा, कौशल विकास और क्षमता निर्माण के माध्यम से देश की युवा आबादी को विकास की शक्ति में बदलने का आह्वान किया। उन्होंने हाल के अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों का लाभ उठाने, निवेश आकर्षित करने तथा एमएसएमई और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने, 'लखपति दीदी' योजना का विस्तार करने और 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल को निर्यात से जोड़ने की भी अपील की।जल संरक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए स्पष्ट निगरानी व्यवस्था, 100-दिवसीय और पांच-वर्षीय लक्ष्य निर्धारित किए जाने चाहिए।

### किसानों की जिंदगी आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसान देश की खाद्य सुरक्षा, पोषण और समृद्धि की आधारशिला हैं तथा सरकार उनकी जिंदगी आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम-किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और पीएम-कुसुम जैसी योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने तथा खेती की लागत घटाने में मददगार साबित हो रही हैं। मोदी ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीज से बाजार तक पहल किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने में सहायक है, जबकि ड्रोन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और प्राकृतिक खेती जैसे अभियान कृषि उत्पादन बढ़ा रहे हैं।

## ईरान युद्ध से बढ़ी महंगाई के बीच यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर बढ़ाई

**फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) :** यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने बृहस्पतिवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को बढ़ाकर 2.25 प्रतिशत कर दिया। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी से बढ़ती महंगाई के बीच ऐसा कदम उठाने वाला यह दुनिया का पहला प्रमुख केंद्रीय बैंक बन गया है। ईसीबी की दर-निर्धारण परिषद ने मानक ब्याज दर को दो प्रतिशत से बढ़ाकर 2.25 प्रतिशत कर दिया। यह दर पिछले एक वर्ष से दो प्रतिशत पर स्थिर थी। यह फैसला अगले सप्ताह होने वाली फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति बैठकों से पहले आया है। तेल की कीमतों में तेजी का प्रमुख कारण ईरान द्वारा होर्मुज़ जलडमरूमध्य से कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित किया जाना है। सामान्य परिस्थितियों में दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और ईंधन उत्पाद इसी समुद्री मार्ग से आता है। ब्याज दरों में वृद्धि का उद्देश्य पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ी लागत से पैदा हुई महंगाई पर अंकुश लगाना है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 में 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान: विश्व बैंक

**वाशिंगटन :** भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 में कम होकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पिछले साल यह 7.7 प्रतिशत थी। हालांकि, इसके बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने बृहस्पतिवार को यह अनुमान लगाया। विश्व बैंक ने 'वैश्विक आर्थिक संभावनाएं' शीर्षक से जारी अपनी रिपोर्ट में कहा, ''वित्त वर्ष 2026-27 (अप्रैल, 2026 से मार्च, 2027) में भारत की वृद्धि दर धीमी होकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। ऊर्जा की ऊंची कीमत और अन्य कच्चे माल की लागत के कारण निजी मांग में कमी आने के कारण वृद्धि दर धीमी पड़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती से उपभोक्ता मांग को कुछ हद तक सहारा मिल सकता है। साथ ही, यह भी उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2027-28 में अर्थव्यवस्था फिर से 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर लेगी। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, संघर्ष से जुड़ी अनिश्चितता के बावजूद, इस साल की शुरुआत में भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी रहीं, जिसे घरेलू मांग से समर्थन मिला। निजी खपत, खासकर ग्रामीण इलाकों में मजबूत रही है और शहरी मांग में भी सुधार हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू बिक्री से कर संग्रह में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। साथ ही, ऊर्जा की ऊंची लागत और कृषि उत्पादों खासकर उर्वरकों की कमी से कीमतों पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के लिए ईंधन कर में कटौती समेत कई कदम उठाए गए हैं। विश्व बैंक ने कहा, ''अमेरिका के शुल्क में कमी और मुक्त व्यापार समझौता लागू होने की उम्मीद से संघर्ष के कारण बाहरी मांग खासकर निर्यात पर पड़ने वाले असर को कम करने में मदद मिल सकती है।''

## भारत के डेटा सेंटर क्षेत्र में 2035 तक 280 अरब डॉलर के अवसर की संभावना: पीडब्ल्यूसी

**नयी दिल्ली :** कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग और तेजी से हो रहे डिजिटल बदलाव के बल पर भारत की डेटा सेंटर मूल्य श्रृंखला के साल 2035 तक 280 अरब अमेरिकी डॉलर की संभावित ऑर्डर बुक हासिल करने की उम्मीद है। परामर्श कंपनी पीडब्ल्यूसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पीडब्ल्यूसी की भारतीय इकाई 'पीडब्ल्यूसी इंडिया' के अनुसार, डेटा सेंटर सुविधाओं के मूल ढांचे के निर्माण में वर्ष 2035 तक लगभग 71.6 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष निवेश होने का अनुमान है, जबकि इससे जुड़े व्यापक परिवेश में इससे कहीं अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। पीडब्ल्यूसी इंडिया ने कहा कि 280 अरब डॉलर के संभावित ऑर्डर अवसर का बड़ा हिस्सा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उपकरणों से जुड़े क्षेत्र में होगा। चिप, सर्वर और नेटवर्किंग प्रणालियों जैसे उपकरण कुल पूंजीगत व्यय का 65-75 प्रतिशत हिस्सा होंगे, जिनका अनुमानित मूल्य 180-210 अरब डॉलर है।

## अमेरिका-ईरान तनाव से बाजार दबाव में, सेंसेक्स 151 अंक टूटा

**मुंबई :** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बीच गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 150.63 अंक यानी 0.20 प्रतिशत टूटकर 73,832.55 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 53.35 अंक यानी 0.23 प्रतिशत गिरकर 23,161.60 अंक पर आ गया।कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 875 अंकों से अधिक का उतार-चढ़ाव देखा गया। निवेशकों की सतर्कता और वैश्विक आर्थिक चिंताओं के कारण बाजार पर दबाव बना रहा। सेंसेक्स की प्रमुख गिरावट वाले शेयरों में इन्फोसिस, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल रहे। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और सन फार्मा के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी महंगाई के अपेक्षा से अधिक रहने और ब्याज दरों में कटौती की संभावना टलने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 2,124.98 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में भी गिरावट रही। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने भी निवेशकों की चिंता बढ़ाई।

## देश के कपड़ा बाजार का आकार 2030-31 तक 33 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य: गिरिराज

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030-31 तक देश के कपड़ा बाजार का आकार बढ़ाकर 33 लाख करोड़ रुपये करना है। वर्तमान में घरेलू बाजार और निर्यात को मिलाकर इसका आकार करीब 16 लाख करोड़ रुपये है। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल के दौरान कपड़ा मंत्रालय की उपलब्धियों और पहल की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हथकरघा बुनकरों को प्रशिक्षण, कच्चा माल, डिजाइन, प्रौद्योगिकी और बाजार उपलब्ध कराकर उनकी वार्षिक आय बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने के प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा, हथकरघा क्षेत्र में हमारे पास 29 'बुनाई सेवा केंद्र' हैं... पूर्वोत्तर के गुवाहाटी से शुरू होकर यह मॉडल छह राज्यों में स्थापित किया जा चुका है। यहां हमारा उद्देश्य बुनकरों को कुशल बनाना और उनके कौशल को निखारना है। प्रशिक्षण के बाद उन्हें आवश्यक कच्चा माल, डिजाइन और तकनीक के साथ-साथ कपड़ों के लिए बाजार भी उपलब्ध कराया जाता है। इसके माध्यम से हमारा लक्ष्य हर बुनकर की आय बढ़ाकर पांच लाख रुपये सालाना करना है। उन्होंने बताया कि कपड़ा क्षेत्र में औपचारिक रूप से कार्यरत लोगों की संख्या वर्ष 2014 के 2.8 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 5.3 करोड़ हो गई है।

## रुपया 60 पैसे की गिरावट के साथ 95.85 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** रुपया पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और डॉलर की मजबूती के बीच बृहस्पतिवार को 60 पैसे की भारी गिरावट के साथ 95.85 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी मुद्रा की निरंतर निकासी, घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर कारोबारी धारणा और डॉलर में मजबूती ने भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.55 प्रति डॉलर पर खुला। डॉलर के मुकाबले 95.85 के दिन के निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में यह 95.85 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 60 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 16 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.25 पर बंद हुआ था।

## नीति आयोग की बैठक में रेवंत रेड्डी बोले, शिक्षा और स्वास्थ्य राष्ट्रीय विकास की मजबूत नींव

**नयी दिल्ली :** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य राष्ट्रीय विकास की मजबूत नींव हैं। रेड्डी ने नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक में राज्य के विकास मॉडल की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित नीति आयोग की बैठक को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा, कौशल विकास और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, रेड्डी ने कहा कि वर्ष 2024 में कराए गए सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक और जाति (एसईईईपीसी) सर्वेक्षण से पता चला है कि सामाजिक पिछड़ेपन का मुख्य कारण धन या भूमि की कमी नहीं, बल्कि शिक्षा का अभाव है। इस सर्वेक्षण में 3.55 करोड़ लोगों को शामिल किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने शिक्षा की परिवर्तनकारी क्षमता में विश्वास के कारण शिक्षा विभाग अपने पास रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई गई, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अब भी एक चुनौती बनी हुई है।

## भारतीय इंजीनियर एआई के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग पर ध्यान दें: माइक्रोसॉफ्ट अधिकारी

**नयी दिल्ली :** कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण नौकरियों पर मंडराते खतरे की आशंकाओं के बीच माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि यह प्रौद्योगिकी व्यवधान पैदा करने के बजाय कहीं अधिक नए अवसर सृजित करने की क्षमता रखती है। उन्होंने भारतीय इंजीनियरों को सलाह दी कि वे नौकरी जाने के डर को पीछे छोड़कर इसे एक सहयोगी प्रौद्योगिकी के रूप में देखें। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया डेवलपमेंट सेंटर (आईडीसी) के प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष राजीव कुमार ने बृहस्पतिवार को एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि प्रौद्योगिकी का तेजी से हो रहा विकास अब तकनीकी कौशल के जीवनकाल को छोटा कर रहा है। ऐसे में कार्यबल के लिए निरंतर सीखते रहना और खुद को परिस्थितियों के अनुकूल ढालना बेहद जरूरी हो गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025' का हवाला देते हुए कुमार ने रेखांकित किया कि साल 2030 तक भारत में लगभग 63 प्रतिशत कार्यबल को बड़े पैमाने पर कौशल बढ़ाने और नया कौशल सीखने की आवश्यकता होगी।

## सरकार ने अधिक एथनॉल मिले पेट्रोल पर भी उत्पाद शुल्क हटाया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने अब अधिक एथनॉल मिले पेट्रोल पर भी उत्पाद शुल्क हटा दिया है। वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। अधिसूचना के तहत 22 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 27 प्रतिशत और 30 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को शून्य कर दिया गया है। अभी यह छूट सिर्फ 20 प्रतिशत एथनॉल मिले पेट्रोल पर उपलब्ध थी। अधिकारियों ने बताया कि इस कदम को खुदरा बाजार में उच्च एथनॉल मिश्रण के तत्काल लागू होने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। ईंधन डिपो पर पेट्रोल में एथनॉल मिलाने को एक विनिर्माण गतिविधि माना जाता है जिस पर अन्यथा उत्पाद शुल्क लग सकता है। इसलिए यह छूट एक नियामकीय आवश्यकता है। वित्त मंत्रालय ने 20 प्रतिशत (ई20) तक एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर यह छूट पहले से ही दे रखी है। अधिकारियों ने बताया कि ई22 (22 प्रतिशत एथनॉल और 78 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण), ई25, ई27 और ई30 मिश्रणों तक कर छूट का विस्तार एक प्रारंभिक कदम है जो भविष्य में उच्च एथनॉल-युक्त ईंधन की किसी भी संभावित शुरुआत को सुगम बनाएगा। किसी भी तरह के क्रियान्वयन से पहले व्यापक परीक्षण और परामर्श के बाद ही इसे लागू किया जाएगा।




# बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली बार वनडे सीरीज जीती




**मीरपुर (बांग्लादेश) :** बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली बार एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीत ली। बारिश के कारण खेल ढाई घंटे रुका रहा जिससे डकवर्थ लुईस पद्धति के अनुसार बांग्लादेश को जीत के लिए 41 ओवर में 192 रन का लक्ष्य मिला। बांग्लादेश ने छह ओवर रहते पांच विकेट पर 195 रन बनाकर तीन मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। तीसरा और आखिरी मैच रविवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत खराब रही और उसने बिना कोई रन बनाए ही तीन विकेट गंवा दिए। फिर मार्नस लाबुशेन (नाबाद 55 रन) और जेवियर बार्टलेट (52 रन) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत टीम 42 ओवर में आठ विकेट पर 187 रन के स्कोर तक पहुंच सकी। बांग्लादेश ने इसी मैदान पर डकवर्थ लुईस पद्धति से पहला मैच 86 रन से जीता था। टीम ने उस टीम में एकमात्र बदलाव करते हुए सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार को अंतिम एकादश में जगह दी। उन्होंने और नजमुल हुसैन शांटो ने 42-42 रन बनाए जबकि तौहीद हृदय 55 गेंद पर 40 रन बनाकर नाबाद रहे। शांटो और सरकार ने 86 रन की साझेदारी करके टीम को संभाला। 27वें ओवर में बांग्लादेश पांच विकेट पर 144 रन के स्कोर पर लड़खड़ा गया था, लेकिन हृदय और कप्तान मेहदी हसन मिराज ने नाबाद 51 रन की अटूट साझेदारी करके सीरीज में ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। मैच खत्म होने से ठीक पहले नाथन एलिस की एक गेंद मेहदी के हेलमेट पर लगी जिससे वह घुटनों के बल गिर गए और उन्हें उल्टी हुई। मेहदी ने स्ट्रेचर लेने से इनकार कर दिया और खेलना जारी रखा। लेकिन शांटो ने बताया कि बाद में उन्हें निगरानी के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## पुर्तगाल ने विश्व कप अभ्यास मैच में नाइजीरिया को हराया

**लेइरिया (पुर्तगाल) :** पुर्तगाल ने फुटबॉल विश्व कप से पूर्व अपने आखिरी तैयारी मैच में बुधवार को यहां नाइजीरिया को 2-1 से हराया लेकिन स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने निराश किया। पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में रिकॉर्ड 143 गोल दागने वाले 41 साल के रोनाल्डो को दोनों हाफ में गोल करने के बेहद आसान मौके मिले और उन्हें सिर्फ गोलकीपर को छकाना था लेकिन वह ऐसा करने में नाकाम रहे। छठी बार विश्व कप में खेलने की तैयारी कर रहे और पांच बार दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो 65वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे थे। पुर्तगाल को 23वें मिनट में पेड्रो नेटो ने बढ़त दिलाई लेकिन 14 मिनट बाद एकोर एडम्स ने नाइजीरिया को बराबरी दिला दी। फ्रांसिस्को कोनसेइयो ने 75वें मिनट में पुर्तगाल को एक बार फिर बढ़त दिलाई जो निर्णायक साबित हुई।

## राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय को भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया

**नयी दिल्ली :** महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय द्रविड़ को बृहस्पतिवार को चार जुलाई से शुरू होने वाले श्रीलंका के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की जूनियर क्रिकेट समिति ने श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम की घोषणा की। इस दौरे पर तीन वनडे और दो बहु-दिवसीय मैच खेले जाएंगे। टीम की अगुआई यशबर्धन सिंह चौहान करेंगे जबकि लक्ष्य रायचंदानी को उप-कप्तान नियुक्त किया गया। द्रविड़ जूनियर को एक दिवसीय टीम में रजत बघेल के साथ दो विकेटकीपिंग विकल्पों में से एक के तौर पर चुना गया है जबकि बहु-दिवसीय मुकाबलों के लिए विकेटकीपिंग के लिए मानव कृष्णा और आर्यन संदेश सकपाल को चुना गया है।

## रिकर्व मिश्रित टीम ने पदक पक्का किया, चयन नीति पर उठे सवाल



**अंताल्या :** भारत के धीरज बोम्मादेवरा और कुमकुम मोहोद की जोड़ी ने तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में रिकर्व मिश्रित युगल के फाइनल में पहुंचकर देश के लिए पहला पदक पक्का कर लिया। भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में जर्मनी को 6-2 से हराया और अब स्वर्ण पदक मुकाबले में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। हालांकि टीम स्पर्धाओं में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम चयन नीति पर सवाल उठने लगे हैं। महिलाओं की रिकर्व टीम को क्वार्टर फाइनल में मेजबान तुर्की से 1-5 से हार मिली, जबकि पुरुष टीम अमेरिका के खिलाफ शूटऑफ में 4-5 से हारकर बाहर हो गई। एशियाई खेलों को ध्यान में रखकर अपनाई गई चयन नीति के तहत अनुभवी तीरंदाजों को टीम स्पर्धाओं से बाहर रखा गया था। कंपाउंड पुरुष, महिला और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भी भारत पदक जीतने में नाकाम रहा। इसके बावजूद धीरज और कुमकुम की सफलता ने भारतीय खेमे को राहत दी है।

## विश्व कप के पहले दिन की अपनी खराब किस्मत को बदलना चाहता है मैक्सिको

**मैक्सिको सिटी :** सहमेजबान मैक्सिको का फुटबॉल विश्व कप के पहले दिन खेलते हुए रिकॉर्ड काफी खराब है और टीम आमतौर पर विश्व कप के पहले दिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती। पिछले सात प्रयास में मैक्सिको की टीम को पांच बार हार का सामना करना पड़ा जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। बृहस्पतिवार को मैक्सिको को एक और मौका मिलेगा जब वह 48 टीम वाले टूर्नामेंट के शुरुआती दिन दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। कोच जेवियर एग्वायरे ने बुधवार को एज्टेका स्टेडियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हमें इस सिलसिले को तोड़ना होगा।'' बिना जीत वाले इस सिलसिले के बारे में उन्होंने कहा, ''मुझे इसके बारे में पता नहीं था लेकिन मैं खिलाड़ियों को इसके बारे में बताऊंगा। यह उन्हें यह बताने का एक अच्छा कारण है कि हमें मैदान पर उतरकर मैच जीतना है। उम्मीद है कि हम कल इस सिलसिले को तोड़ देंगे।''




**वर्ष 11, पूर्णांक 3620 अंक 086 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in